# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







## राष्ट्रपति मुर्मू ने संगम में 3 डुबकी लगाई

प्रयागराज। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया।

### नेशनल हाईवे 30 पैक

*संगम नगरी को जोड़ने वाले सभी जिलों में 36-36 घंटे तक हिल नहीं पा रहे वाहन*

# जाम से 'त्राहिमाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना/चित्रकूट/रीवा

श्रद्धालुओं का एक रेला प्रयागराज में है। दूसरा रेला संगमनगरी जाने वाले जिलों की सड़कों पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के अलावा प्रयागराज जाने वाले सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों पर फंसे लोगों के दिन और रात रास्ते में ही कट रहे हैं। इन लोगों को भरपेट खाना और पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। टॉयलेट भी सड़क के किनारे ही जाना पड़ रहा है।

रीवा, चित्रकूट के अलावा झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 में हजारों की संख्या में फंसे लोग भारी परेशान हैं। जाम इतना ज्यादा लगा हुआ है कि उसका असर सतना, रीवा, मैहर, चित्रकूट, कटनी और जबलपुर के अलावा अन्य शहरों तक देखने को मिल रहा है। कुछ मार्गों पर वाहन रेंग रहे हैं और कुछ ऐसे भी मार्ग हैं जहां पर श्रद्धालुओं को प्रयागराज जाने से रोक दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 12 तारीख को पूर्णमासी का शाही स्नान ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सतना, मैहर, कटनी और जबलपुर में 3 दिन से 15 से 20 किलोमीटर तक बार-बार जाम, श्रद्धालु परेशान

सड़क पर गुजर रहे दिन और रात न भर पेट खाना और न पीने को पानी, ढाबों में खाना खत्म, टॉयलेट की कोई व्यवस्था नहीं

लोग एक्स पर वीडियो डाल रहे- कह रहे : न घर के रहे न घाट के। घर 250 किमी दूर। घाट 350 किमी दूर। न घर जा सकते और न घाट



चित्रकूट प्रयागराज मार्ग पर फंसे वाहन

### बनाए गए रैन बसेरे कहीं-कहीं बांटी जा रही खिचड़ी और पूड़ी सब्जी

इसी सड़क मार्ग पर नगर परिषद द्वारा चाकघाट से लेकर त्योंथर तक तक रैन बसेरा बनाए गए हैं। जहां पर जाम में फंसे नागरिकों को कहीं-कहीं खिचड़ी बनती जा रही है तो कहीं पर सब्जी-पूड़ी दी जा रही है। पर ये ▶▶ शेष पेज 4 पर

### झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर भी वाहनों की कतार

झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगीं हुई हैं। इस मार्ग पर मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली आदि जगहों के श्रद्धालु फंसे हुए हैं। प्रयागराज जाने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने जाम पर लिया संज्ञान

## अचानक बुलाई बैठक, कहा-महाकुंभ के रास्ते मध्यप्रदेश में न लगे जाम



भोपाल। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव भी अलर्ट मोड पर हैं। सोमवार दोपहर में अचानक यूपी के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की बैठक सीएम ने बुलाई और पूरी स्थिति की समीक्षा की है। इसके बाद माना जा रहा है कि श्रद्धालुओं के लिए एमपी सरकार कुछ और खास इंतजाम करने जा रही है। सीएम ने सोमवार को अपील की और कहा कि रीवा के रास्ते प्रयागराज महाकुंभ जा रहे देश भर के श्रद्धालुओं की मदद करने के उद्देश्य से मप्र भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों भोजन, पानी, ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

### गैंग रेप में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी फांसी



इंदौर। मंदसौर गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपी इरफान उर्फ भैयू और आसिफ की फांसी की सजा को निरस्त कर दिया है। अब केस फिर से ट्रायल कोर्ट में भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को एक लैंडमार्क आदेश माना जा रहा है। इस केस में आरोपियों की डीएनए रिपोर्ट मौजूद थी, लेकिन कोर्ट ने माना कि यही पर्याप्त नहीं है। डीएनए रिपोर्ट को तब तक मजबूत आधार नहीं माना जा सकता जब तक इसकी जांच करने वाले साइंटिफिक एक्सपर्ट्स के कोर्ट में बयान नहीं होते। निष्पक्ष न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि साइंटिफिक एक्सपर्ट्स को गवाही के लिए कोर्ट में उपस्थित होना होगा। उन्हें डीएनए रिपोर्ट से संबंधित सभी दस्तावेज़ों की जांच प्रक्रिया स्पष्ट करनी होगी और इसे साबित करना होगा। अभियोजन पक्ष को यह भी निर्देश दिया गया है कि डीएनए संबंधित सभी दस्तावेज़ बचाव पक्ष को उपलब्ध कराए जाएं ताकि बचाव पक्ष इन्हें चुनौती दे सके।

### एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए की सौगात

# इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 होगा, अगले साल 2700 रुपए देंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरांवा से एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनाओं के खाते में 1553 करोड़ 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ और 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। इस दौरान उन्होंने 144.84 करोड़ रुपए लागत के 53 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना की ▶▶ शेष पेज 4 पर

लाड़ली बहना की राशि को भी धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह तक किया जाएगा

- अंगदान, देहदान करने वालों को दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर
- 76 लाख बहनों को गैस की टंकी के लिए 450 रुपए भी प्रदान किए गए

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र सरकार का उद्देश्य हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देना है*



### किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली

डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली उपलब्ध करा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने 20 वर्ष पहले जो नदी जोड़ो का सपना देखा था, आज वह पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हमें केन बेतवा लिंक योजना के लिए एक लाख करोड़ रुपए दिए हैं। इस योजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। 70 हजार करोड़ रुपए की पार्वती काली सिंध चंबल योजना पर भी कार्य शुरू हुआ है। प्रदेश के एक एक गांव, एक एक खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा।

### जल कलश यात्रा का समापन किया

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्वती, कालीसिंध एवं चंबल नदी के पानी को घड़े में मिलाकर जल कलश यात्रा का समापन किया। 2 जनवरी से नगर भंवरासा से कलश यात्रा के माध्यम से जलाभिषेक अभियान की शुरूआत हुई थी, जिसका सोमवार को समापन हुआ। जल कशल यात्रा के दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हमारी नीति है, हर व्यक्ति की बेहतरी हो, किसी को नुकसान न हो


मुख्यमंत्री ने कहा कि रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना से पिछले 2 जनवरी को जलाभिषेक यात्रा शुरू हुई थी, जो यहां संपन्न हुई। पहले इस योजना से 52 गांव डूब में आ रहे थे और अब 66 गांवों को पानी मिलेगा। यह हमारी नीति है, हर व्यक्ति की बेहतरी हो, किसी को नुकसान न हो।

### अंग दान करने वालों का 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को होगा सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गरीबों को भी गंभीर बीमारी की हालत में निःशुल्क एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की जा रही है। हमने निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति अंगदान या देहदान करेगा उसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। आंख आदि छोटे अंग दान करने वालों का 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा।

### मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## मप्र शिक्षक चयन परीक्षा 2024 में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को भी आयु सीमा में मिलेगी 'छूट'



- अन्य आरक्षित वर्गों की तरह 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट मिलेगी
- 45 वर्ष तक के ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2024 के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को भी अन्य आरक्षित वर्गों की तरह 5 वर्ष की आयु सीमा छूट मिलेगी।

इस फैसले के बाद 45 वर्ष तक के ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी भी शिक्षक चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जिससे हजारों उम्मीदवारों को लाभ मिलेगा। शिक्षक चयन परीक्षा की रूल बुक की कंडिका 7.1 और 7.2 में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन

याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि ईडब्ल्यूएस को आयु सीमा में छूट न देना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 16 (सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता) का उल्लंघन है। अनुच्छेद 14: यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और बिना भेदभाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कंडक्टर ने दरवाजे बंद कर की छेड़छाड़

## दहशत में आई दोनों बहनें चलती बस से 'कूद' पड़ीं




पन्ना जिले की बस, दमोह के झापन गांव जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बस में सफर कर रहीं दो बहनें अश्लील कमेंट से परेशान हो गईं। डरी सहमी बहनें इतनी ज्यादा भयभीत हुईं कि उन्होंने चलती बस से छलांग लगा दी। दोनों के सिर में चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। घटना तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह की है।

थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, एक अब भी फरार है। एएसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि इस मामले में चार लोगों पर छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

ड्राइवर मोहम्मद आशिक शाह पिता अकबर शाह (28) निवासी हिंडोरिया, कंडक्टर बंसी लाल पिता राम चरण सेन (63) निवासी कुंडलपुर, हुकुम पिता जगत सिंह (71) निवासी सदगुवां और माधव पिता सुदामा असाटी (53) निवासी राजा पटना को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दरअसल, अखरोटा-टोरी मार्ग पर बने स्कूल में पढ़ने वाली 9वीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रणवीर, समय रैना व अपूर्वा मखीजा के खिलाफ एफआईआर, यूट्यूब से हटेगा वीडियो

माफी भी मांगी तो अकड़ के साथ रणवीर बोले- कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता

# मां-पिता पर अश्लील टिप्पणी करने वाले रणवीर व समय रैना के खिलाफ देश में गुस्सा, सारी उम्र जेल में 'सड़ा' देने की मांग

*कई सेलीब्रिटी ने भी कहा-इन तीनों को ऐसी सजा मिले कि याद रखें, यूट्यूब इनके शो बंद करे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने यूट्यूब वीडियो से करोड़ों कमाने वाले रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना व अपूर्वा मखीजा ने मां-पिता के पवित्र रिश्तों को ऐसा तार-तार किया कि सारे देश में गुस्सा भड़क उठा।

एक्स पर लोगों ने यहां तक लिख दिया कि इनको इनके शो में घुसकर जिंदा जला देना चाहिए या फिर इनको ताउम्र जेल में सड़ा देना चाहिए। यूट्यूब ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सीएम फडणवीस ने कहा- कार्रवाई नजीर बननी चाहिए

अक्षित सिंह नाम के एक व्यक्ति ने यूट्यूबर, जिसे बीयरबाइसेप्स के नाम से भी जाना जाता है, और शो के होस्ट समय रैना के खिलाफ अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य ने यूट्यूब को लिखी चिट्ठी

एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब की पब्लिक पॉलिसी हेड मीरा चैट को पत्र लिखा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यूट्यूब से संबंधित एपिसोड/वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। ऐसी सामग्री को हटाने से पहले आपको संबंधित पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### असम में इलाहाबादिया रैना समेत 5 पर केस दर्ज

दिसपुर। रणवीर इलाहाबादिया मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। असम पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। रणवीर इलाहबादिया के साथ आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, समय रैना और अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। अश्लीलता को बढ़ावा देने और अश्लील चर्चा में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है।

इस योग में स्नान, दान आदि धार्मिक कार्य करने से विशेष फल प्राप्त होता है

# अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में कल मनाई जाएगी माघी पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा का विशिष्ट महत्व है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार बुधवार को अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में मनाई जाएगी। जोकि शुभता का प्रतीक है। इस योग में स्नान, दान आदि धार्मिक कार्य करने से विशेष फल प्राप्त होता है। माघी पूर्णिमा को डांडा रोपिणी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन देवतागण पृथ्वी पर आते हैं। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है।

**खास बातें**

- माघी पूर्णिमा को डांडा रोपिणी पूर्णिमा भी कहा जाता है
- इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित करने का विधान है
- इस दिन देवतागण पृथ्वी पर आते हैं

## बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे घाट

माघ पूर्णिमा पर होली का डांडा गाड़ने की भी परंपरा है, जो होली उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। विभिन्न क्षेत्रों में शुभ, लाभ और अमृत के चौघड़िया में होली के डांडे और गड्ढे का पूजन किया जाता है, तो वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोक्षदायिनी गंगा, नर्मदा नदी के तट पर पहुंचकर स्नान करेंगे। पर्व-त्योहारों पर स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस वर्ष की माघी पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन पवित्र नदियों में स्नान के लिए पहुंचेंगे। इस दिन संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती भी मनाई जाएगी।

### सत्यनारायण की कथा कराने से मिलता है पुण्य लाभ

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 27 योगों में शोभन योग विशिष्ट श्रेणी में आता है। इस योग के स्वामी बृहस्पति हैं। देवगुरु के स्वामित्व वाली यह पूर्णिमा तिथि भगवान विष्णु से संबद्ध है। इस दिन घर-परिवार में सुख शांति व समृद्धि के लिए भगवान सत्यनारायण की कथा कराने का महत्व है। भगवान विष्णु के मंदिर में चंदन व फल अर्पित करने से भी कृपा प्राप्त होती है। पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी, भगवान शिव, चंद्रमा और भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है।

## बाबा बटेश्वर एवं मां गौरा को सोम प्रदोष पर चढ़ाई निमंत्रण पत्रिका



श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर एवं मां पार्वती को आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की निमंत्रण पत्रिका चढ़ाई गई। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया आगामी 26 फरवरी को बाबा बटेश्वर एवं मां पार्वती के मिलन पर्वोत्सव के 21 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम 19 फरवरी को गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होंगे। सोम प्रदोष के अवसर पर सायंकाल नमक-चमक के साथ बाबा बटेश्वर का रुद्राभिषेक कर समस्त देवताओं का आलौकिक श्रृंगार कर निमंत्रण पत्रिका से न्यौता गया। साथ ही सोमवारा स्थित मां भवानी मंदिर में भी दुल्हन महारानी मां पार्वती को निमंत्रण पत्रिका अर्पित की गई। इसके बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। इस अवसर पर प्रकाश मालवीय, आकाश अग्रवाल, अन्नू सोनी, अभिषेक लाला, मोनू राठौर, केशव फुलवानी सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## विश्वकर्मा प्राकट्योत्सव पर निकाली ध्वज यात्रा



माघ सुदी त्रयोदशी पर सोमवार को भगवान विश्वकर्मा प्राकट्योत्सव मनाया गया। शहर के विश्वकर्मा मंदिरों में पूजा, हवन सहित धार्मिक अनुष्ठान हुए और महाआरती की गई। शहर में दस से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अयोध्यानगर भेल विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती प्रकट दिवस पर पूजन पाठ आरती की गई। इसके बाद भक्तों को प्रसादी वितरण की गई। इस मौके पर सुरेश विश्वकर्मा, केसर विश्वकर्मा, ओम विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, राम विश्वकर्मा, भगवत विश्वकर्मा सहित अन्य सामाजिक बन्धु मौजूद थे। विश्वकर्मा मंदिर हनुमान मंदिर परिसर छोला में सुबह जलाभिषेक किया गया और कथा का वाचन किया गया।

**खबर संक्षेप**



### सेवा मंडल ने मां गंगा को अर्पित की चुनरी

**भोपाल।** महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के 51 सदस्यों ने मां गंगा को चुनरी अर्पित कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 144 वर्षों बाद नक्षत्रों के विशेष संयोग से प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा सनातन धर्म का मेला इस महाकुंभ में 51 मंडल सदस्यों द्वारा पवित्र गंगा में स्नान कर मां गंगा को चुन्नी अर्पित कर प्रदेश की खुशहाली के लिए मंगल कामना की गई।

### डॉ. अरुण कतिया विभूति सम्मान से सम्मानित




**भोपाल।** विश्व की सबसे बड़ी हस्तलिखित श्रीरामचरित मानस के लेखक विश्व रिकॉर्डधारी डॉ.अरुण खोबरे (कवि अरुण अज्ञानी) को कतिया समाज कल्याण संस्था छिंदवाड़ा द्वारा कतिया विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया। रघुवंशम लॉन में कतिया समाज कल्याण संस्था छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम में उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच पर डॉ. खोबरे की मां मिथिला एवं पत्नी संध्या भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने इस सम्मान को अपनी मां और पत्नी को समर्पित किया।

### दस्तक अभियान का दूसरा चरण 18 से

**भोपाल।** बाल स्वास्थ्य और पोषण के लिए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण का आयोजन 18 फरवरी से प्रारंभ होगा। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला पंचायत कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए नियमित समीक्षा, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग के सुदृढ़ीकरण किए जाने पर चर्चा की गई। एनीमिया फॉलोअप जांच एवं विटामिन ए अनुपूरण के लिए दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान 9 माह से 5 साल के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के तहत एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा घर-घर जाकर दस्तक दी जाएगी।

प्रदेशभर के सरकारी और निजी स्कूलों में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

# विद्यार्थी नई तकनीकों का ज्ञान बढ़ाने सही रूप में इस्तेमाल करें, पालक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें: मंत्री सिंह

भोपाल में स्कूल शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों, विद्यार्थियों के साथ देखा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर विद्यार्थियों से 'परीक्षा पे चर्चा' की। नई दिल्ली में आयोजित इस खास संवाद कार्यक्रम का प्रदेशभर के सरकारी और निजी स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया। मध्यप्रदेश के 18 लाख 27 हजार विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक ने रजिस्ट्रेशन कराया था। राजधानी भोपाल में शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और स्कूल शिक्षा विभाग में अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को कैरियर चयन के लिए विषय-विशेषज्ञों की कॉउंसलिंग की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि पालकों को बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने से बचना चाहिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को जानकारी देने के लिए नई-नई तकनीक उपलब्ध हैं। विद्यार्थी इन तकनीकों का अपने ज्ञान बढ़ाने में सही रूप में इस्तेमाल करें। बता दें कि प्रदेशभर में इस कार्यक्रम को अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। स्कूलों में टीवी के अलावा कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल डिवाइस पर भी इसे देखा गया।



सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय शिवाजी नगर में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में बच्चों को सबोधित करते हुए मंत्री उदय प्रताप सिंह।

### प्रधानमंत्री का उद्बोधन प्रेरणा देता है

सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने स्वागत भाषण में "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का उद्बोधन विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को प्रेरणा देता है।



सीएम राइज स्कूल, बरखेड़ी में कार्यक्रम देखते हुए बच्चे।

### बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें, ताकि बच्चे तनाव मुक्त रहें: खाद्य मंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 सागर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा देखी। राजपूत ने बच्चों से कहा कि टाइम को मैनेज करना सीखें तथा टारगेट बड़ा रखें तो परीक्षा छोटी लगने लगेगी। मंत्री राजपूत ने बच्चों से कहा कि परीक्षा हमारी मित्र है, जो हमारे लिए आत्म-विश्वास तथा आगे बढ़ने का काम करती है। आज के बच्चे बहुत इंटेलिजेंट हैं। बस जरूरत है उनके आत्म-विश्वास को बढ़ाने की तथा उनके अंदर के हुनर को पहचानने की। राजपूत ने कहा कि यह परीक्षा केवल बच्चों की नहीं बल्कि अभिभावकों की भी होती है इसलिए अपने बच्चों से मित्रवत व्यवहार करते हुए उन्हें सुरक्षात्मक तनाव मुक्त माहौल प्रदान करें।



शा. नवीन उमा विद्यालय, बागसेवनिया में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते हुए स्कूली बच्चे।

## विद्यार्थियों ने कहा: परीक्षा के साथ ही भविष्य के लिए उपयोगी है प्रधानमंत्री का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम

विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पढ़ाई के साथ कौशल उन्नयन पर भी जोर दिया है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह में बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने टाइम मैनेजमेंट सीखने, तनाव मुक्त रहने सहित कई जरूरी टिप्स दिए, जो परीक्षा के साथ ही भविष्य के लिए उपयोगी साबित होंगे।

### हमारे भविष्य के लिए भी उपयोगी



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में हमें प्रधानमंत्री द्वारा टाइम मैनेजमेंट, तनाव मुक्त रहने सहित कई जरूरी टिप्स मिले। यह कार्यक्रम परीक्षा के साथ ही हमारे भविष्य के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

**देवांशु दुबे**, विद्यार्थी

### एक नई ऊर्जा मिलती है



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत ही अच्छी पहल है। इससे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और हमें एक नई ऊर्जा मिलती है। बहुत अच्छा लगा।

**शैलेष तिवारी**, विद्यार्थी

### ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए



हमें हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है। उनके परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होता है। ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

**शहाना बी**, विद्यार्थी

### प्रेरणा मिलती है



आज हमने प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा था। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के सकारात्मक होने के साथ ही प्रेरणा मिलती है।

**महक तिवारी**, विद्यार्थी

### हमारा उत्साह बढ़ता है



आज हमने हमारे शिक्षकों और साथियों के साथ प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम बहुत ही अच्छा था और मार्गदर्शन करने वाला था। ऐसे कार्यक्रम से हमारा उत्साह बढ़ता है।

**सुधांशु शर्मा**, विद्यार्थी

### जरूरी यह है कि आप कितना सीख रहे



हमने आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा। विद्यार्थियों के लिए यह एक बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है। हमने इस कार्यक्रम से सीखा कि सिर्फ अच्छे नंबर लाना जरूरी नहीं है, बल्कि ज्यादा जरूरी यह है कि आप कितना सीख रहे हैं।

**छाया नरवरे**, विद्यार्थी




## नरेला विस के हर घर में होगा महाकुंभ के गंगा जल का वितरण: मंत्री सारंग

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ से गंगा जल लेकर आए टैंकर का रहवासियों के साथ स्वागत किया। उन्होंने विधि-विधान के साथ पवित्र गंगा जल से भरे टैंकर की आरती कर अभिनंदन किया। नरेला विधानसभा के रहवासियों के लिए हर हर गंगे-हर घर गंगे के तहत प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र गंगा जल हर घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा।

इस गंगा जल को विशेष रूप से प्रयागराज से लाया गया है और इसे बोतलों में पैक कर वितरित किया जाएगा। मंत्री सारंग ने बताया कि महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज से गंगाजल मंगवाया गया है। महाकुंभ प्रयागराज का यह पवित्र गंगा जल विशेष रूप से नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जल को बोतलों में पैक कर निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इससे प्रत्येक नागरिक अपने घर पर ही स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें एवं धार्मिक कार्यों में भी इसका उपयोग कर सकें।

दो दिन के अवकाश के बाद खुला आरटीओ

## सर्वर डाउन व ओटीपी नहीं पहुंचने से नहीं बन सके लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ऑनलाइन लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस लोगों को स्वयं बनाने और कियोस्क से बनवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। दरअसल एनआइसी के सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी के चलते 6 व 7 को लाइसेंस नहीं बन सके थे। तो वहीं दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को भी सर्वर डाउन व ओटीपी नहीं पहुंचने से लर्निंग लाइसेंस नहीं बन सके। इसके चलते बड़ी संख्या में आवेदक वापिस लौट गए। उल्लेखनीय है कि एनआइसी के सॉफ्टवेयर में पिछले कई माह से लगातार दिक्कत हो रही है। कभी सॉफ्टवेयर डाउन हो रहे, तो कभी आवेदकों तक ओटीपी नहीं पहुंच रहे है। साथ ही आवेदन के दौरान एंटर वैलिड सब डिस्ट्रिक इन प्रेजेंट एड्रेस लिखा आ रहा है। इसके चलते आवेदकों के लर्निंग लाइसेंस नहीं बन पा रहे है।

## भोपाल एम्स के ईडी डॉ. अजय सिंह ने केजीएमयू लखनऊ में दिया व्याख्यान

**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में बच्चों में सुप्राकॉन्डिलर ह्यूमरस फ्रैक्चर के प्रबंधन में विवाद और सहमति पर व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान केजीएमयू के पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स विभाग की स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा था। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सिंह के बाल ऑथोपेडिक्स सर्जरी में व्यापक अनुभव और अग्रणी योगदान को रेखांकित किया गया। उनके व्याख्यान में बच्चों में फ्रैक्चर प्रबंधन के बदलते परिदृश्यों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सुप्राकोंडिलर ह्यूमरस फ्रैक्चर के उपचार से जुड़ी चुनौतियों और प्रगति पर चर्चा की गई। ये फ्रैक्चर बच्चों में सबसे आम चोटों में से एक हैं, जो अक्सर सर्जिकल और गैर-सर्जिकल उपचार के निर्णयों को जटिल बनाते हैं।

## सरकारी जमीन पर 20 साल से जमीं 42 गुमठियां निगम ने हटाया

**भोपाल।** टीटी नगर स्थित सीएम राइज स्कूल की बाउंड्रीवाल से सटी सरकारी जमीन पर पिछले 20 सालों से जिन 42 अवैध गुमठियों को हटाया गया है। सोमवार को गुमठियों को नगर निगम के अमले ने साढ़े छह घंटे में 80 कर्मचारी और मशीन की मदद से हटा दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुबह 11 बजे शुरू हुई जो शाम साढ़े पांच बजे तक चली। इस दौरान विवाद की स्थिति भी बनी। जिसे शांत करा दिया गया। अतिक्रमण प्रभारी शैलेंद्र भदौरिया ने बताया कि उक्त क्षेत्र के कब्जाधारियों को पिछले तीन दिन से लगातार गुमठी हटाने की समझाइश दी जा रही थी। सोमवार को अधिकांश दुकानदारों ने खुद से गुमठियां हटा ली थीं। कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति बनी, लेकिन कोई बड़ा विवाद नहीं हुआ।

## एक्सटेंड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविरों में किया हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिह्नित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की 66 स्वास्थ्य संस्थाओं में एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों में 945 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 235 हाईरिस्क प्रेग्नेंसी चिन्हित की गई हैं। शिविरों में 151 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी करवाई गई। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लीनिक के साथ-साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, प्रोतिमा मालिक पुलिस अस्पताल में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में गर्भवती महिलाओं की जांच कर हाईरिस्क गर्भवतियों को चिह्नांकित किया गया। चिह्नित महिलाओं की विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं अतिरिक्त फॉलोअप किया जाएगा। अभियान के तहत भोपाल में सर्वाधिक 66 संस्थाओं में शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में 27 निजी सोनोग्राफी केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क सोनोग्राफी भी की जा रही है। शिविर में जांच हेतु महिलाओं को लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा 108 एंबुलेंस द्वारा निःशुल्क दी जा रही है।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में अंतरविषयक विज्ञानों में अद्यतन प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन

## औद्योगिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने की क्षमता विकसित करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।




राजधानी स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में तीन दिवसीय अंतरविषयक विज्ञानों में अद्यतन प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस नेशनल कांफ्रेंस में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय व शोध संस्थानों से अकादमिक विद्वानों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में कुल 70 शोध पत्र एवं पोस्टर शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत किए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय शोध संस्थाओं को अपने गुणवत्तापूर्ण शोध से औद्योगिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने की क्षमता विकसित करनी होगी। इससे देश के प्रतिभा पलायन पर रोक लग सकेगी। चीन में अनुसंधान व विकास के सुधारों की चर्चा करते हुए उन्होंने भारतीय शोध संस्थानों में मौलिक शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के जेसी बोस फेलो प्रोफेसर शिवा उमापति, आइसर भोपाल के निदेशक प्रो.गोवर्धन दास एवं नार्थ उड़ीसा विवि के पूर्व कुलपति प्रो. पीके चांद ने विचार रखे।

### प्राचीन भारत की उपलब्धियां बताईं

डिब्रूगढ़ विवि में तकनीकी विज्ञान विभाग के निदेशक प्रोफेसर मुकुल सी.बोरा ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान से उपस्थित शोधकर्ताओं को आयुर्वेद, शासन कला, धातु विज्ञान एवं अर्थव्यवस्था पर प्राचीन भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत संस्थान के प्राचार्य प्रो. जयदीप मंडल ने किया। इस अवसर पर डॉ.संतोष कुमार, डॉ.मनोज मंडल, डॉ.मुकेश कुमार, डॉ. अल्का सिंह सहित संस्थान के प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में बाल विवाह के कारण दुष्प्रभाव और विधिक परिणाम पर व्याख्यानमाला



राजधानी स्थित शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को बाल विवाह के कारण, दुष्प्रभाव एवं विधिक परिणाम पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला उत्पीड़न निवारण एवं विकास समिति द्वारा किया गया। संचालन डॉ ममता पांडे ने किया। बाल विवाह प्रतिषेध से संबंधित जागरुकता लाने के लिए कुमारी अर्चना धुर्वे बीएससी द्वितीय वर्ष और कुमारी नैंसी बीए द्वितीय वर्ष को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वीपीएस गौर प्राध्यापक राजनीति शास्त्र द्वारा बाल विवाह अधिनियम, बाल भरण पोषण कानून, बाल पुर्नविवाह, बाल संरक्षण समिति, बाल विवाह दंड कानून आदि से विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। बताया गया कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति है अपराध है परंतु आज भी बाल विवाह का होना अत्यंत चिंतनीय विषय है। प्राध्यापक डॉ हरनीत चीमा, समाजशास्त्र द्वारा बाल विवाह के कारण एवं दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया गया।

भोपाल
मंगलवार, 11 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष –14
वर्ष : 11, अंक : 318
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 14

## बाबा महाकाल को अर्पित किया चांदी का मुकुट
### मंदिर समिति ने दानदाता को किया सम्मानित



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को एक भक्त ने भगवान महाकाल को 2 किलो 794 ग्राम वजन का चांदी का मुकुट अर्पित किया। मंदिर समिति ने दानदाता को बाबा महाकाल का प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर में कोल्हापुर निवासी गौरी कैलाश ने पुजारी दिनेश की प्रेरणा से भगवान महाकाल को 2 किलो 794 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट अर्पित किया। इस मुकुट की कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है।

भोपाल को अब तक एक हेरिटेज और झीलों के शहर के रूप में जाना जाता था लेकिन यह समिट इसे एक नए इन्वेस्टमेंट हब और ग्लोबल बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में उभारेगी

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट पर क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने 'हरिभूमि' से कहा

# यह समिट मप्र के भविष्य की आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे की रीढ़ बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में 24 और 25 फरवरी 2025 को पहली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह समिट न केवल निवेशकों को भोपाल और मध्य प्रदेश में नए अवसरों की ओर आकर्षित करेगी, बल्कि इससे शहर की आर्थिक, औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ को भी नई दिशा मिलेगी। यह बात रियल एस्टेट के क्षेत्र में जुटे डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कही। मीक के अनुसार राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में से भोपाल को एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलेगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



## 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे

मीक ने कहा कि जब देश-विदेश के 2000 से अधिक निवेशक और उद्योगपति भोपाल आएंगे, तो यह न केवल प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देगा बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप और स्थानीय व्यापार के लिए भी नए अवसर खोलेगा। अनुमान है कि इससे 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो सकते हैं। इसके अलावा भोपाल में हाई-राइज कॉरिडोर, कमर्शियल हब, किफायती हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और स्मार्ट ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के विकास को गति मिलेगी। इससे शहर की भूमि और संपत्ति की कीमतों में भी वृद्धि होगी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूती मिलेगी। भोपाल को अब तक एक हेरिटेज ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आधुनिक इंडस्ट्रियल जोन विकसित हो

मीक ने राजधानी के बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भोपाल में हवाई, रेल और सड़क कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स पार्क, और आधुनिक इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने की जरूरत है। इसके अलावा सरकार को इस समिट के जरिए आने वाले निवेश को तेज मंजूरी, टैक्स इंसेंटिव और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देकर निवेश को सुगम बनाना होगा। यह जरूरी है कि इस समिट के जरिए बड़े निवेश केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक सीमित न रहें, बल्कि स्थानीय व्यवसायों और स्टार्टअप्स को भी पर्याप्त अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि यह इन्वेस्टर समिट भोपाल के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे इसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

*इंपैक्ट फीचर*

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### आपको यमुना मैया का श्राप लगा है: एलजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को मिली हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को एलजी वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बातचीत में एलजी ने कहा कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने आतिशी से यह भी कहा कि मैंने आपके बॉस केजरीवाल को यमुना के श्राप के बारे में चेतावनी दी थी।

### तिरुपति लड्डु में मिलावट 4 न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली।** तिरुपति की एक अदालत ने सोमवार को उन चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिन्हें श्री वेंकटेश्वरा स्वामी मंदिर में चढ़ाए गए प्रसाद लड्डु में मिलावट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों में विपिन जैन और पविल जैन भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक हैं। अपूर्वा चौड़ा, जो वैश्वानी डेयरी से हैं।

### अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सोमवार सुबह उतरे एक अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिला है, जिसके बाद अधिकारियों ने विमान की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

*इस बार 3.30 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, 20.71 लाख से अधिक शिक्षक और 5.51 लाख से ज्यादा अभिभावकों ने भी अपना पंजीकरण कराया*

*'परीक्षा पे चर्चा' में पीएम मोदी की स्कूली बच्चों को सीख, तनाव से दो-दो हाथ करने का मंत्र दिया*

# लीडर को टीम वर्क सीखना जरूरी ये सिद्धांत बनाएं जहां कम वहां हम

प्रधानमंत्री मोदी से सीधी बातचीत करने के लिए सभी राज्यों से 36 छात्रों का चयन किया गया

इस बार पीएम मोदी के साथ पहली बार सद्गुरु, मैरी कॉम, दीपिका पादुकोण, अवनि लेखरा, रुजुता दिवेकर, सोनाली सभरवाल, फूडफॉर्मर, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर, टेक्निकल गुरुजी और राधिका गुप्ता जैसी हस्तियां भी शामिल हुईं।

**आपको खुद से प्रतिस्पर्धा करना चाहिए ऐसा करके आप खुद को आगे बढ़ा सकेंगे**

**यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम की सुंदर नर्सरी में हुआ**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान स्कूली बच्चों को नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। गंभीर मुद्दों को बड़ी सरलता और सहजता से समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लीडर के लिए टीम वर्क सीखना बहुत जरूरी है। ये सिद्धांत बनाएं जहां कम वहां हम। आपके व्यवहार से लोग आपको लीडर के तौर पर स्वीकार करेंगे।

पीएम मोदी छात्रों से बातचीत में कहा कि मॉनिटर कहे कि आप समय पर आइए, फिर मैं आऊंगा, तो? उसे खुद वक्त पर आना होगा, उसे होमवर्क करना होगा। उसे सभी की ▶▶ शेष पेज 4 पर

*पीएम मोदी ने अभिभावकों को भी कुछ टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे की दिलचस्पी किसमें है?*



पीएम मोदी बच्चों से चर्चा करते हुए

### पीएम मोदी ने छात्रों से पूछा- क्या खाना चाहिए

मोदी ने बच्चों को खाने-पीने के बारे में अहम टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने भोजन को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए, कम से कम 32 बार। उन्होंने यह भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छात्रों के साथ पीएम मोदी ने लगाया पेड़

पीएम मोदी में परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए छात्रों के साथ सुंदर नर्सरी में पेड़ भी लगाया। पीएम मोदी ने कहा जैसे ये पेड़ लगाया है, पानी पिलाने का उपाय क्या है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़ के बगल में एक मिट्टी का मटका लगा देना चाहिए और उसमें एक महीने में पानी डालना चाहिए। इससे पेड़ की ग्रोथ कम पानी से भी होगी।

### आपको अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को चुनौतियों से लड़ने का मंत्र भी दिया। बोले कि आपके अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा। मान लीजिए, अगर पिछली बार आपके 30 अंक आए थे, तो आपको इस बार कोशिश करनी चाहिए कि आप इस बार 35 अंक लेकर आए। ऐसा करके आपको अपने लक्ष्य की सीमा को बढ़ाना चाहिए। यह आपके लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए

खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए। उन्हें हासिल कर लेने के बाद खुद को रिवॉर्ड दें। स्कूल में या जीवन में सफलता और असफलता के बीच अंतर को समझना जरूरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी पेरिस पहुंचे



# पेरिस में मोदी- मोदी के लगे नारे, भव्य स्वागत

राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एलिस पैलेस में डिनर किया

मोदी और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और अमेरिका की यात्रा सोमवार से शुरू हो गई है। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के साथ रक्षा सहयोग और व्यापार साझेदारी को बढ़ाना है।

पीएम मोदी पहले फ्रांस में 10 से 12 फरवरी तक रहेंगे और उसके बाद अमेरिका जाएंगे, जहां वह 12 से 14 फरवरी तक रुकेंगे। सबसे पहले पीएम पेरिस पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया और मोदी-मोदी के नारे लगे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एलिस पैलेस में डिनर किया। इस मौके पर कई बड़ी तकनीकी कंपनियों के सीईओ मौजूद रहे। मंगलवार को, पीएम और राष्ट्रपति मैक्रों एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

12 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाएंगे, जहां वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरे के दौरान, पीएम मोदी अमेरिकी बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब अमेरिका ने हाल ही में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया है। यह मोदी और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी। इनकी पहली मुलाकात 26 जून 2017 को वॉशिंगटन में हुई थी, जबकि सातवीं मुलाकात 24-25 फरवरी 2020 को अहमदाबाद में हुई थी।

## डबरा में तेज रफ्तार का कहर

# कार ने दादी-पोते को कुचला दोनों की मौत, बच्ची गंभीर



टक्कर से महिला सड़क पर दूर जा गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबरा

ग्वालियर जिले के डबरा में सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार ने दादी समेत पोते-पोती को कुचल दिया। दादी और 5 साल के पोते की मौके पर मौत हो गई, जबकि 8 साल की पोती को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा एनएच-44 पर मॉडल स्कूल के सामने सिंध पुल के पास हुआ।

महिला सुबह करीब 7 बजे अपने पोते-पोती को ट्यूशन से लेने गई थी। सड़क पार करते समय कार ने टक्कर मार दी। 5 साल के बच्चे ने तो अस्पताल का पता पूछने के दौरान दम तोड़ा। जानकारी के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बेंगलुरु में एशिया का सबसे बड़ा एयर शो




### हवा में 360 डिग्री घूमा तेजस, सुखोई ने दिखाए करतब, सूर्य किरण से निकले 3 रंग

**बेंगलुरु।** एशिया के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है, जो 14 फरवरी तक चलेगा। शो में तेजस मार्क 1 ए विमान ने हवा में 360 डिग्री पर चक्कर लगाया। सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायु सेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे। शो के पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे। इसमें पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट भी शामिल किए गए हैं। अमेरिकी एयरफोर्स ने अपने पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट एफ-35 को और रूस ने अपने सुखोई-एसयू-57 को बेंगलुरु के एयर शो में प्रदर्शन के लिए भेजा है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## फरवरी के तीसरे सप्ताह की शुरुआत होगी गर्म

# अब चार दिन की सर्दी फिर बढ़ने लगेगी गर्मी



दिन में तेज धूप रही, छोटे तालाब का दृश्य

≫ भोपाल में 10 साल में हमेशा 15 फरवरी के बाद तेज सर्दी लेती रही विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अब तेज सर्दी चार दिन की ही बची है। इसके बाद गुलाबी सर्दी का दौर मार्च तक चलेगा। बीते दो दिन से तापमान में लगातार हो रही बढ़त अभी जारी रहेगी। इससे 15 फरवरी के बाद से गर्मी का अहसास होने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हद है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा/भोपाल

सेंट्रल रेलवे के खंडवा स्टेशन से रवाना हुई डबल डेकर मालगाड़ी रविवार को रास्ता भटक गई और कुल 147 किमी गलत ट्रैक पर दौड़ने के बाद खंडवा यार्ड तक पहुंच गई। इस बीच मालगाड़ी 18 स्टेशनों से गुजरी, लेकिन किसी ने नोटिस नहीं किया, उसे रवाना भी कर दिया। खंडवा रेलवे स्टेशन से रवाना हुई डबल डेकर मालगाड़ी थोड़ी दूर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ओएचई की हाइट बढ़ाकर गलत मालगाड़ी को वापस भुसावल के लिए रवाना किया

# 147 किमी गलत ट्रैक पर दौड़ती रही डबल डेकर ट्रेन 18 स्टेशन गुजरे, कर्मचारियों ने हरी झंडी भी दिखा दी

*खंडवा यार्ड तक पहुंचते ही यहां लगे ओएचई से डबल डेकर मालगाड़ी टकरा गई, जिसके बाद ओएचई में इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद हो गई*



### रेलवे कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई

गौरतलब है मालगाड़ी के लिए रेलवे ट्रैक पर अलग ट्रैक बना हुआ है, बावजूद इसके मालगाड़ी को 18 रेलवे स्टेशनों पर हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना कर दिया गया, लेकिन खंडवा यार्ड तक पहुंचते ही यहां लगे ओएचई से डबल डेकर मालगाड़ी टकरा गई, जिसके बाद ओएचई में इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद हो गई, जिससे हादसा टल गया।

### मालगाड़ी में रखी थीं नई चमचमाती 264 एसयूवी गाड़ियां

डबल डेकर में 264 एसयूवी गाड़िया रखी थी। अगर मालगाड़ी की किसी ट्रेन से टक्कर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था, जिससे मालगाड़ी और रेलवे दोनों को बड़ा नुकसान होता। रेलवे ने कड़ी मशक्कत कर ओएचई की हाइट बढ़ाकर गलत ट्रैक पर आई मालगाड़ी को वापस भुसावल के लिए रवाना कर दिया है।



## कटनी में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

### 3 डिब्बे उतरे, कई ट्रेनें प्रभावित

**कटनी।** कटनी से रेल हादसे की खबर सामने आई है। यहां पर कटनी स्टेशन से मुड़वारा की ओर जा रही मालगाड़ी के तीन डब्बे पटरी से उतर गए हैं। इस वजह से अन्य ट्रेनों के आवागमन पर असर पड़ा है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर अधिकारी पहुंचे हैं और जायजा ले रहे हैं। मालगाड़ी के डिब्बों के डिरेल होने से ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कैबिनेट बैठक आज 20 से अधिक मुद्दों को मिलेगी मंजूरी



**भोपाल।** मप्र कैबिनेट की मंगलवार को होने वाली बैठक में 20 से अधिक मुद्दों को मंजूरी दिए जाने के आसार हैं। इसमें लैंड पूलिंग, स्टार्टअप की संशोधित पॉलिसी समेत 22 विभागों की पॉलिसी को स्वीकृत किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक में ग्लोबल इनवेस्टर समिट (जीआईएस) के दौरान निवेशकों को दी जाने वाली सहूलियतों पर विचार करने के बाद उसकी स्वीकृति दी जाएगी। कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में सुबह 11 बजे से होगी। बैठक काफी समय बाद कुछ इस तरह से होगी, जो कम से कम दो घंटे से ज्यादा समय तक चलेगी। इस दौरान सभी मुद्दों को मंजूरी दी जाएगी।

## प्रदेश के 10 निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक इधर से उधर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत 10 निरीक्षकों के तबादले किए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक निरीक्षक रामनारायण सिंह भदोरिया को पुलिस मुख्यालय से उज्जैन, शिवकुमार यादव नीमच से शाजापुर, कमल सिंह ठाकुर छतरपुर से टीकमगढ़, राजू सिंह बघेल झाबुआ से सीहोर, प्रशांत कुमार यादव पुलिस मुख्यालय से अशोकनगर, अनिल कैथवास पुलिस मुख्यालय से उज्जैन, पंकज कुमार शुक्ला सतना से टीकमगढ़, चंद्र प्रकाश सिंह चौहान विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय से गुना, विक्रम चौहान लोकायुक्त संगठन से बुरहानपुर, हरि सिंह परमार आअ वि पुलिस मुख्यालय से सीहोर नवीन पदस्थापना की गई है।

### मुख्यमंत्री का रीवा दौरा स्थगित, वीसी के जरिए अधिकारियों से समुचित व्यवस्था कराने को कहा

# प्रयागराज पहुंच मार्ग पर स्थिति सामान्य होने के एक-दो दिन बाद ही जाएं श्रद्धालु: सीएम

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

रीवा क्षेत्र में प्रयागराज महाकुंभ के यात्रियों के अचानक पहुंचने से हुए जाम व दो दिन से चल रही व्यवस्था का जायजा लेने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को रीवा जाने वाले थे, किंतु उनका कार्यक्रम अचानक स्थगित हो गया, हालांकि उन्होंने सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिया कि जो भी हो, सभी तरह की व्यवस्था कराएं। किसी भी यात्री को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रयागराज का जो क्षेत्र मध्यप्रदेश से सटा हुआ है, विशेष रूप से रीवांचल इलाका, यहां से अन्य राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे हैं। इसलिए वाहनों के आवागमन से सड़कों पर यातायात का कुछ दबाव बना हुआ है। राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन सभी श्रद्धालुओं के संपर्क में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकुंभ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्थिति सामान्य होने तक वे एक-दो दिन इस मार्ग से आगे बढ़ने से बचें। महाकुंभ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है, उससे व्यवस्थाओं को बनाने में चुनौतियां सामने आ रही हैं। इनसे निपटने के लिए मप्र सरकार पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सीमा क्षेत्रों में जहां भी जाम है, वहां यात्रियों के लिए पानी, भोजन और आवास व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो।

## रीवांचल में रास्ता क्लियर होने पर ही आगे बढ़ें




### पहले पूछताछ करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में मप्र से प्रयागराज जाने वाले सभी यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रद्धालु महाकुंभ जाने से पहले पूछताछ कर सुनिश्चित कर लें, कि आगे का रास्ता क्लीयर है या नहीं। यदि जाम की स्थितियां न हो, तभी आगे बढ़ें।*

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने की चाय-नाश्ते की व्यवस्था



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मैहर में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को चाय-नाश्ते की व्यवस्था कर सेवा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं मण्डल अध्यक्ष विकास तिवारी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं की मदद करें: पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कुंभ मेले में जा रहे एवं वहां से लौट रहे नागरिक जिसमें, बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग भीड़ होने से जाम में फंसे हैं। उन्हें खाने-पीने सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। उनकी हर संभव मदद करें। पटवारी ने कहा, यह हम सभी का दायित्व है कि श्रद्धालुओं का सहयोग करें।

### ट्रैफिक जाम:एसपी-आईजी को निर्देश

एमपी यूपी बार्डर में प्रयागराज जाने और आने वालों की अपार भीड़ है। स्थिति यह है कि यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेश के रीवा सतना कटनी सहित कई जिलों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे खराब स्थिति एमपी और यूपी के बार्डर चकघाट में बनी हुई है। प्रदेश स्तर पर याातायात की मॉनिटरिंग करने वाली विंग पीटीआरआई ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में संबंधित रेंज और जिलों के आईजी एसपी को दिशा निर्देश जारी किए हैं। वहीं थाना पुलिस और यातायात के अधिकारियों के साथ समन्वय कर यातायात व्यवस्था की बहाली और वाहन चालकों की मदद के लिए कहा है। इधर, डीजीपी कैलाश मकवाना भी दो दिन पूर्व यूपी के डीजीपी से यातायात व्यवस्था को लेकर बात कर चुके हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले भाजपा अध्यक्ष



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने नई दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

### तीन चरणों में किया जाएगा क्रियान्वयन, प्रथम चरण फरवरी अंत तक होगा पूर्ण

## इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को शीघ्र क्रियान्वित करें: मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश में सड़क और भवन परियोजनाओं के सुचारू संचालन और पारदर्शी निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री



सिंह ने कहा कि आईपीएमएस के प्रथम चरण को फरवरी 2025 के अंत तक, द्वितीय चरण को मई 2025 तक और तृतीय चरण को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट मार्च 2025 में सचिवालय स्तर पर आईपीएमएस के माध्यम से ही संसाधित किया जाए।

पिछले वर्ष लोक निर्माण विभाग का कार्य भार संभालने के बाद मंत्री सिंह ने इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को प्राथमिकता पर लागू करने के निर्देश दिए थे।

### आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विशेष

## पं. दीनदयाल का आर्थिक चिंतन और समर्थ समाज का निर्माण

व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी, एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चरणों में कोटिशः नमन। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ऋषि-राजनेता रहे, जिन्होंने राजनैतिक चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा हैं। पंडित जी द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया में भी हुआ है। उन्होंने एक ऐसी राजनैतिक धारा निर्मित की जिसका लक्ष्य राष्ट्र निर्माण है। उनका मानना था कि राजनीति सत्ता के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा के लिए हो, स्वतंत्रता के साथ भारत राष्ट्र की यात्रा भारतीय दर्शन के अनुरूप होनी चाहिए। पंडित जी ने भारत के भविष्य की कल्पना वेदों में वर्णित चार पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के आधार पर की थी। यह चारों पुरुषार्थ मन, बुद्धि, आत्मा और शरीर के संतुलन से संभव है। इससे ही एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। पहला पुरुषार्थ धर्म है जिसमें शिक्षा, संस्कार और व्यवस्था है तो दूसरे अर्थ में साधन, संपन्नता और वैभव आता है। अर्थ उपार्जन सही तरीके से हो, इसके लिये पंडित दीनदयाल जी ने मानव धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस तरह धर्मानुकूल, अर्थात उचित मार्ग से अर्थ उपार्जन करने का मार्ग प्रशस्त किया। तीसरा पुरुषार्थ है काम, जिसमें मन की समस्त कामनाएं शामिल हैं। मनुष्य को संतुलित, समयानुकूल और सकारात्मक स्वरूप में कार्य करना चाहिए। चौथा पुरुषार्थ है मोक्ष, अर्थात संतोष की परम स्थिति। उनके विकास का आधार एकात्म मानव दर्शन है। उन्होंने विकास की दिशा को भारतीय संस्कृति के एकात्म मानवदर्शन के मूल में खोजा। यही एकात्म भाव व्यष्टि से समष्टि की रचना करता है। यही पंडित दीनदयाल जी के विकास का व्यापक पक्ष है, सार्वभौम है, प्रासंगिक है। इसमें श्रीकृष्ण के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा से लेकर आज के ग्लोबलाइज्ड युग का समावेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पं. दीनदयाल की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। दीनदयाल का कहना था कि जब तक अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण नहीं हो जाता तब तक विकास सही अर्थों में संभव नहीं है। इसी भाव को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश में 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इससे प्रदेश के हर अंचल, हर क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता, क्षमता, मेधा और दक्षता को अवसर मिलेगा। प्रदेश का हर व्यक्ति इससे जुड़ेगा और विकास की धारा में शामिल होगा। यह समिट एक तरफ जहां प्रदेश के कोने-कोने से और गांव-गांव से लोगों को उद्योग से जोड़ेगी वहीं विश्व पटल पर उनके उत्पादों को पहचान दिलाएगी। इसके लिए हमने यूके, जर्मनी और जापान की यात्रा की है। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुंबई में रोड-शो कर उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया है। क्षेत्रीय से लेकर ग्लोबल स्तर तक उद्योग के लिए किया गया यह पहला नवाचार है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रहे हैं। यह समिट दीनदयाल के स्वदेशी और विकेन्द्रीकरण के चिंतन को सार्थक करेगी।

ब्लॉग



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

### मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों के लिए सुविधाओं का रखा जा रहा है विशेष ध्यान

# रोजगार सृजन को सुगम बनाने में औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग दे रहा है बड़ा योगदान

***सिस्टम ऐसा है कि जो भी उद्योगपति मध्य प्रदेश में निवेश करना चाहता है उसे किसी भी तरह की असुविधा नहीं होती, खुद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रखते हैं नजर***

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार का औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग राज्य के सर्वांगीण औद्योगिक विकास के लिए में महत्वपूर्ण योगदान देता है। विभाग उद्योंगो की स्थापना और रोजगार सृजन को सुगम बनाने हेतु स्थानीय संसाधनो के बेहतरीन उपयोग के लिए कार्य करता है। इसके अतिरिक्त विभाग राज्य के उद्योगों को आधुनिक बनाने और मजबूत करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है ताकि उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।मध्यप्रदेश सरकार का औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभागऔद्योगीकरण और निजी पूंजी निवेश के माध्यम से राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए में विशेष योगदान देता है।

D-19274/24



### रणनीति और गतिविधियां एवं ब्रांड को बढ़ावा

- 'ब्रांड एमपी' को बढ़ावा देना और स्थापित करना
- ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रचार
- मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में आर्थिक गतिविधियों के लिए एक प्रगतिशील नीति ढांचा और अनुकूल व्यापारिक वातावरण बनाया है।
- स्वीकृतियों, छूटों और प्रतिपूर्तियों के लिए एकल खिड़की ऑनलाइन प्रणाली बनाई गई है (www.invest.mp.gov.in) ।
- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए सभी कदमों को मध्यप्रदेश सरकार के वेब पोर्टल (www.investmp.com; www.invest.mp.gov.in) के साथ-साथ विभागीय वेबसाइटों के माध्यम से प्रचारित किया जाता है।



खुद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उद्योगपतियों से करते है वन टू वन चर्चा




समाधान और विकल्प भी देते है मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

### आईपी कार्यक्रमों में भागीदारी के माध्यम से प्रचार

- मध्यप्रदेश सरकार राज्य में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों, निवेशक सम्मेलनों और कॉन्फ्रेंस में भाग लेती है।

### रोड शो आयोजित करके प्रचार

- मध्यप्रदेश सरकार अपने प्रमुख निवेश संवर्धन कार्यक्रम - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रोड शो आयोजित करती है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के माध्यम से प्रचार:ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटमध्यप्रदेश सरकार का द्विवार्षिकप्रमुख निवेश संवर्धन कार्यक्रम है। यह शिखर सम्मेलनभाग लेने वाली कंपनियों और व्यक्तियों के लिए कई व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है।

### अनुकूल नीति ढांचा बनाना

- प्लांट और मशीनरी में निवेश की राशि के आधार पर 4 करोड़ रुपये से 270 करोड़ रुपये तक की कर-मुक्त निवेश सहायता तथाखाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए 1.5 गुना प्रोत्साहन के साथ सहायता।

### कारोबार सुगमता

एकल खिड़की मंच – 'इन्वेस्ट पोर्टल'

- 'इन्वेस्ट पोर्टल' को निवेश परियोजनाओं के'निवेश करने के इरादे' की प्राप्ति से लेकर ग्राउंड पर लाने और पूर्ण होने तक के संपूर्ण चक्र की निगरानी के लिए विकसित किया जा रहा है।
- पोर्टल निरंतर समीक्षा/निगरानी के माध्यम से सुविधाओं और अनुमतियों की समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करेगा।
- पोर्टल निवेशकों को सभी स्वीकृतियां/अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने के लिए एक सिंगल साइन-ऑन प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

### अनुकूल नीति ढांचा बनाना

भूमि:

- सरकार या निजी औद्योगिक विकास के लिए नई भूमि का अधिग्रहण।
- निवेशकों को भूमि आवंटन के लिए ऑन फील्ड गतिविधियाँ।

विपणन:

- औद्योगिक क्षेत्रों को बढ़ावा देना।
- रोड शो में भाग लेना।
- मध्यप्रदेश औद्योगिक योजनाओं को बढ़ावा देना।

बुनियादी ढांचा:

- राज्य/केंद्र सरकार से धन प्राप्त करके या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेकर पानी, बिजली और सड़कों जैसे संपूर्ण आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास करना।

### संचालन और रखरखाव

- औद्योगिक क्षेत्र में विकसित बुनियादी ढांचे के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार।
- पट्टा किराया और संचालन एवं रखरखाव शुल्क की वसूली।

### सुविधा,सहयोग और देता है मार्गदर्शन

- एमपीआईडीसी निवेशकों का मार्गदर्शन/सुविधा प्रदान करता है और निवेशक हेल्पलाइन तंत्र (**facilitation@mpidc.co.in** +91 755 2559971) का हिस्सा बनने वाले फोन और ईमेल के माध्यम से उनकी **queries** का जवाब देता है।
- इसके अतिरिक्त10 करोड़ रुपये से ऊपर के सभी निवेश इरादों के लिए एक रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त किया जाता है।
- इसके अलावामाननीय मुख्यमंत्री सिंगल टेबल मैकेनिजम के तहत हर सोमवार को निवेशकों से मिलते हैं।

### निवेश संवर्धन पर मंत्रिमंडल समिति

- परियोजनाओं के लिए त्वरित अनुमोदन सक्षम करती है।
- 100 करोड़ रुपये से अधिक के पीएंडएम में निवेश वाली मेगा परियोजनाओं के लिए विशेष राजकोषीय प्रोत्साहन और अनुकूलित पैकेज स्वीकृत करती है।



मध्य प्रदेश की बदल रही है तकदीर और तस्वीर

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से भोपाल को मिला नंबर वन बनाने का गोल्डन चांस

वहीद खान ▶▶|भोपाल

शहर की सफाई की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। सफाई से संबंधित 46 बिंदुओं की जांच के लिए टीम पूरे 85 वार्डों का मुआयना करेगी। इस बार टीम फरवरी के आखिरी सप्ताह में आ सकती है। इधर, राजधानी में होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की वजह से शहर की सुंदरता में चार चांद लग रहे हैं। फुटपाथ बनाकर उनकी सफाई का भी ध्यान रखा जा रहा है। दीवारों को पेंट किया गया है। नाले और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से की जा रही है। ऐसे में भोपाल इस बार शहर टॉप थ्री की दौड़ में है। स्वच्छ सर्वे में सिटीजन फीडबैक के नंबरों में से 80 प्रतिशत फीडबैक के हैं। पिछले साल स्वच्छ सर्वे में भोपाल देश भर में छठवें नंबर पर था। इसके साथ ही फाइव स्टार और वाटर प्लस का स्टेटस भी भोपाल को मिला था।

1 टॉप थ्री शहरों की बनेगी लीग, भोपाल का लगेगा स्वच्छता में नंबर

2 शहर के हर वार्ड में 46 बिंदुओं पर हो रहा निरीक्षण

### चार हिस्सों में होगा सर्वेक्षण, अलग-अलग मिलेंगे अंक

नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अलग-अलग पार्ट के लिए प्रथम चरण के लिए 500 अंक, द्वितीय के लिए 500 और तृतीय व चतुर्थ के लिए 9000 अंक तय किए हैं। इसके साथ ही ओडीएफ, वाटर प्लस के लिए 1200, कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग के लिए 1300 अंक हैं. इस तरह कुल 12 हजार 500 अंकों के आधार पर स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाएगा।

## सफाई-मरम्मत के साथ दीवारों पर रंग-रोगन से शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने में जुटा प्रशासन



### कभी भी दस्तक दे सकती है सर्वेक्षण की टीम

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए फरवरी में कभी भी दिल्ली की टीमें राजभानी में दस्तक दे सकती है। इसको देखते हुए नगर निगम तैयारियों में जुट गया है. इधर निगम कमिश्नर खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। रोजाना शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के साथ पल-पल की जानकारी सभी 21 जोन के प्रभारियों से ले रहे हैं। सभी अधिकारियों को अपने-अपने प्रभार वाले इलाकों में मॉनीटरिंग का जिम्मा दिया गया है।



### इंदौर का सूरत, नवी मुंबई से मुकाबला

इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में इंदौर का सीधा मुकाबला सूरत और नवी मुंबई से होने जा रहा है। इसके लिए बनाए गए अलग ग्रुप में इंदौर शामिल हो चुका है। स्वच्छता के लिए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों और उनके पार्षदों को नगर निगम इंदौर द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। आठवीं बार भी इंदौर को स्वच्छता में पहले नंबर पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## दुकान खोलने के लिए कर रहे नई जगहों की तलाश

# मोती नगर के 110 दुकानदारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट

### दो माह बाद कहां शिफ्ट किए जाएंगे रहवासी, जगह भी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

रविवार को मोती नगर की 110 दुकानों के जमींदोज होने के बाद यहां के दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पिछले चालीस साल से कारोबार करने वाले लोगों को अब नई जगह की तलाश है। हालांकि उनका कहना है कि यहां दुकान में गुजारा भर हो पाता था। इसलिए कोई जमा पूंजी नहीं है, जिससे नई दुकान खरीदी जा सके। जिला प्रशासन ने भी मुआवजा नहीं दिया है। सोमवार को हरिभूमि की टीम ने दुकानदारों से बात कर उनका दर्द जाना।



इधर जिला प्रशासन ने दुकानों को तोड़ने के बाद पीछे बने 384 घरों को भी तोड़ा जाना है। जिसके लिए दो महीने की मोहलत दी गई है। इन लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जगह भी फाइनल नहीं की गई है। ऐसे में यहां के परिवारों के सामने भी संकट खड़ा हुआ है।

### पगड़ी मांग रहे दुकान मालिक



मोती नगर में पिछले 20 साल से दुकान चला रहा था, जिसे जिला प्रशासन ने तोड़ दिया है। आसपास क्षेत्र में दुकान के लिए जगह तलाश की, तो दुकान मालिक पगड़ी के रूप में मोटी रकम मांग रहे हैं। ऐसे में पगड़ी और किराया देंगे तो परिवार को कैसे पालेंगे।

शानू खान, दुकानदार

### रमजान और ईद भी सिर पर



जिला प्रशासन ने इस समय दुकान तोड़ी है, जब रमजान का महीना और ईद सिर पर है। अब दूसरी जगह दुकान खोलना पड़ेगी। ऐसे में आर्थिक संकट को झेलना पड़ सकता है। स्ट्रक्चर का मुआवजा तो दिया जा सकता था। लेकिन सरकार ने हमें सड़क पर ला दिया है। जहीर कुरैशी, दुकानदार

### नौकरों की भी बढ़ी मुसीबत



मोती नगर की दुकानों पर सौ से अधिक लोग काम करते थे, जिससे उनको रोजगार मिलता था। जिला प्रशासन ने 110 दुकानदारों के साथ यहां काम करने वाले सौ से अधिक लोगों को भी बेरोजगार कर दिया है। अब इन लोगों को भी नई जगह काम की तलाश करना पड़ेगी।

सलीम खान, दुकानदार

# ईडी अफसरों ने जेल पहुंचकर सौरभ, चेतन और जायसवाल को किया फॉर्मल अरेस्ट

## ईडी की स्पेशल कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट किया जारी, तीनों आरोपी आज होंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

जांच एजेंसियों द्वारा मारे गए छापों में करोड़ों की संपत्ति बरामद होने के बाद ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल में बंद आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा उसके साथी चेतन गौर और पार्टनर शरद जायसवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब ईडी अफसरों ने केन्द्रीय जेल पहुंचकर तीनों की फार्मल गिरफ्तारी कर ली है। वहीं इसके पूर्व कोर्ट में भी प्रोडक्शन वारंट जारी करने के लिए आवेदन लगाया। पुलिस ने ईडी के आवेदन को मंजूर करते हुए प्रोडक्शन वारंट जारी कर दिया।

अब मंगलवार को सौरभ शर्मा, चेतन और शरद को ईडी की स्पेशल कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान पूछताछ के लिए ईडी कोर्ट से तीनों आरोपियों का रिमांड मांगेगी। सोमवार को ईडी की तरफ से भोपाल जिला अदालत स्थित सचिन कुमार घोष की स्पेशल ईडी कोर्ट में इस संबंध में लिखित आवेदन दिया गया।



### जेल में हुई पूछताछ से संतुष्ट नहीं ईडी

इससे पहले 4 फरवरी को रामप्रताप मिश्र की स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया था। इसके बाद बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को लगातार तीन दिनो तक ईडी की टीम ने जाकर सौरभ, चेतन और शरद से लंबी पूछताछ की थी। शनिवार और रविवार को ईडी की टीम पूछताछ के लिए नहीं पहुंची और सोमवार को स्पेशल ईडी कोर्ट में तीनो की प्रोडक्शन रिमांड लेने के लिए आवेदन दे दिया। जेल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सौरभ, शरद और चेतन ठीक ढंग से ईडी के सवालों का संतोषजनक जबाब नहीं दे पा रहे थे। ईडी को छापे में बरामद प्रापर्टी , इनोवा कार में मिले कैश गोल्ड सहित अन्य मामले में तीनों से विस्तृत पूछताछ करनी है, इसमें मनी लॉड्रिंग और हवाला का लिक भी शामिल है। लिहाजा ईडी ने अब तीनों को अपनी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी की है। अब तीनों को ईडी की रिमांड पर सौंपने को लेकर मंगलवार को कोर्ट सुनवाई करेगी। इससे पहले लोकायुक्त पुलिस भी तीनों को रिमांड पर लेकर सात दिनो तक पूछताछ कर चुकी है। लोकायुक्त ने प्राप्टी के 40 दस्तावेज जब्त किए थे पूछताछ के दौरान प्रापर्टी पर ही फोकस रहा।

### डिटेल न देने वाले बैंकों को लोकायुक्त पुलिस का रिमाइंडर

सौरभ, शरद और चेतन से 7 दिनों की रिमांड के दौरान पूछताछ कर चुकी लोकायुक्त पुलिस अब उनकी दी हुई जानकारी को सत्यापित किया जा रहा है। हालांकि आधा दर्जन बैंकों ने सौरभ और उसकी कंपनियों से जुड़े बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल लोकायुक्त पुलिस को दे दी है, लेकिन अब भी 4 बैंकों ने बैंक खातों की डिटेल्स नहीं दी है। इसलिए लोकायुक्त पुलिस अब इन बैंकों को रिमाइंडर भेजने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही पंजीयन विभाग से भी अब तक सौरभ के घर से बरामद हुई प्रॉपर्टी की जानकारी नहीं मिली है, लिहाजा वहां भी लोकायुक्त पुलिस ने रिमाइंडर भेजकर तत्काल जानकारी देने को कहा है।

# तीन एकड़ में बनेगा नमोवन, सोलर लाइट से होगा रोशन

## वीआईपी रोड किनारे बनने वाले पार्क का आज किया जाएगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

लालघाटी चौराहे के पास वीआईपी रोड पर 3 एकड़ में नमोवन बनेगा। जिस पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह पार्क सोलर लाइट से रोशन होगा, जबकि फूड, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे। फव्वारे और झूले भी रहेंगे। जिससे, यहां घूमने आने वालों को आकर्षक नजारा दिखाई दे। मंगलवार को पार्क के लिए भूमिपूजन किया जाएगा।

पार्क के भूमिपूजन को लेकर सोमवार को महापौर मालती राय ने निरीक्षण कर इंतजाम देखे। पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भी लगेगी। भूमिपूजन के साथ ही पार्क को डेवलप करने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### लगाएंगे छायादार, फलदार और 100 किस्म के फूलों के पौधे



महापौर मालती राय ने सोमवार को निरीक्षण कर निर्देश दिए।

पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए तीन तरह के पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। जिसमें फलदार, छायादार पौधे भी शामिल हैं। करीब 100 किस्म के फूलों के पौधे भी लगेंगे। यह पार्क बच्चों, युवा, महिलाओं और बुजुर्गों को आकर्षित करेगा।

पोर्टल पर नहीं होगा गेहूं बेचने का रजिस्ट्रेशन

# फॉर्मर रजिस्ट्री न कराने वाले हजारों किसानों की अटकेगी सम्मान निधि

## 22 हजार 353 किसानों ने कराई फॉर्मर रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

खसरे से आधार लिंक कराकर फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले जिले के 42 हजार किसानों की किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि अटकेगी। इसके साथ जिन किसानों को इस बार सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचना है, उनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं किया जाएगा। किसान एमपी ऑनलाइन या पटवारी से भी फॉर्मर रजिस्ट्री का यूनिक कोड जारी करा सकते हैं। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करवाना अब अनिवार्य हो गया है, यदि किसान ने फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई है, तो किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि मिलना बंद हो जाएगी। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर किसान अनाज नहीं बेच पाएगा। भोपाल में 63 हजार 920 किसानों में से अब तक 22 हजार 353 किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है, जिससे अब तक 42 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नंबर जारी नहीं हुए हैं।

### किसान ऐसे कराएं फार्मर रजिस्ट्री

केंद्र सरकार किसानों को एक यूनिक आईडी कोड जारी कर रही है। इसे फॉर्मर रजिस्ट्री का नाम दिया गया है। इसमें किसानों को 11 अंकों का एक नंबर मिलेगा, जो उनका यूनिक आईडी कोड होगा। जिसके लिए एक ऐप को डाउनलोड करना होगा। इस ऐप में आधार कार्ड का वेरिफिकेशन, मोबाइल नंबर का वेरिफिकेशन, कृषि भूमि और समग्र आईडी की जानकारी देनी होगी। इस तरीके से एक फॉर्मर रजिस्ट्री कोड जारी हो जाएगा।

# भोपाल-जबलपुर की नई उड़ान 1 मार्च से शुरू होगी

**संतनगर।** देश की प्रमुख एयरवेज़ कंपनी इंडिगो द्वारा आगामी एक मार्च से जबलपुर-भोपाल उड़ान शुरू की जा रही है तो यह उड़ान जबलपुर से भोपाल आकर इवनिंग में जबलपुर जाएगी। इस तरह राजधानी वासियों को संस्कारधानी जबलपुर की हवाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारी के अनुसार इंडिगो एयरवेज़ की यह नई उड़ान शाम को 6:55 बजे जबलपुर से भोपाल पहुंचेगी और शाम 7:15 बजे जबलपुर रवाना होगी। इस तरह भोपाल वासियों को जबलपुर की हवाई यात्रा उपलब्ध हो जाएगी।

# महिलाएं कर रहीं थी शराब की तस्करी, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह तस्कर बैरसिया क्षेत्र के विभिन्न गांवों में देशी शराब ठिकाने लगा रहीं थीं। इसकी सूचना मिलने पर जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल टीम सहित पहुंचे और बैरसिया के दशहरा मैदान, बैरसिया पठार, धतुरिया ग्राम, मेघरा कलां गांव में दबिश दी। यहां से हाथ भट्टी व देशी शराब बरामद करते हुए महिला तस्कर नंदना बाई, बत्ती बाई और बेलबती बाई को पकड़ा है। साथ ही आबकारी एक्ट के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए हैं।

## भिखारियों ने भिखारी गृह जाने से किया इंकार

भिखारियों की तलाश में माता मंदिर, कमला पार्क, लखेरापुरा पहुंची टीम

# पच्चीस लाख का मकान मालिक मांगता मिला भीख, इलेक्ट्रिशियन भी कर रहा था यही काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

कमला पार्क के पास मिले एक भिखारी से जब टीम ने भिखारी गृह जाने की बात कही तो उसने बताया कि वह कई साल से भीख मांग रहा है। वहीं इलेक्ट्रीशियन का भी काम है। जब तक काम नहीं लगता, तब तक कपड़े, खाना मांगकर काम चलाते हैं। जिंदगी निकल गई भिक्षा मांगते-मांगते हुए अब कहां जाएंगे। इसी तरह एक दूसरे भिक्षुक ने बताया कि वह आश्रय स्थल क्यों जाए, उसका तो नीलबड़ सांईनाथ नगर में 25 लाख का मकान है, मैं आपके साथ चला गया तो उस पर कोई कब्जा कर लेगा फिर मैं क्या करूंगा। वह सतपुड़ा भवन, मंत्रालय, पीएचक्यू सहित अन्य स्थानों पर जाकर भिक्षा मांगता है। टीम दोनों को भीख नहीं मांगने की समझाइश देकर आगे बढ़ गई।

### खास बातें

- टीम ने दी दोनों भिक्षुकों को समझाइश
- एक बोला, क्यों जाऊं आश्रय गृह, जब मेरा अपना मकान
- दूसरे ने कहा, मैं इलेक्ट्रिशियन





### टीमें तलाश रहीं भिखारी

शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए कोलार में आश्रय स्थल शुरू किया गया है। जिसकी जिम्मेदारी एक समिति को दी गई है, वह प्रयास कर रही है। साथ ही गठित दल सार्वजनिक जगहों पर भिखारियों की तलाश कर रहे है।

इला तिवारी, सीईओ जिला पंचायत

**10 सदस्यीय टीम लगातार कर रही भ्रमण, भिक्षुक बना रहे नए-नए बहाने**

शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त करने के लिए नेलोर शिक्षा समिति को जिम्मेदारी दी गई है। समिति की 10 सदस्यों की टीम ने सोमवार को माता मंदिर, कमला पार्क, लखेरापुरा सहित अनेक सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया। जहां पर महिला, पुरुष भिक्षावृत्ति में लिप्त थे, जब टीम ने इनको आश्रय स्थल की व्यवस्था के बारे में बताते हुए साथ चलने के लिए कहा तो इन्होंने मना कर दिया। समिति की अध्यक्ष संगीता नोलोर ने बताया कि हमारी टीम हर दिन प्रयास कर रही है, लेकिन भिक्षुक कुछ न कुछ बहाने बनाकर आने से मना कर देते हैं। अभी आश्रय स्थल में कुल चार भिक्षुक रखे गए हैं, जिनका नियमानुसार ध्यान रखा जा रहा है।


SBI

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/30 | | | |
| 1. | उप सीटीओ (आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर) | 01 | कंत्राटी |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/31 | | | |
| 1. | सर्कल डिफेंस बैंकिंग सलाहकार – (CDBA) बेंगलुरु | 01 | कंत्राटी |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/32 | | | |
| 1. | आंतरिक लोकपाल (I.O) | 02 | कंत्राटी |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.02.2025 से 02.03.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई

**दिनांक:** 08.02.2025

**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003
फोन नं. : +91-755 4027100, 2774340/42, वेबसाइट : www.mpstdc.com
क्रमांक : 88/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 10.02.2025

**निविदा सूचना 47/2025_STDC_401849_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम :- **जगदीशपुर भोपाल में 8 kv सोलर पी.व्ही. सिस्टम प्रदाय व लगाने एवं विद्युतीकरण के शेष कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 03 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 53.57 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 25.02.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/118757/2025 **कार्यपालन यंत्री**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रमांक-21, (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड**
// **सार्वजनिक सूचना** //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान/भूखंड के नामांतरण हेतु जोनल कार्यालय क्र-21 के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दुकान क्रं. | आवेदक का नाम | आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र.-14/42, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर भोपाल | श्रीमती रजनी तलरेजा पत्नी श्री अर्जुन दास तलरेजा | श्री धर्मेन्द्र कुमार ठाकुर आत्मज श्री शमन लाल ठाकुर | श्रीमती रजनी तलरेजा पत्नी श्री अर्जुन दास तलरेजा | आवेदन पत्र एवं रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र |

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र.-21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र. 21**
**नगर निगम भोपाल**
सू.क्र. 1247/024/025

## जेकेट का शेष

### जाम से 'त्राहिमाम'...

होना है, जिसकी वजह से प्रयागराज में भारी भीड़ जमा हो चुकी है। रामबाग और संगम स्टेशन को बंद कर दिया गया है। सिर्फ प्रयागराज जंक्शन ही खुला हुआ है।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 रीवा से चाकघाट के बीच पांच स्टॉपेज बनाए गए हैं। यहां पर वाहनों को 20 से 25 किलोमीटर तक छोड़ा जाता है और फिर घंटे भर के रोक दिया जाता है।

### बनाए गए रैन बसेरा...

भी पर्याप्त नहीं हो पा रहा है। ढाबों में खाना खत्म हो गया है।

### झांसी- मिर्जापुर नेशनल...

वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी ज्यादा है कि रविवार को चित्रकूट मैहर स्टेट हाईवे पर प्रयागराज जाने वाले वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। ट्रक ड्राइवर अनिल यादव ने बताया कि वह नासिक से प्याज लेकर प्रयागराज जा रहे थे। ड्राइवर शेख शाहरुख ने बताया कि उनके ट्रक में अंगूर है। इसी प्रकार ड्राइवर सूती यादव रायपुर से बिस्किट लोड करके लखनऊ जा रहे थे। जाम में फंसे होने की वजह से हालत खराब है।

### अचानक बुलाई बैठक...

चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था करें। इसमें प्रशासन भी सहयोग करेगा। तीर्थ यात्रियों की सेवा में लगे संगठनों का उन्होंने अभिनंदन भी किया।

### इस बार गेहूं का ...

राशि को भी धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह तक किया जाएगा। प्रदेश की 76 लाख बहनों को गैस की टंकी के लिए 450 रुपए भी प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों से वादा किया था कि उन्हें गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए तक दिलवाएंगे। इस बार किसानों के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य होगा 2600 होगा, और अगले साल 2700 से अधिक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र सरकार का उद्देश्य हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देना है।

### जल कलश यात्रा ...

तीनों नदियों के जल को एकत्रित किया गया तथा समापन पर सभी तीनों नदियों के जल को एक घड़े में मिलाकर इसे रंजीत सागर डेम में प्रवाहित किया जाएगा।

### मप्र शिक्षक चयन...

ईडब्ल्यूएस को आरक्षित वर्ग माना गया था। हालांकि, कंडिका 6.2 में, जहां अन्य आरक्षित वर्गों (एससी/एसटी/ओबीसी) को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई थी। वहीं ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को इस छूट से बाहर रखा गया था। इस असमानता के खिलाफ याचिकाकर्ता पुष्पेंद्र द्विवेदी (रीवा निवासी) ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता धीरज तिवारी और ईशान सोनी ने कोर्ट में तर्क दिया कि यदि ईडब्ल्यूएस को आरक्षित वर्ग माना गया है, तो उन्हें भी अन्य आरक्षित वर्गों की तरह आयु सीमा में छूट मिलनी चाहिए।

### संविधान के अनुच्छेद ...

के समान संरक्षण की गारंटी देता है। यदि एक ही तरह की स्थिति वाले अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा।
अनुच्छेद 16: यह अनुच्छेद सरकारी नौकरियों में सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करने की गारंटी देता है।

### दहशत में आई दोनों...

की छात्रा का गणित का पेपर था। उसके साथ ही पढ़ने वाली बहन भी स्कूल जाने के लिए बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़ी थीं। काफी देर तक जब बस नहीं आई तो सामने से आ रही नई बस को रुकवाकर उसमें बैठ गईं। छात्रा ने बताया कि बस कुछ दूर आगे बढ़ी। कंडक्टर ने किराया लेने से मना कर बस के दरवाजे बंद कर दिए। वहां पर एक व्यक्ति छात्राओं को घूरते हुए अश्लील टिप्पणियां करने लगा। जब बस रुकवाने की कोशिश की तो उन्होंने नहीं रोका। मजबूरन दोनों ने चलती बस से छलांग लगा दी। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि बस पन्ना जिले की है। दमोह के झापन गांव जा रही थी।

### मां-पिता पर अश्लील...

को इनका शो बंद कर देना चाहिए। शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में तीनों ने मां-पिता पर ऐसी अभद्र टिप्पणी कि मानवता शर्मसार हो गई। कई सेलीब्रिटी ने भी कहा है कि तीनों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इनके शो पर ताला डाल देना चाहिए। तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, विवाद बढ़ता देश रणवीर ने अकड़ दिखाते हुए कहा कि कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता है। मैंने जो कुछ भी कहा, वह नहीं कहना चाहिए था। आई एम सॉरी। पॉडकास्ट हर उम्र के लोगों ने देखा। यह जिम्मेदारी इतने हल्के में नहीं लेनी चाहिए थी। इस प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। वीडियो से असंवेदनशील कंटेंट को हटाने को कहा गया है। उम्मीद है कि इंसानियत के नाते आप मुझे माफ करेंगे। खार के जिस स्टूडियो में शो की शूटिंग हुई, वहां मुंबई पुलिस ने जांच की है।

### सीएम फडणवीस ने कहा- ...

की स्वतंत्रता है लेकिन यह तब समाप्त हो जाती है जब दूसरों की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण होता है। हमारे समाज में, हमने कुछ नियम बनाए हैं, अगर कोई उनका उल्लंघन करता है तो यह बिल्कुल गलत है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

- जेएमएम सांसद महुआ माजी का कहना है कि सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। संबंधित मंत्रालय को कार्रवाई करनी चाहिए। इसे बैन किया जाना चाहिए। शिवसेना नेता राजू वाघमारे ने कहा कि अगर वह नहीं मानेगा तो हम उसका शो बंद करने की कोशिश करेंगे। सीपीआई सांसद पी संदोश कुमार ने कहा कि यह गंदा धंधा बंद होना चाहिए। कलाकार सोनी निगम व गीतकार मनोज मुंतिशर ने कहा कि शो बंद होना चाहिए।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार...

अधिकारियों को चैनल और विशिष्ट वीडियो का विवरण प्रस्तुत करना होगा, जहां आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। इस संबंध में एक कार्रवाई रिपोर्ट इस पत्र के जारी होने की तारीख से तीन (10) दिनों के भीतर आयोग को प्रस्तुत की जाएगी।

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER No. 66 (1st Call)**

Online Percentage Rate Bids for the following work is/are invited from Registered Contractors and Firms of Repute fulfilling Registration criteria:-

| S. No. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Amount of E.M. | Completion period (Months) | Date of Submission of Tenders (Last Date) | Date of opening of tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_MPHID_398150 | CONSTRUCTION OF COMPOUND WALL FOR PREVENTING ENCROACHMENT AT VARIOUS PLACES AT AYODHYA NAGAR BHOPAL. | Rs. 99.65 Lakhs | Rs. 99,650/- Cost of Bid Form Including @ 18% GST Rs. 11,800/- | 06 Months Including Rainy Season | 27.02.25 17.00 Hrs. | 28.02.25 15.00 Hrs. |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https//www.mpeproc.gov.in.** (2) The bid documents can be purchased online only as per schedule 13/02/25 to 27/02/25 up to 17:00 hrs. (3) Amendments to NIT if any would be published on website only, and in newspapers.
**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail : eedn5hbbpl@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/118747/2025
/mphidb /mphidb
**(Pradeep Hedau, E.E.)**
**Dn.-5. Bhopal**
**Mob. : 9406912100**

## पेज एक का शेष

### यह समिट मप्र के ...

इससे रियल एस्टेट, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा।

### 50 हजार से अधिक ...

और झीलों के शहर के रूप में जाना जाता था, लेकिन यह समिट इसे एक नए इन्वेस्टमेंट हब और ग्लोबल बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में उभारेगी।

### आधुनिक इंडस्ट्रियल ...

स्मार्ट, औद्योगिक और निवेश-अनुकूल शहर के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

### लीडर को टीम ...

मदद करनी होगी, कठिनाइयां समझनी होंगी, देखभाल करनी होगी। लोग सोचेंगे कि ये तो मेरा ख्याल रखता है। आपको रिस्पेक्ट देगा। आपको खुद, अपने व्यवहार को बदलना होगा। आपको अगल-बगल के लोग स्वीकार करेंगे लीडर के तौर पर। अगर किसी को काम दिया, तो उसकी कठिनाई पता करनी होगी। सिद्धांत बनाइए- जहां कम, वहां हम। लोगों का विश्वास ही आपकी लीडरशिप को मान्यता देगा। पीएम ने कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। यह पीपीसी का आठवां संस्करण है और इस साल इसमें विशेष रूप से परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। परीक्षा से पहले स्ट्रेस के सवाल पर पीएम मोदी ने पूछा कि यह मुसीबत शुरू कहां से होती है। तनाव और डिप्रेशन होने के लक्षण नजर आने लगते हैं। अपने मन की दुविधाओं को लोगों के साथ बांटना सीखें। इससे मन शांत रहता है, साथ ही घर के किसी भी सदस्य से बात करें। क्रिकेटरों का उदाहरण देते हुए पीएम ने छात्रों को दबाव पर ध्यान न देने की सलाह दी।

### पीएम मोदी ने ...

बताया कि बच्चों को कौन से खाद्य पदार्थ खाना चाहिए और किनसे बचना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि कब और क्या खाना उचित है।

### आपको अपने अंदर ...

एक चुनौती है। इसके लिए आपको खुद की चुनौतियों से लड़ना होगा। आपको अपने मन को स्थिर रखना है। अगर आप अपने मन को स्थिर रखेंगे, तो निश्चित तौर पर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। पीएम मोदी ने अभिभावकों को भी कुछ टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे की दिलचस्पी किसमें है।

अगर उनके बच्चे का खेल में इंटरेस्ट है, तो पेरेंट्स को कोशिश करनी चाहिए कि उसे किसी खेल इवेंट में ले जाएं। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि आप खुद से प्रतिस्पर्धा कीजिए। उन्होंने छात्रों को बताया कि ज्यादातर लोग अपने से कम लोगों से प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। आपको खुद से प्रतिस्पर्धा करना चाहिए। ऐसा करके आप खुद को आगे बढ़ा सकेंगे।

### खुद को मोटिवेट ...

है। आपके अंक आपको नहीं, बल्कि आपके जीवन को दिखाते हैं। टेक्नोलॉजी कोई खतरनाक तूफान नहीं है जो आपको गिरा देगा। इनोवेशन आपकी भलाई के लिए हैं। टेक्नोलॉजी का सही तरीके से इस्तेमाल करें और अपने समय को बर्बाद करने वाली गतिविधियों से बचें।

### पेरिस में मोदी-...

करेंगे। इस समिट में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है। पीएम मोदी इंडिया-फ्रांस सीईओ फोरम को भी संबोधित करेंगे, जो दोनों देशों के बीच व्यापार और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा।

### कार ने दादी-पोते ...

विमला जाटव (55) पत्नी मुरारी वार्ड क्रमांक 28 की रहने वाली थी। सुबह 7 बजे विमला पोते प्रिंस (5) और पोती पल्लवी (8) को ट्यूशन से लेने गई थी। दोनों को लेकर वो लौट रही थी। इसी दौरान मॉडल स्कूल के सामने रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार कार ने तीनों को कुचल दिया। दादी विमला की मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने से पहले प्रिंस ने दम तोड़ दिया। पल्लवी की हालत गंभीर है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। मृतका विमला के पति मुरारी जाटव का कहना है कि टक्कर इतनी तेज थी कि पत्नी सड़क पर दूर जा गिरी। पड़ोस के लोगों ने सूचना दी तो हम लोग वहां पहुंचे।

### अब चार दिन...

लगेगा। भोपाल के मौसम के रिकॉर्ड के लिहाज से 10 साल में हर बार 15 फरवरी के बाद ही तापमान में बढ़त रही है, जो इस साल भी होगी। इस साल तापमान में बढ़त पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक रहने का अनुमान है। शहर में वर्ष 2015 से फरवरी 2024 तक 15 फरवरी से पहले कभी भी दिन का पारा 31 डिग्री से अधिक यानि सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक अधिक नहीं रहा। इसके बाद से यह लगातार बढ़ता रहा है। इससे गर्मी की शुरूआत 15 फरवरी के बाद से होती रही। सोमवार को भी दिन का पारा 31.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.8 डिग्री अधिक है। रात का पारा 3.6 डिग्री बढ़कर 14.2 डिग्री रहा। यह इस साल फरवरी में तीसरा सबसे अधिक रात का पारा रहा है। इससे पहले 2 फरवरी को सर्वाधिक 14.8 और 3 फरवरी को 14 डिग्री तक रहा है। अगले चार दिन तापमान में घट बढ़ के साथ औसत पारे की बढ़त जारी रहेगी। इससे 15 फरवरी के बाद गर्मी की आहट शुरू हो जाएगी। हालांकि, गुलाबी सर्दी का दौर जारी रहेगा।

### 147 किमी गलत ...

चलने के बाद रास्ता भटक गई। गनीमत रही कि ट्रैक पर बड़ा हादसा होने से टल गया अन्यथा कोई अनहोनी की आशंका थी। घटना सामने आने के बाद सेंट्रल रेलवे की एक टीम ने इसको लेकर संयुक्त जांच दल गठित कर दिया है।

### 3 डिब्बे उतरे...

जबलपुर कटनी रेल मार्ग बाधित हो गया है। कई ट्रेनों का परिचालन रुक गया है। मौके पर पहुंचे अधिकारी रेल रूट को दुरुस्त करने में लगे हैं।
घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**
पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम समसुद्दीन (SAMSUDDIN KHAN) था जो कि अब बदल कर शम्स उद्दीन खान (SHAMSUDDIN KHAN) हो गया अतः अब भविष्य में मुझे शम्स उद्दीन खान (SHAMSUDDIN KHAN) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए पुत्र रमज़ानी खान पता : 27, राजा गजक मोती मस्जिद रोड पीरगेट भोपाल मध्य प्रदेश 462001 मोबाइल न. 9893837052


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R-09 to 12/2/2025- not-14,26,27,03

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाएं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल — डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)

अपने पैरों को बचाएं
डायबिटिक फुट के लक्षण : डायबिटिक से होने वाले पैरों के घाव, पैर में सुन्नपन, पैरों में बिना दर्द का छाला एवं घाव, बार-बार रक्तस्त्रव होना, दुर्गन्ध, दर्द, तरल पदार्थ या मवाद का निकलना, त्वचा का रंग बदलना, गैंग्रीन
Email : lakecityhospital@gmail.com
www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandiayantkale
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.) +91 95229 69980

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** — व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** — सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** — किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5775



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 5774 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| जा | म | क | दा | नी | ■ | मा | ना | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 5785

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5784 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) के तत्वावधान में भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि 'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगी हैं जिनमें विश्वस्तरीय ज्ञानपरक साहित्य सुलभ हो पाता है।

उन्होंने कहा कि पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है। योग के विषय में आचार्य जी ने कहा कि गौरव की बात है कि योग की स्वीकार्यता आज पूरे विश्व में हो गई है। पूरे विश्व में विभिन्न भाषा-भाषी लोग समान रूप से किसी शब्द के अर्थ को जानता है तो वह योग है। योग के व्यापक गहन अर्थ को न भी जानते हों तो वह इतना तो जानते हैं कि यह कुछ




ब्रिदिंग एक्सरसाइज, फिजिकल एक्सरसाइज, कुछ आसन, प्राणायाम के विषय में है। आयुर्वेद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आयुर्वेद के रूप में स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर जो कार्य होना चाहिए था, वस्तुतः वह नहीं हुआ।

## 32 हजार औषधीय पौधों का सचित्र वर्णन

आचार्य ने बताया कि पतंजलि ने वर्ल्ड हर्बल इंसाइक्लोपीडिया के रूप में एक महाग्रंथ का प्रकाशन किया है जिसमें 32 हजार औषधीय पौधों का सचित्र वर्णन है। इससे पहले केवल 12 हजार औषधीय पौधों की जानकारी ही उपलब्ध थी। इसके अतिरिक्त हमने आयुर्वेद आधारित पुस्तक सौमित्रेयनिदानम् का प्रकाशन किया जिसके द्वारा हमने संसार में पनप रहे नए रोग, नए विकार, नई व्याधियों का नवायुगाचार के अनुरूप स्वरूप, लक्षण व निदान सचित्र प्रस्तुत कर एक चूनौतिपूर्ण कार्य किया है। इसमें शरीर संरचना के आधार पर 14 खण्डों में विभाजित करते हुए 6821 श्लोकों में 471 मुख्य व्याधियों सहित लगभग 500 व्याधियों का सचित्र वर्णन किया गया है।

'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगी: बालकृष्ण

### हमारे लिए देश व्यापार नहीं, परिवार है

*उन्होंने कहा कि पतंजलि के उत्पाद इस दृष्टि से निर्मित किए जाते हैं कि उनका उपभोग हमारा परिवार कर रहा है। इसीलिए हमारे उत्पादों की गुणवत्ता व शुद्धता के सभी मापदण्डों पर खरे रहते हैं। हमारे लिए देश व्यापार नहीं, परिवार है। आचार्य ने कहा कि हमने पतंजलि के माध्यम से योग, आयुर्वेद, शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान, प्राचीन पाण्डुलिपि आधारित ग्रंथ तथा प्रेरणादायक आध्यात्कि पुस्तकों का प्रकाशन किया है। साथ ही भारतीय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था की नींव रखते हुए कक्षा-1 से कक्षा-10 तक के पाठ्यक्रम का प्रकाशन भी किया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### स्किल इंडिया प्रोग्राम को पुनर्गठन की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 8,800 करोड़ के ओवरले आउटले के साथ 2026 तक संट्रल सेक्टर स्कीम 'स्किल इंडिया प्रोग्राम को जारी रखने और पुनर्गठन की मंजूरी दे दी। यह निर्णय देश भर में डिमान्ड ड्रिवन, टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड और इंडस्ट्री-अलाइंड ट्रेनिंग को इंटीग्रेट करके एक स्किल्ड, फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

### हजूर मल्टी को 67.16 करोड़ का प्रोजेक्ट मिला

**नई दिल्ली।** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट कर्नाटक राज्य में नेशनल हाइवे 648 के डोबासपेट से डोडाबल्लापुर बाईपास सेक्शन के किमी 0.00 से किमी 42.00 तक चार-लेन के उपयोग के लिए एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। इस प्रोजेक्ट का मूल्य 67.16 करोड़ रुपए है।

### मित्सु केम को हुई 81 करोड़ रु. की कुल आय

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के तिमाही और नौवे महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। तिमाही के मुख्य आंकड़े में कंपनी की कुल आय 80.52 करोड़, ईबीआईटीडीए 5.51 करोड़ रुपए ईबीआईटीडीए मार्जिन 6.84 फीसदी, शुद्ध लाभ 1.49 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ मार्जिन 1.85 फीसदी की वृद्धि रही।

### ध्रुव कंसल्टेंसी ने अर्जित की राजस्व में वृद्धि

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के तिमाही और नौवे महीने के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए। तिमाही के मुख्य आंकड़े में कंपनी की कुल आय 22.56 करोड़, एबिटडा 4.47 करोड़, एबिटडा मार्जिन 19.81 फीसदी, शुद्ध लाभ 2.15 करोड़, शुद्ध लाभ मार्जिन 9.52फीसदी रही। नौवे महीने के वित्तीय आंकड़े में कुल राजस्व 75.49 शुद्ध लाभ 4.91 करोड़, शुद्ध लाभ मार्जिन 6.51फीसदी रही।

### बजाज ने किया हेरिजोन केयर का अनावरण

**पुणे।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हेरिजोन केयर की घोषणा की है, यह सोच-समझकर बनाया गया एक समावेशी हेल्थ इंश्योरेंस प्रॉडक्ट है, जो विशेष रूप से महिलाओं की बदलती हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करता है। यह कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी गंभीर बीमारियों, मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य, वेलनेस आदि का ध्यान रखती है, जो महिलाओं को उनके जीवन के सभी चरणों में फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करती है।

### एजेस फेडरल ने लांच किया 'मोमेंटम ग्रोथ' फंड

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने निवेश की अपनी नई पेशकश मोमेंटम ग्रोथ फंड को लांच किया है। यह नई पेशकश 10 फरवरी से 21 फरवरी, 2025 तक खुली रहेगी। यह निवेश करने वाले उन सभी लोगों के लिए एक शानदार अवसर है, जो यूलिप सेगमेंट में लंबे समय में भारत के मजबूत आर्थिक विकास का फायदा उठाना चाहते हैं। इसे रणनीतिक रूप से निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स के साथ जोड़ा गया है।

### देव आईटी ने किए दो साइबर सुरक्षा अनुबंध

**नई दिल्ली।** देव इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने यूएसए-आधारित एंटरप्राइज ग्राहक से दो महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की है। ये अनुबंध कंपनी को वार्षिक रूप से 250,000 अमेरिकी डॉलर का राजस्व प्रदान करेंगे। देव आईटी कंप्लायंस गाइडेंसग्राहकों को आईएसओ, हिपा और जीडीपीआर मानकों को पूरा करने में मदद करना,सेवाएं–कॉर्टेक्स और एज़्योर सेंटिनल का उपयोग करके निरंतर खतरे की निगरानी प्रदान करेगी।

# क्रेडाई की केंद्रीय मंत्री से मांग-अर्बन चैलेंज कोष से राजधानी को मिले विशेष सहायता

भोपाल ने शहरीकरण की भारी कीमत चुकाई अब पुनर्विकास का समय: मीक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस के दौरान क्रेडाई भोपाल ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के समक्ष केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित 1 लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड में से राजधानी भोपाल के लिए विशेष पैकेज की मांग रखी। इस दौरान क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि भोपाल ने शहरीकरण की बहुत बड़ी कीमत चुकाई है।

1984 की औद्योगिक त्रासदी के बाद इस शहर को पुनर्जीवित करने के लिए कोई ठोस राष्ट्रीय पुनर्विकास योजना नहीं बनाई गई, जबकि दुनिया के कई देशों ने आपदाओं के बाद अपने शहरों को फिर से खड़ा किया है। हिरोशिमा-नागासाकी की पुनर्निर्माण नीति एक आदर्श उदाहरण है, हिरोशिमा और नागासाकी को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए एक समर्पित नीति के तहत वैश्विक आर्थिक केंद्रों में बदला गया। जापान सरकार ने इन शहरों को 'पीस सिटी और 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट मॉडल के रूप में विकसित किया, जिससे वे



आर्थिक, तकनीकी और शहरी विकास के प्रतीक बन गए। इन्हें नियोजित विकास की रणनीति अपनाकर उन्हें विश्वस्तरीय शहरों में बदला गया। भोपाल का भी इसी तरह 'विकसित भारत 2047 योजना के तहत पुनर्निर्मित किया जाना चाहिए। मीक ने अनुरोध किया कि भोपाल को प्रगतिशील राजधानियों की श्रेणी में लाने के लिए केंद्र सरकार की नीतिगत प्राथमिकता और वित्तीय सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### केंद्र सरकार हर संभव प्रयास करेगी : खट्टर

*इस मौके पर शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अर्बन चैलेंज फंड के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य सरकार को अपने हिस्से के बजट प्रावधानों के साथ विस्तृत प्रस्ताव भेजना होगा। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि भोपाल को विशेष अतिरिक्त सहायता दिलाने के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयास करेगी। कमाल का भोपाल अभियान के प्रेरणा सोत्र और क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोक मीक ने प्रमुख सुझाव दिए किभोपाल को स्मार्ट और हेरिटेज मेट्रोपोलिस के रूप में विकसित किया जाए, भोपाल को 500 किमी दायरे का सबसे बड़ा लैंडलॉक्ड शहरी क्षेत्र मानकर लॉजिस्टिक्स केपिटल बनाया जाए,पुराने भोपाल, अञ्ज नगर, गोविंदपुरा, बैरागढ़ के पुनर्विकास को केंद्रीय फंडिंग मिले, भोपाल-इंदौर मेट्रो कॉरिडोर को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित किया जाए, बड़ा तालाब, कलियासोत, और अन्य जल निकायों को नेशनल वाटर बॉडी रिस्टोरेशन मिशन में शामिल किया जाए। भोपाल की जल निकायों और हरित क्षेत्र संरक्षण के लिए केंद्र सरकार से विशेष ग्रीन फंड मिले। भोपाल में किफायती आवास परियोजनाओं को विशेष वित्तीय सहायता दी जाए। भोपाल के अधूरे रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को स्वामी फंड-2 में शामिल किया जाए।*

### रिलायंस ने 10 रु में लांच किया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर'



**मुंबई।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' लांच किया है। इस स्पोर्ट्स ड्रिंक को स्पिन के जादूगर और क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है। मार्केट में मौजूद अन्य स्पोर्ट्स ड्रिंक्स के मुकाबले 'स्पिनर' की कीमत काफी कम रखी गई है। 'स्पिनर' को केवल 10 रुपए में खरीदा जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि 3 वर्षों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का मार्केट 1 अरब डॉलर हो जाएगा और 'स्पिनर' इस मार्किट का बड़ा खिलाड़ी साबित होगा। स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' ने इंडियन क्रिकेट लीग यानी आईपीएल की कई टीमों के साथ साझेदारी कर ली है।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

// आम सूचना //

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 63 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री कमलेश बिहारे आत्मज श्री अर्जुन बिहारे के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र.994-999 दिनांक 26/03/2015 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/10/2014 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 20/12/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती रोमिका पटेल पत्नी श्री राजेश कुमार पटेल के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/01/2025 की क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रोमिका पटेल पत्नी श्री राजेश कुमार पटेल के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-3698/अ-6/2023-2024

// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मयंक बड़कुल आ. अशोक बड़कुल निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वसीयत पत्र दिनांक 22/01/2009 ग्राम बावड़िया कलां (रोहित नगर फेस-2) प.ह.न. 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 146/2/1/1/3, 146/2/1/1/1 व अन्य के अंश भाग में भूखण्ड क्र. 49 क्षे. 2400 वर्गफिट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 13.02.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 31.01.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल

## बिजनेस न्यूज

### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का नया अभियान 'एक्सप्रेशन ऑफ लव'

**नई दिल्ली।** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स को अपने नवीनतम अभियान, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' का अनावरण करने पर गर्व है। टेलीपैथिक संचार की मूक लेकिन शक्तिशाली भाषा को उजागर करते हुए, दिल को छू लेने वाला अभियान अनकहे प्यार और गहनों की शाश्वत सुंदरता के बीच के बिंदुओं को खूबसूरती से जोड़ता है। इस अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहाकि हमारा नया वेलेंटाइन संग्रह, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव', शाश्वत डिजाइनों के माध्यम से इस सार को दर्शाता है जो स्थायी बंधनों की सुंदरता का जश्न मनाता है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कालातीत आभूषण तैयार करने की अपनी विरासत को जारी रखा है जो जीवन के सबसे यादगार पलों का जश्न मनाता है।

### जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह



**भोपाल।** जेएनसीटी यूनिवर्सिटी में लगभग 440 शिक्षक, प्रिंसिपल, कोचिंग संचालक और स्कूल संचालकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे,जेएनसीटी की चेयरपर्सन पूनम चौकसे और जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल के चांसलर अनुपम चौकसे ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान, यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया और उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। इस अवसर पर एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जयनारायण चौकसे ने कहा कि शिक्षकों का योगदान समाज के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है और उनकी मेहनत के बिना हमारा भविष्य नहीं बन सकता।

### सेंट जॉर्ज सीनियर सेकंडरी स्कूल में युवा संसद कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** सेंट जॉर्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवा समाज सांसद पंडित कुंजीलाल दुबे संस्थान द्वारा युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2023 और 2024 के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।गौरतलब है कि इस स्कूल ने लगातार तीसरे वर्ष इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के संचालक बाबू थॉमस ने कहाकि हमारे छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और हमें गर्व है कि वे लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस मौके पर प्रिंसिपल राजेश नायर ने भी बच्चों को संबोधित किया और बताया की हमारा स्कूल बच्चों को हर मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, संस्कृत विद्यापीठ की संचालक प्रतिमा यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय के सचिव रमेश महाजन, और युवा संसदीय प्रभारी अनीता समिति सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### सौम्या व्हीकल पर महिंद्रा के नए ईवी बीई 6 और एक्सईवी 9ई लांच

**भोपाल।** सौम्या व्हीकल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड मिसरोद भोपाल ने महिंद्रा के नए इलेक्ट्रिकल व्हीकल बीई 6 और एक्सईवी 9ई लांच किए हैं जो भविष्य के लिए तैयार हैं और दिखने में फ्यूचरिस्टिक हैं। दोनों वैरिएंट इनग्लो प्लेटफॉर्म पर बने हैं जो खास तौर पर ईवी के लिए डिजाइन किया गया है। दोनों में काफी पावरफुल मोटर हैं जो काफी स्मूद और शांत हैं। 79किलोवाट की बैटरी से ग्राहकों को 500 प्लस की रेंज मिलेगी। 176 किलोवॉट के चार्जर से महिंद्रा ईवी को 20 से 80 फीसदी चार्ज होने में सिर्फ 20 मिनट लगेंगे। रजिस्टर्ड ग्राहकों को लाइफटाइम वारंटी मिलती है। सेफ्टी के लिए इसमें अडास 2 लेवल++, 360 डिग्री कैमरा सिक्योर 360 फैसिलिटी और 7 एयरबैग जैसे एडवांस फीचर्स दिए गए हैं।



### वैबटेक ने की एक्सीड 3.0 कैंपस चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

**भोपाल।** वैबटेक कॉरपोरेशन ने कंपनी की 2024-25 एक्ससीड 3.0 कैंपस चैलेंज के विजेताओं की घोषणा की। यह इस प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण था, जिसमें प्रतिभावान युवाओं को अपनी रचनात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने और उन्हें रेलवे उद्योग की गतिशील और जटिल वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने का अवसर मिला। भारत में वैबटेक कॉरपोरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रमुख डॉ.सुजाता नारायण ने कहा कि एक्ससीड कैंपस चैलेंज एक बेहतरीन द्विवार्षिक अवसर है, जो आने वाले समय के विचारक और कर्मशील पीढ़ी तैयार करने में मदद करता है। विजेता टीमों ने उस नवीनतम विचार, तकनीकी समझ, समर्पण और उत्साह को दिखाया, जो रेलवे उद्योग में सफलता पाने के लिए जरूरी हैं।

### एमजी सेवा से 1.2 लाख लाभार्थी सशक्त बने

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी प्रमुख पहल एमजी सेवा के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने का काम कर रह है। कंपनी की पहली कार के बाजार में आने से पहले पेश की गई एमजी सेवा सामाजिक कल्याण का एक प्रतीक है जो पारंपरिक सीमाओं से परे है। मूलरूप से, एमजी सेवा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा और स्वच्छता तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। अकेले 2024 में, इस पहल ने 1.2 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिनमें 70,000 से ज्यादा महिलाएं हैं। एमजी मोटर इंडिया के इस विश्वास को दर्शाता है कि व्यवसाय प्रभावशाली सामाजिक परिवर्तन में स्वेच्छा से योगदान दे सकते हैं। एमजी सेवा ने उस क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देकर 16,730 से ज्यादा महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, यह ऐसा क्षेत्र है जहां अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं।

### राधारमण कॉलेज की छात्रा समीक्षा ने परचम लहराया



**भोपाल।** राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज रिसर्च हॉस्पिटल भोपाल की बीएएमएस द्वितीय वर्ष की छात्रा समीक्षा तायडे ने सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड सिद्धा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता स्पार्क 2024 में परचम लहराया है। छात्रा समीक्षा तायडे ने उत्कृष्ट प्रतिभा के बल पर उल्लेखनीय सफलता हासिल चयनित छात्र-छात्राओं के बीच अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

### एमआईटी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ने संस्थापक दिवस मनाया

**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटीने प्रतिष्ठित भारत अस्मिता राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सामाजिक कार्य, स्वास्थ्य देखभाल, शासन, और कला में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की स्थापना और विकास के मार्गदर्शक, प्रो. डॉ. विश्वनाथ डी. कराड के 85वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त कायकलश केहर द्वारा एक लाइव संगीत प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी मधुर धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उत्सव में रंग भर दिए। इस मौके पर प्रो. भारत भास्कर, एमआईटी अहमदाबाद के निदेशक; डॉ. सौम्या स्वामीनाथन, एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष और विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक विवेक अग्निहोत्री, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एक प्रसिद्ध गायक और संगीतकार मौजूद रहे।

### सोनालीका ने की 10,350 ट्रैक्टरों की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 2025 की एक प्रेरक शुरुआत करते हुए जनवरी 2025 की सर्वाधिक 10,350 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। अपनी रोमांचक यात्रा के नए चरण में कंपनी लगातार किसानों की सफलता के लिए इनोवेशन प्रदान करते हुए घरेलू बाजार में बड़ी और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया। सोनालीका ने जनवरी 24 में 9,769 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की थी। भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता के युग और लगातार विकसित हो रही कृषि पद्धतियों से गुजर रहा है। केंद्र सरकार के बजट में अर्थव्यवस्था के विकास इंजन के रूप में कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप ट्रैक्टर उद्योग को भी देश को आगे बढ़ाने वाली निर्णायक ताकत के रूप में रहना चाहिए।

**लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश**
गौतम नगर, भोपाल 462023
दूरभाष : 91-0755-2583620, फैक्स : 91-0755-2583651
ईमेल : cmrisepmu125@gmail.com

क्रं./सीएमआर/प्रशि.-250/2024-25/1164
भोपाल दिनांक : 07/02/2025

// विज्ञप्ति //

संचालनालय अंतर्गत समय-समय पर आयोजित होने वाले गैर-आवासीय एवं आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं हेतु दरें निर्धारण करने के लिए एमपी टेंडर्स की साइट पर आरएफपी क्रं./CMR/1162 जारी की गई है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते एमपी टेंडर्स की साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा आरंभ होने की तिथि 08.02.2025 एवं समाप्त होने की तिथि 24.02.2025 को सांय 5:00 बजे है। आवश्यकतानुसार निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र एमपी टेंडर्स की साइट पर जारी किए जाएंगे।

G-22834/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "
डी.एस. कुशवाह
संचालक, लोक शिक्षण म.प्र.

**मध्यप्रदेश शासन वन विभाग**
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी भैंसदेही (सामान्य)**
पता : तहसील कार्यालय भैंसदेही के सामने भैंसदेही जिला बैतूल (म.प्र.) पिन : 460226 Email : sdoftbhaindehi@mp.gov.in

:: जाहिर सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता हैं, कि उपवनमंडल भैंसदेही (सामान्य), वनमंडल दक्षिण बैतूल (सामान्य) के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण में निम्न वाहन जप्त किया गया है।

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमांक एवं दिनांक | वाहन मालिक / आरोपी का नाम एवं पूर्ण पता | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भैंसदेही (सामान्य) | 276/42 दिनांक 23.08.2024 | वाहन मालिक - भास्कर सिंह पिता नरेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी बर्राखेड़ी म्याना, जिला गुना (मध्यप्रदेश) | मारुती अल्टो LX कार, Cloud Silver कलर क्रमांक-MP-08-G-4302 |

अतः सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 01 सप्ताह में वाहन मालिक/वाहन से हित रखने वाले व्यक्ति कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।
आपकी अनुपस्थिति में साक्ष्य एवं अभिलेखो के आधार पर प्रकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता आगामी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र रहेगे।

G-22832/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "
प्राधिकृत अधिकारी एवं
उपवनमंडलाधिकारी भैंसदेही (सामान्य)
वनमंडल दक्षिण बैतूल (सामान्य)

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| केनरा बैंक एम.पी. नगर शाखा, भोपाल (Ph. No 9589142073) e-mail id : cb2073@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0002073, Authorised Officer : Contact No. 9644001712 | | | |
| ऋणी - 1. **मेसर्स श्री राजेंद्र रघुवंशी** प्रोपराइटर- **श्री राजेंद्र रघुवंशी** पुत्र अमर सिंह रघुवंशी जमानतदार: 3. **श्रीमती नीलम रघुवंशी** पत्नि राजेंद्र रघुवंशी | दिनांक 28.02.2024 को ₹ 1,29,40,701.20/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित : (1) बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नंबर 12, एचआईजी, दूसरी मंजिल ''कामधेनु टॉवर'' प्लॉट नंबर ई-2/21, अरेरा कॉलोनी, वार्ड नंबर 50, तहसील- हुजूर जिला-भोपाल संपत्ति मालिक- श्रीमती नीलम रघुवंशी क्षेत्रफल - 900 वर्गफीट प्लॉट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड के नीचे, पश्चिम- पैसेज, उत्तर- फ्लैट नंबर 13, दक्षिण- फ्लैट नंबर 11 | ₹ 47,79,000/- ₹ 4,77,900/- ₹ 10000/- |
| | | (2) बंधक संपत्ति स्थित ऑफिस नंबर 4(डी), मेजेनाइन फ्लोर 'कामधेनु टॉवर' प्लॉट नंबर ई-2/21, स्कीम नंबर-03, अरेरा कॉलोनी, वार्ड नंबर 45, तहसील-हुजूर जिला-भोपाल संपत्ति मालिक- श्री राजेंद्र रघुवंशी क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट प्लॉट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- पैसेज, उत्तर- ऑफिस स्पेस नंबर 5(ई), दक्षिण -ऑफिस स्पेस नंबर 3(सी) | ₹ 85,05,000/- ₹ 8,50,500/- ₹ 10000/- |
| केनरा बैंक होशंगाबाद शाखा, (Ph. No 7080725570) e-mail id : cb2367@canarabank.com Authorised Officer : Contact No. 7080725570, Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002367 | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता: **श्री कन्हैया लाल पुरोहित** पुत्र श्री बलराम पुरोहित सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ता **श्रीमती ललिता पुरोहित** पत्नि श्री कन्हैयालाल पुरोहित | ₹ 27,22,956.66 + दिनांक 31.03.2021 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित प्लाट नं. 32, सर्वे क्रमांक 41/15, प.ह.नं. 17, एन.बी. नं. 125, सर्वे नं. 41/15, वार्ड नं. 14, ग्राम डोंगरी, पंचवटी परिसर, फेस-1, सिटी होशंगाबाद म.प्र.- 461001 क्षेत्रफल- 1050 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्री कन्हैयालाल पुरोहित चर्तुसीमाएंः पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम- प्लॉट नंबर 24 पर घर, उत्तर- प्लॉट नंबर 31 पर घर, दक्षिण- प्लॉट नंबर 33 पर घर | ₹ 24,83,000/- ₹ 2,48,300/- ₹ 10000/- |
| ऋणी- **श्री राजेश शर्मा** पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं **श्रीमती सुमी शर्मा** पत्नि श्री राजेश शर्मा | ₹ 29,33,055.09 + दिनांक 04.10.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | एक फ्लैट नं. 2402, चतुर्थ तल ब्लॉक का नाम एस्टर (एबी) जो कि भूमि खसरा नं. 33/6 पर निर्मित मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का भाग है। बिल्टअप क्षेत्रफल- 580 वर्गफिट, सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 754 वर्गफिट | ₹ 12,21,000/- ₹ 1,22,100/- ₹ 10000/- |
| ऋणी- 1. **श्री महेश चंद्र शर्मा पुत्र श्री रमेश चंद्र शर्मा** 2. **श्री शिव शर्मा पुत्र श्री महेश चंद्र शर्मा** | दिनांक 18.11.2021 को ₹ 19,57,090.12/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट नं.3101, प्रथम तल, क्रिस्टल सीसी 'लाइफस्टाइल आरआरए हेरिटेज' डायवर्टेड खसरा नं.33/6 ग्राम जलालाबाद, पीएच नं.17, वार्ड नं. 08 जलालाबाद शहर होशंगाबाद म.प्र. संपत्ति मालिक- श्री महेश चंद्र शर्मा क्षेत्रफल 580 वर्गफीट चर्तुसीमाएं- पूर्वः गलियारा, पश्चिमः जॉगिंग ट्रैक, उत्तरः फ्लैट नं.सीबी 2100, दक्षिणः खुला क्षेत्र | ₹ 6,53,000/- ₹ 65,300/- ₹ 10000/- |
| ऋणी : **मेसर्स श्री राम कन्सट्रक्शन** प्रोपराइटर- श्री अनिल अहिरवार | ₹ 14,94,099.62 + दिनांक 31.03.2021 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित दुकान नं. एल-13, डायवर्टेड सर्वे नं. 363/3, अमृत परिसर, मौजा-मालाखेड़ी, वार्ड नं. 8, होशंगाबाद म.प्र.- 461001, उपजिला- होशंगाबाद एवं जिला- होशंगाबाद में पंजीकृत चर्तुसीमाएं- उत्तर-रोड, दक्षिण- कॉरिडोर, पूर्व- दुकान नं. एल-14, पश्चिम- गौर साहब का मकान | ₹ 13,00,000/- ₹ 1,30,000/- ₹ 10000/- |
| केनरा बैंक बरेली शाखा, बरेली (Ph. No 8989992564 ) e-mail id : cb6124@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0006124, Authorised Officer : Contact No. 8989992564 | | | |
| ऋणी- **श्री राजेश श्रीवास्तव** पुत्र श्री बालमुकुन्द श्रीवास्तव ऋणी एवं सहऋणी- श्रीमती संध्या श्रीवास्तव पत्नि श्री राजेश श्रीवास्तव | ₹ 8,77,961.49 + दिनांक 19.07.2022 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति क्षेत्रफल- 0.009 हेक्टेयर अथवा 92.89 वर्गमीटर (50*20=1000 वर्गफिट) (म्युटेशन के पश्चात नया कम्प्युटराईज्ड एस नं. 417/37/2, क्षेत्रफल-92.89 वर्गमीटर) स्थित ग्राम- कामटन पीसी नं. 31/20, जे.जे. रोड, कामटन, तहसील-बरेली जिला- रायसेन (म.प्र.) 464668 चर्तुसीमाएं- पूर्व- नेशनल हाईवे, पश्चिम- नरेन्द्र पोरिया का प्लाट, उत्तर- संजय बंसल का मकान, दक्षिण- विक्रेता की शेष जमीन | ₹ 40,60,000/- ₹ 4,06,000/- ₹ 10000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 26-02-2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 27-02-2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |
| केनरा बैंक रायसेन रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 919540543410/8449087876 ) e-mail id : cb5276@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0005276, Authorised Officer : Contact No. 8449087876 | | | |
| ऋणी : **श्री सुनील तिवारी** | दिनांक 10.09.2024 को ₹ 16,21,062.27 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | मकान आवासीय फ्लैट नंबर डी-1 प्रथम तल 'आर.एच वन अपार्टमेंट' प्लॉट नंबर 24 राजहर्ष कॉलोनी, सेक्टर-जे, ग्राम- गेंहुँखेड़ा वार्ड नंबर 84 तहसील-हुजूर जिला भोपाल (क्षेत्रफल- 514 वर्गफीट) चर्तुसीमाएं- उत्तरः प्लॉट नंबर-19, दक्षिणः सड़क सामान्य मार्ग, सीढ़ी और फ्लैट नंबर बी-1, पूर्वः फ्लैट नंबर सी-01, पश्चिमः प्लॉट नंबर जे-23 | ₹ 13,90,000/- ₹ 1,39,000/- ₹ 10000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 18-03-2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 19-03-2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com


नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः 10-02-2025 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# ममता कुलकर्णी ने खुद पद त्यागकर अच्छा ही किया

लंबे विवाद के बाद आखिरकार ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। उनके महामंडलेश्वर बनने के बाद से ही देशभर में अलग-अलग तरह से विरोध के स्वर सुनाई दे रहे थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं। एक वर्ग का कहना था कि ममता को महामंडलेश्वर बनाकर ठीक नहीं किया गया। ममता कुलकर्णी, जो अंडरवर्ल्ड संगठनों और ड्रग सिंडिकेट्स में उलझी एक बॉलीवुड अभिनेत्री थी, उन्हें महामंडलेश्वर के रूप में अभिषेक करने को त्याग की पवित्र परंपराओं का अपमान बताया जा रहा था। ममता कुलकर्णी जिसकी ख्याति आध्यात्मिक योगदान नहीं बल्कि किन्हीं और कारणों से थी, ने महाकुंभ में अचानक अपने संन्यास की घोषणा कर दी, अपना पिंडदान किया और खुद को संन्यासी घोषित किया। उसके बाद से बहस शुरु हो गई कि क्या कोई रातोंरात साधु बन सकता है? संन्यासी जीवन कोई दिखावा नहीं, केवल भगवा धारण कर लेने से कोई संन्यासी नहीं हो जाता। इसके लिए गहन अध्ययन, कठोर अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसी महिला है, जो दशकों से भौतिकता, विवाद और अवैध संबंधों के कारण चर्चाओं में रही। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के साथ उनके कथित रोमांटिक संबंध और उसके बाद में एक सजायाफ्ता ड्रग किंग विक्की गोस्वामी- के साथ उनके संबंध, एक संन्यासी से अपेक्षित नैतिक अखंडता की तस्वीर पेश नहीं करते। 2016 में 2000 करोड़ रुपये का ड्रग स्कैंडल, जिसमें कुलकर्णी को भगोड़ा बताया गया, उनकी विश्वसनीयता पर अमिट दाग लगाता है। 1998 में, छोटा राजन के साथ उनके कथित संबंधों ने मीडिया की गहन जांच को जन्म दिया, जिसकी परिणति फिल्म निर्माताओं को धमकियों और राजकुमार संतोषी की चाइना गेट में दोबारा से उनको अभिनेत्री के रुप में कास्ट करना अपने आप में हैरान करने वाला था। संदिग्ध संगति और अवैध लेन-देन से भरा ऐसा अतीत, आध्यात्मिक जागृति के उनके हालिया दावों पर गंभीर संदेह पैदा करता है। आत्म-साक्षात्कार और मुक्ति मौलिक अधिकार हैं, लेकिन व्यक्तिगत शरण के लिए। हो सकता है कि ममता उन सब कारकों से दूर हो गई हो, जिनसे वो जुड़ी रही थी। उन्होंने बहुत कुछ त्याग भी किया हो, लेकिन हमारे संत समाज के आदर्श होते हैं। ममता में भौतिक आसक्तियों के त्याग, शास्त्रों के ज्ञान का कठोर पालन और निस्वार्थ सेवा के प्रति अटूट समर्पण दिखाई नहीं दे रहा था। कुलकर्णी में हिंदू शास्त्रों के मूलभूत ज्ञान, अनुशासन और सच्चे भिक्षु के जीवित होने का अभाव दिख रहा था। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप भी लग रहे थे। हालांकि ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे। अब जब ममता ने खुद पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विवाद पर पूर्णविराम लग जाएगा और अखाड़े भी किसी ऐसे इंसान को पदासीन करने से गुरेज करेंगे जो विवादों में रहे हों।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी

**भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।**

# मोदी की गारंटी पर दिल्ली की मुहर

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भाजपा ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- 'मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।' दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ₹साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।₹ इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के



नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिल्ली परिणाम
डा. रमेश ठाकुर



# 'आप' का अपराजय होने का भ्रम टूटा


लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में जनता जर्नादन ही सर्वोपरि होती है। पर, ये बात एकाध बंपर जीत करने के बाद सियासी दल भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी का जब से जन्म हुआ, उसके बाद दिल्ली में तकरीबन चुनावों में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर अपने भीतर ये भ्रम पाल लिया कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता? लेकिन नियति की मार देखिएगा, केजरीवाल आखिरकार हार ही गए? दरअसल, भारतीय लोकतंत्र की यही सबसे खूबसूरत तस्वीर है जिसे स्वयं जनता कैनवास पर अपने मताधिकार से उकेरती है। जो आवाम नेताओं को सिर आंखों पर बिठाती है, वही जब अपने पर आती है तो अच्छे-अच्छों को आसमान से जमीन पर पटकने में भी देर नहीं करती? दिल्ली की ये हार आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक सताएगी। जब गढ़ ही गड़गड़ा गया, तो भविष्य की डगर निश्चित रूप से गडबड़ाएगी। केजरीवाल को पार्टी की हार उतनी नहीं सताएगी, जितनी उनके शीर्ष नेतृत्व के हारने से उनका मनोबल टूटेगा। केजरीवाल के कद्दावर नेताओं के नेताओं के हारने से पार्टी के जनाधार में भी यहीं से डेंट लगना आरंभ हो जाएगा। क्योंकि सेना के साथ-साथ उनका सेनापति भी हार गए। भाजपा की जीत ने 'आप' का दिल्ली में लंबे समय तक राज करने का भ्रम भी तोड़ा है।

फिलहाल, राजधानी में कौन अलगे पांच वर्ष तक सत्ता पर काविज रहेगा, ये आठ तारीख को आए परिणाम से तय हो गया। भाजपा ने 'आप'दा को मात देकर अपना 27 साल का सूखा मिटा लिया। भाजपा की जीत ने कई भ्रट तोड़े हैं। केजरीवाल की टीम ये ठाने बैठी थी कि उन्हें कोई हरा ही नहीं सकता। दलों को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए कि जीवंत लोकतंत्र में कोई दल स्थाई नहीं होता, सभी अस्थाई होते हैं? सियासी पार्टियों का बजूद जनता जनाधार की ताकत से ही मजबूत होता है। जनाधार जैसे ही खिसकता है, नींव भी कमजोर हो जाती है। एक जमाना था, जब जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों का पश्चिम बंगाल से लेकर भारत के दूसरे छोर तक बोला बाला होता था। आज ये दल किन परिस्थितियों में हैं, सभी जानते हैं, बताने की जरूरत नहीं? मुठ्ठी भर कार्यकर्ता भी उनके पास नहीं बचे? इन पार्टियों के कार्यालयों में ताले पड़े हैं। 'आम' से 'खास' बनने के बाद 'आप' पार्टी के नेताओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते थे। 'अहम' और 'घंमड़' उनमें आ गया था। खैर, उनके पास मौका अभी भी है, राजधानी वालों ने उनको विधानसभा में मुख्य और प्रचंड़ विपक्ष की भूमिका दी है जिसमें जनता उनकी परीक्षा लेगी।

'आप' वाले सरकार कैसे चलाते हैं, ये तो जनता ने अच्छे से देख लिया? विपक्ष में रहकर कैसा व्यवहार करेंगे हैं, ये उनको देखना है और परखना है। बहरहाल, दिल्ली में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के एक-दो नहीं, बल्कि बहुतेरे कारण हैं। हार के सियासी मायने भी दिलचस्प हैं। भारतीय राजनीति में इस परिणाम के असर दूर-दूर तक दिखेंगे। भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता भी मजबूत होगी। वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन' में बिखराव का होना भी स्वाभाविक रहेगा। क्योंकि इस जीत से भाजपा ने विपक्ष पर जबरदस्त मनौवैज्ञानिक बढ़ा ली है। भाजपा ने जिस अंदाज में पटकनी सत्ता दल को दी है, उन्हें उम्मीद नहीं थी। हारने के बाद केजरीवाल अब पुराने दिनों को जरूर याद करेंगे। गलतियां कहां-कहां हुईं, क्या खोया और क्या पाया? सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करेंगे। कैसे, उन्होंने अन्ना हजारे की आड़ लेकर अपनी राजनैतिक आभा चमकाई, और जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने 'आप' का गठन करके कांग्रेस की दिल्ली में समूची सियायी जमीन ही हड़पी। आज कांग्रेस अपनी दुर्दशा पर उतनी दुखी नहीं है जितनी केजरीवाल के हारने से खुश है। केजरीवाल ने भी कुछ इसी अंदाज में कभी शीला दीक्षित सहित उनकी टॉप लीडरशिप को एक झटके में हराया था। वही तस्वीर आज फिर उभरी। शीला दीक्षित की आत्मा भी आज खुश होंगी। केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लोगों ने उसी दिन से भांप लिया था। जब उन्होंने 2013 में धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीते थे और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। हांलाकि, कांग्रेस की उस एक मात्र भूल ने ही आगे चलकर 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका पूरा का पूरा सफाया हुआ। दूसरे चुनाव में 'आप' को मुस्लिम मतदाताओं ने भी खूब प्यार दिया। उनके समर्थन ने दिल्ली में रिकॉर्ड जीत दिलाई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### डंकी रूट : स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग

हाल ही में अमेरिका से 104 अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी।

*- सुरेंद्र दुबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू पर संघर्ष विराम आगे बढ़ाने का दबाव


हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की हालत दयनीय होने संबंधी नए विवरण सामने आने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा के साथ किए गए संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। संघर्ष विराम की दूसरे चरण की वार्ता तीन फरवरी से शुरू होनी थी लेकिन इजराइल तथा हमास के बीच कोई खास प्रगति नहीं हुई है, जबकि इजराइली सेनाएं समझौते के तहत रविवार को गाजा गलियारे से हट गई हैं। नेतन्याहू ने वार्ता में मध्यस्थता कर रहे एक प्रतिनिधिमंडल को कतर भेजा था लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल में उच्च स्तर के अधिकारी शामिल नहीं थे जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस चरण में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू हाल में ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे। माना जा रहा है कि वह इस मसले पर मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप ने रविवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई।



## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में खिला सड़े शव की दुर्गंध वाला फूल

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है। तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है। कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है।



## ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



प्रयागराज महाकुंभ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### फ्रांस और अमेरिका रहूंगा



अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में, मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। इसके अलावा हम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### न्यायाधीशों को निकालें



मैं यह प्रस्ताव करना चाहता हूं कि नई सरकार द्वारा निर्धारित सबसे खराब एक फीसदी नियुक्त न्यायाधीशों को हर साल निकाल दिया जाए। इससे सबसे भ्रष्ट और सबसे कम सक्षम लोग बाहर हो जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



मेरी फिल्म द सिग्नेचर के लिए ओटीटी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने की खुशी है। धन्यवाद, इस सम्मान को मैं केसी बोकाडिया, गजेंद्र अहिरे और मेरे साथी अभिनेताओं और तकनीशियनों के साथ साझा करता हूं। धन्यवाद, जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में 252 कर्मचारियों ने कराई जांच

**संतनगर।** स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सोमवार को वल्लभ भवन में मंत्रालय कर्मचारियों और उनके परिवार जन के लिए निःशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विधायक भगवानदास सबनानी, सेवा सदन के प्रबंधन ट्रस्टी एसी साधवानी और कन्सल्टेन्ट कर्नल डॉ. मदन देशपाण्डे भी उपस्थित थे। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा सोमवार से शुरू हुए चार दिवसीय शिविर दृष्टिदोष, नेत्र और दन्त रोग की जांच की गई। शिविर के पहले दिन 252 कर्मचारियों ने अपने दृष्टिदोष, नेत्र और दन्त रोगों की जांच करवाई । इसमें 130 कर्मचारी दृष्टि दोष, 6 को मोतियाबिंद के लक्षण पाये गए।

### 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन कल से

**औबेदुल्लागंज।** नगर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा बुधवार 12 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। कथावाचक पंडित सदभव तिवारी के मार्गदर्शन में बुधवार को सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्री राम कथा सामूहिक महिला भजन मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शोभा यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर सीताराम चौराहे, पुरानी कन्या शाला, वार्ड 13 बाल विहार पहुंचेगी। महिला भजन मंडल ने सभी महिलाओं से निवेदन किया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर पहुंचे।

### टॉपर छात्रों के बैंक खाते होंगे अपडेट

**मंडीदीप।** नगर में 75 प्रतिशत अंकों से पास विद्यार्थियों के खाते अपडेट करने के निर्देश जारी हो गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षण सत्र 2023-24 में 12वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिषत अंकों के साथ प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बैंक खाते शिक्षा पोर्टल पर अपडेट करना है। इसके लिए सभी पात्र छात्र-छात्राओं के क्रियाशील बैंक खातों को अपडेट करने दो दिन अभियान चलाकर पूरा करना है। संचालक ने खाता की एंट्री सावधानी से करने के निर्देश दिए हैं ताकि राशि सही बैंक खाते में पहुंच सके।

### मंडल नेताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष को घेरा

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे के साथ वर्तमान मंडल के नेता माधव यादव, बागीश अग्रवाल और नरेश सेठी ने सोनू चौकसे को घेरा। यह तीन नेता माधव यादव, बागीश अग्रवाल और नरेश सेठी मंडल चुनाव में विरोधी रहे हैं। वैसे नगर परिषद में पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे की पत्नी लक्ष्मी चौकसे नगर परिषद अध्यक्ष हैं, तो बागीश अग्रवाल की पत्नी नमीता अग्रवाल उपाध्यक्ष हैं। वहीं नरेश सेठी की पत्नी भारती सेठी वार्ड 2 की पार्षद हैं, जो अध्यक्ष के प्रस्ताव को गिरा दिया था, मगर पटेल चौराहे पर खूब चर्चा हुई। वार्ड 9 के पार्षद पति राजेंद्र गुड्डु साहू ने भी तंज कसा।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राहुल नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर में बेसुध पड़ी देख पति उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना अरेरा हिल्स पुलिस को मिलने के कारण अरेरा हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कमला नगर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार पूजा रजक पति अरुण रजक (35) राहुल नगर, कमला नगर में रहती थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 359 | 71 | 470 |
| रात: | 347 | 40 | 578 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 278 | 74 | 356 |
| रात: | 267 | 50 | 145 |

---

महिला थाना पुलिस ने चार भाइयों के खिलाफ दहेज अधिनियम की धाराओं में दर्ज किया प्रकरण

# बारातियों को सोने की चेन और दूल्हे के लिए कार की मांग कर रहे वर पक्ष ने शादी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर इलाके में रहने वाली एक युवती से सगाई करने के बाद शादी से पहले दहेज की मांग कर रहे युवक और उसके चार भाइयों के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने दहेज अधिनियम की धाराओं में एफआईआर की है। दरअसल, सगाई होने के बाद 10 दिसंबर 2024 को युवती की शादी होनी थी। शादी से पहले वर ने बारात में आने वाले लोगों के लिए चेन और खुद के लिए कार की मांग कर ली। सभी को चेन और कार देने में बड़ी रकम नहीं होने के कारण वधु पक्ष ने दहेज देने से मना किया था।

### पिता की नहीं थी हैसियत





इधर, दहेज नहीं मिलने से नाराज होकर वर और उसके भाइयों ने शादी से मना कर दिया। उनका कहना था कि पंडित जी ने मना कर दिया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत महिला थाने में की थी। महिला थाना पुलिस ने जांच के बाद वर और उसके चार भाइयों पर दहेज अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 32 साल की युवती गांधी नगर इलाके में रहती हैं और प्राइवेट जॉब करती है। उसके पिता जीएसटी में इंस्पेक्टर है। युवती का रिश्ते कमला नगर इलाके में रहने वाले पवन चौरे से हुआ था। पवन शासकीय नौकरी पर है। युवती और पवन चोरी की सगाई हो गई। सगाई में रीति रिवाज के अनुसार युवती के परिजन ने मेहमानों का स्वागत सत्कार किया था। 10 दिसंबर को युवती की शादी होनी थी। इससे पहले ही पवन और उसके भाइयों में अखिलेष चौरे, प्रशांत चौरे, अनुराग चौरे ने युवती के परिवार से चर्चा की और कहा कि उन्हें दहेज में कार चाहिए। इसके अलावा बारात में आने वाले परिवार के सदस्यों को सोने की चेन चाहिए। कार और सभी को सोने की चेन देना युवती के पिता की हैसियत में नहीं थी। लिहाजा उन्होंने दहेज देने से इनकार कर दिया था।

### पारीवारिक विवाद के कारण साढ़ू भाई के घर में लगाई आग

ईटखेड़ी इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते साढ़ू भाई ने घर में आग लगा दी। इसके पूर्व छत से बिजली के तार हटाए और सिलेंडर बाहर निकाला था। पड़ोसी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपी को जिला अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, विसन सिंह अहिरवार ग्राम चांदपुर में रहता है और निजी काम करता है। विसन के पड़ोस में बलराम मीना और मुकेश मीना रहते हैं। दोनों आपस में साढ़ू भाई हैं। उनके बीच पारिवारिक विवाद है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे मुकेश मीना घर पर नहीं था। तभी बलराम छत पर चढ़ा और बिजली के तार हटाए। मुकेश के घर के अंदर जाकर सिलेंडर निकाला। इसके बाद घर में आग लगा दी। बलराम को यह करते हुए विसन ने देख लिया। विसन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बलराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

निशातपुरा स्थित नई जेल रोड पर एलेक्जेंडर गार्डन के सामने हुआ हादसा

# कॉलेज बस की टक्कर से एक्टिवा सवार नर्सिंग छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा स्थित नई जेल रोड पर एलेक्जेंडर गार्डन के सामने रविवार शाम तेज रफ्तार कॉलेज बस ने एक्टिवा सवार नर्सिंग की छात्रा को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्रा को निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। हादसा वन वे रोड होने के कारण हुआ। दरअसल, सड़क निर्माण के चलते एक तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। पुलिस ने बस जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसाार शंकर नगर पलासी निवासी नम्रता अहिरवार पुत्री गणपत अहिरवार (23) बीएससी नर्सिंग की अंतिम वर्ष की छात्रा थी। रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी एक्टिवा से करोंद से गांधी नगर की ओर जा रही थी। इस दौरान एलेक्जेंडर गार्डन के सामने नई जेल रोड पर सामने जा रही बंसल कॉलेज की बस के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बस अचानक मोड़ दी। पीछे से आ रही एक्टिवा सवार छात्रा बस की चपेट में आ गई।

हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से छात्रा को करोंद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि छात्रा पढ़ाई के अलावा प्राइवेट काम भी करती थी। घटना के समय वह काम पर जा रही थी।

---

न्यू जेल रोड पर सागर गैरे रेस्टोरेंट से कुछ दूरी पर टूबा कॉलेज के सामने हुआ हादसा


# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौत, तीन गंभीर लोगों का चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित न्यू जेल रोड पर सागर गैरे रेस्टोरेंट से कुछ दूरी पर टूबा कॉलेज के सामने सोमवार तड़के तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो ड्राइव कर रहे युवक सहित 9 लोगों को चोट आई थी। सभी घायलों को नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन ही हालत गंभीर है। हादसे में छह अन्य लोगों को भी चोट आई है। सभी का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसा दोस्त की शादी से लौटते समय हुआ।

पुलिस के अनुसार फैजान पिता फैयाज (25) पीजीबीटी, कैंपस, थाना गौतम में रहता था और मैकेनिक का काम करता था। फैजान अपने दोस्त यासिर सहित अन्य आठ लोगों के साथ रंगमहल गार्डन लांबाखेड़ा, शादी में शामिल गया था। वहां से सभी लोग अपने-अपने घर लौट रहे थे। टूबा कॉलेज के सामने पहुंचते ही उनकी स्कॉर्पियो पलट गई। दो से तीन बार पलटियां खाने के कारण स्कॉर्पियो सवार सभी लोगों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान फैजान की मौत हो गई।

### दोस्त की शादी से लौटते समय सोमवार तड़के पलटी स्कॉर्पियो








### दो से तीन बार पलटियां खाई स्कॉर्पियो

हादसे के समय स्कॉर्पियो में सवार थे 9 दोस्त, अलग-अलग निजी अस्पताल में आठ लोग भर्ती, तीन ही हालत गंभीर



स्कॉर्पियों के पीछे फैजान और स्कॉर्पियो सवार युवकों के अन्य परिचित भी अन्य गाड़ी में थे। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो उनके सामने चल रही थी। टूबा कॉलेज के पास स्कॉर्पियो पहले सड़क के साइड में उतरी फिर यासिर ने उसे सड़क पर चढ़ाई। तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो सड़क पर चढ़ते ही अनियंत्रित होकर पलट गई और दो से तीन बार पलटियां खाई थी। पलटियां खाने के कारण अंदर बैठे लोग गेट से बाहर निकल निकलकर गिरे थे। फैजान को हादसे में सिर सहित बाएं पैर में गंभीर चोट थी। फैजान, यासिर सहित सभी लोगों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान दोपहर करीब सवा 12 बजे फैजान की मौत हो गई। हादसे में गाड़ी में सवार तीन अन्य लोगों को गंभीर चोट आई है। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### दूल्हें को घर छोड़ने के बाद चाय पीकर लौट रहे थे

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि शादी का कार्यक्रम होने के बाद दूल्हे को घर छोड़ने के बाद सभी लोग चाय पीने के लिए निकले थे। चाय पीने के बाद स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। कच्ची सड़क पर स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में थी। पक्की सड़क पर स्कॉर्पियो चढ़ाते समय हादसा हुआ। दरअसल, ऊंची नीची सड़क और रफ्तार अधिक होने के कारण सड़क पर आते ही स्कॉर्पियो पलट गई।

### स्कॉर्पियो के उड़े परखच्चे

हादसे के बाद स्कॉर्पियो पलट गई। सामने से टक्कर नहीं होने के कारण उसके एयरबैग नहीं खुले थे, लेकिन बार-बार पलटी खाने के कारण उसके गेट खुल गए। जिससे लोग सड़क पर गिर गए थे।

---

बिलखिरिया स्थित गांव हरिपुरा में हुआ हादसा

# दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित हरिपुरा गांव में रविवार शाम तेज रफ्तार दो बाइक आपस में टकरा गई। हादसे के बाद बाइक सवार चार घायलों को अस्पताल ले जाया गया, वहां 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है।

बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि गोपाल बंजारा (35) ग्राम हरिपुरा बंजारा बस्ती में रहता था और ईंटभट्टे पर मिनीट्रक चलाता था। रविवार की रात को उसने अपना ट्रक ग्राम पड़रिया में खड़ा किया और बाइक लेकर घर के लिए रवाना हो गया। रास्ते में रायसेन निवासी रामजी बंजारा (60) ने उससे लिफ्ट मांगी। रामसिंह को भी हरिपुरा बंजारा बस्ती में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां जाना था। गोपाल ने रामसिंह को बाइक पर बिठाया और गांव के लिए चल दिया। कुछ दूर आगे हरिपुरा गांव पहुंचते ही बाइक सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। उस बाइक पर अर्जुन पिता फूलसिंह बंजारा (18) और उसका दोस्त मनोज बंजारा, निवासी ग्राम हरिपुरा सवार थे। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार चारों को लोगों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल बंजारा, रामसिंह बंजारा और अर्जुन बंजारा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मनोज बंजारा का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद परिजन शव लेकर अस्पताल से घर चले गए थे। सूचना के बाद पुलिस गांव पहुंची तो परिजन शवों का पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार नहीं थे। समझाइश के बाद वह पीएम के लिए तैयार हुए, जिसके बाद तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। बताया जाता है कि ग्राम पड़रिया और हरिपुरा के बीच पक्की सड़क बनी हुई है, लेकिन अंधेरा होने के कारण सड़क पर अक्सर हादसे होते हैं।

### भदभदा स्टेशन के पास ट्रेन से गिरे किन्नर की मौत

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भदभदा गांव में महाराज ढाबा से कुछ दूरी पर रविवार देर रात पुलिस ने एक किन्नर की लाश बरामद की है। किन्नर दिल्ली से निकला था और महाराज ढाबा के पास चलती ट्रेन से संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि रविवार रात करीब 1 बजे भदभदा स्टेशन से कुछ दूरी पर यात्री के गिरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने महाराज ढाबा से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक से एक किन्नर का शव बरामद किया। किन्नर के पास मिले दस्तावेज से उसकी पहचान सनाया (22) निवासी दिल्ली के रूप में कर ली गई। पुलिस ने सनाया के गुरु पूजा किन्नर को घटना की जानकारी दे दी है।

---

नगर परिषद के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# वार्ड 2 के खाली प्लॉटों में फैली गंदगी से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



वार्ड 2 महावीर कॉलोनी के खाली प्लॉटों में फैली गंदगी और गंदा पानी भरे होने से रहवासी परेशान हैं। इस गंदे पानी से सांप बिच्छू निकल रह हैं और मच्छर पनप रहे हैं। वार्ड पार्षद भारती नरेश सेठी कहते हैं कि ढाई साल में 25 पत्र दिए और कई बार मौखिक भी नगर परिषद दफ्तर में जिम्मेदारों को जानकारी दी, मगर कोई देखने-सुनने वाला नहीं है।

पंडित शैलेंद्र दुबे और पार्षद 10 के निवासी सना आमीर ममनून कहते हैं कि वार्ड 2 की हालत खराब है। सबसे ज्यादा गंदगी और कीचड़ भरी सड़क से लोग आना-जाना करते हैं। वहीं पेंशनर समिति के अध्यक्ष नवल मालवीय उपाध्यक्ष सीताराम मालवीय और सदस्यों ने नये कलेक्टर को जनपद प्रांगण में ज्ञापन देकर महावीर कॉलोनी से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। कलेक्टर रायसेन ने एसडीएम को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने फोन पर बताया कि मैं स्वयं जाकर देखूंगा और कार्रवाई करूंगा।



### मुनादी के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण, लग रहा रोजाना जाम

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद और एसडीएम ने मिलकर ढाई साल में सात बार मुनादी कराई कि नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए अतिक्रमण हटेगा, लेकिन मुनादी मजाक बनकर रह गई है। नगर में बस एक ही चर्चा है कि अब और कितनी मुनादी कराई जाएगी। नगर में अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन जाम लगते हैं। दिन में कई बार चौराहे पर जाम लगने से वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। सीताराम चौराहे पर तो जितनी बसें रूकती हैं उतनी बार जाम लगता है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम आयोजित

# डिप्रेशन से बचने स्टूडेंट्स एग्जाम के समय अपनी बातों को शेयर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में शासकीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री की 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम सोमवार को लाइव प्रसारण सुना, जिसमें पीएम मोदी ने छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एग्जाम वॉरियर्स (स्टूडेंट्स) द्वारा पूछे गए प्रश्नों का आंसर दिया। वहीं अपने कई अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें मोटिवेट किया। छात्रों के साथ ही पीएम ने माता-पिता एवं टीचर्स को भी स्टूडेंट्स को मोटिवेट करने का पाठ पढ़ाया।

पीएम ने परीक्षा पे चर्चा में स्टूडेंट्स को डिप्रेशन से लड़ने का तरीका बताया। पीएम ने कहा कि हर बच्चा जब छोटा होता है तो आसानी से अपने माता-पिता एवं अपने बड़ों से अपनी बातों को साझा कर लेता है, लेकिन जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं वे अपनी बातें शेयर करने से बचने लगते हैं। उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए।



### मोटिवेशन से अच्छी फीलिंग आती है

पीएम ने कहा कि स्टूडेंट्स एग्जाम के समय अपनी बातों को जरूर शेयर करें, इससे वे डिप्रेशन से बचे रह सकते हैं। स्कूली बच्चों में अति उत्साह देखा गया। चर्चा सुनने के बाद विद्यार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के मोटिवेशन से अच्छी फीलिंग आती है, जो विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ उनके कॅरियर के लिए जरूरी है। दसवीं की छात्रा प्राची ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि हर किसी के पास 24 घंटे होते हैं,उस समय को कैसे उपयोग किया जाए यह जरूरी है। टाइम मैनेजमेंट पर फोकस किया जाए। बारहवीं के बालकों का मानना था कि लीडर बनने के लिए जहाँ कम वहां हम की भावना होनी चाहिए के कथन से बहुत सीख मिली। उन्होंने बताया कि छात्रों को जब किसी भी तरह का तनाव हो तो अपने पेरेंट्स से मन की बात साझा अवश्य करें।

---

### देवेंद्र और सुरजीत बने पटवा के खास





**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, ढाबा संघ अध्यक्ष, व्यापार महासंघ उपाध्यक्ष, उद्योगपति देवेंद्र सिंह राजू दोनों रिश्ते में भाई हैं। ज्ञातत्त्व हो कि जब यह दोनों नेता कांग्रेस में थे, तब इनमें तनातनी रहती थी और दोनों नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के कट्टर समर्थक हैं। पचौरी के साथ यह दोनों नेता लोकसभा चुनाव में भाजपा में आ गए। भाजपा में आते ही विधायक सुरेंद्र पटवा के खास बन गए। दोनों सरदार बिल्ले और राजू के आपसी प्रेम बढ़ने से दोनों सरदार असरदार साबित हो रहे हैं।

---

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

# 9वीं की दलित छात्रा का अपहरण, बस से इंदौर ले जाकर डराया-धमकाया, फिर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 15 साल की दलित छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ड्राइवर बस से उसे लेकर इंदौर पहुंचा था और बीच में कहीं रुकने के बाद उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। आरोपी ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी थी। लिहाजा उसने देरी से शिकायत की। पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### छात्रा को मनचला कर रहा था परेशान, प्रकरण दर्ज

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एक मल्टी में केबल ऑपरेटर के घर काम करने वाले मनचले पर पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर की है। दरअसल, मल्टी में रहने वाली फर्स्ट ईयर की छात्रा का मनचला लंबे समय से परेशान कर रहा था। छात्रा ने घटना की शिकायत सीएम हेल्प लाइन में तक कर दी। सीएम हेल्प लाइन में शिकायत होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार 19 साल की युवती इलाके में रहती है और फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उसके साथ उसकी दो भतीजी भी रहती है। जिस मल्टी में वह रहती है उसी मल्टी में आरोपी रहता है वह पूरे समय भांग के नशे में रहता है और आते जाते छेड़छाड़ करता है।

पुलिस के अनुसार सूखी सेवनियां स्थित एक कस्बे में रहने वाली 14 साल 10 माह की किशोरी 9वीं कक्षा की छात्रा है। गांव में रहने वाले राहुल साहू से उसकी जान-पहचान थी। विगत 25 जनवरी को राहुल डरा-धमकाकर किशोरी को अगवा कर बस से इंदौर ले गया। रास्ते में कहीं आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि घटना की जानकारी किसी को दी तो वह उसे और उसके परिवार को मौत के घाट उतार देगा। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों आरोपी राहुल साहू दोबारा किशोरी पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। आरोपी से परेशान होकर उसने परिजन को सारी बात बता दी। परिजन बेटी को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी राहुल साहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

भोपाल सैन्य स्टेशन पर ढांचे को बदलने पर सेमिनार आयोजित

# सेना का बुनियादी ढांचा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भारतीय सेना और मुख्य अभियंता भोपाल जोन, सैन्य इंजीनियर सेवा (एमईएस) ने प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के सहयोग से भोपाल सैन्य स्टेशन पर 'नई निर्माण प्रौद्योगिकियों, हरित ऊर्जा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय सेना को बदलने' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का उद्देश्य सैन्य प्रतिष्ठानों में स्थिरता, ऊर्जा दक्षता और जलवायु अनुकूलनशीलता को बढ़ाने के लिए सैन्य बुनियादी ढांचे में नवाचार करना था। इस कार्यक्रम में मेजर जनरल शरद कुमार श्रीवास्तव, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, सुदर्शन चक्र कोर ने उद्घाटन भाषण दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता को कम करते हुए मिशन की तत्परता सुनिश्चित करते हैं। मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) के भोपाल जोन के मुख्य अभियंता ईश्वर दत्त ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एमईएस बुनियादी ढांचे को बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेना का बुनियादी ढांचा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार है।



# जनजातीय साहित्य महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन आज और कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


**कालबेलिया, चकरी सहित बुंदेली लोकनृत्य से सजेगा जनजातीय साहित्य महोत्सव**

मानव संग्रहालय में 11 एवं 12 फरवरी को जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस विशेष महोत्सव में देशभर से आदिवासी विद्वान, लेखक एवं शोधकर्ता भाग लेंगे और चार से अधिक सत्रों में विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करेंगे। साथ ही अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त महोत्सव के प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनजातीय संस्कृति के रंगों से सराबोर लोक नृत्य और गीतों की विशेष प्रस्तुतियां खास होंगी।



### 16 प्रकाशक लगाएंगे अपने स्टॉल

पारंपरिक भोजन- महोत्सव में जनजातीय व्यंजनों का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें भारिया एवं गोंड कलाकार (तामिया, छिंदवाड़ा) और भील (झाबुआ) एवं बघेली (रीवा) दल पारंपरिक भोजन तैयार करेंगे। पुस्तक प्रदर्शनी-इस प्रदर्शनी में लगभग 16 प्रकाशक अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां जनजातीय साहित्य से संबंधित दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार के प्रकाशक भाग लेंगे, जो शोधकर्ताओं और साहित्य प्रेमियों के लिए एक अनूठा अवसर होगा।





### इनकी रहेगी प्रस्तुति



राजस्थानी लोक नृत्य दल-यह दल कालबेलिया, चकरी जैसे प्रसिद्ध राजस्थानी नृत्य एवं लोकगीत प्रस्तुत करेगा।
बुंदेली लोक नृत्य दल (छतरपुर)- इस दल में 12 कलाकार भाग लेंगे, जो बुंदेली लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

---

**'रंग अंताक्षरी' का आयोजन 14 फरवरी को रवीन्द्र भवन में**

# फिल्म एक्टर अन्नु कपूर और कुमार भोपाल में करेंगे लाइव अंताक्षरी की मेजबानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूरे भारत में तालों के नाम से मशहूर भोपाल जिसे तालों में ताल भोपाल के नाम से भी जाना जाता है, अब उसमें अंताक्षरी का रंग लेकर आ रहे हैं फिल्म एक्टर अन्नु कपूर और कुमार जो कि रवीन्द्र भवन में 14 फरवरी को 'रंग अंताक्षरी' का रंग बिखेरेंगे, जिसका गवाह बनेगा पूरा भोपाल। इस लाइव अंताक्षरी प्रतियोगिता की मेजबानी करेंगे दिग्गज कलाकार अन्नु कपूर और जाने-माने गीतकार, उद्यमी और आईआईटी के पूर्व छात्र कुमार। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिभाशाली लोग आकर्षक पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ऑडिशन और पुरस्कार प्रतियोगिता के ऑडिशन 12 और 13 फरवरी को भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। चयनित प्रतिभागी 14 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। लाइव अंताक्षरी के विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### लकी ड्रॉ में मिलेगा पुरस्कार जीतने का मौका

कुमार, जिन्होंने हाल ही में पद्मश्री सुरेश वाडकर के साथ हिट रेडियो शो ऐ जिंदगी गले लगा ले लॉन्च किया है। इस कार्यक्रम के जरिए मनोरंजन और संस्कृति को एक साथ जोड़ने का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहे हैं। उनके चल रहे रेडियो कॉलम बाय कुमार ने पहले ही भारत के लोगों का दिल जीत लिया है और यह अंताक्षरी कार्यक्रम संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों को भी लकी ड्रॉ में पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।

---

भोपाल के इन्वेंटर ने किया इन्वेंट, जिसमें रखा सस्टेनेबिलिटी का ध्यान

# किसी ने बिजली खपत कमी का किया अविष्कार, तो किसी के नाम 13 पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहते हैं आवश्यकता अविष्कार की जननी है। जब किसी चीज की आवश्यकता होती हैं तभी कोई न कोई अविष्कार इजाद होता है। आज नेशनल इन्वेंटर डे पर हरिभूमि ने ऐसी की इन्वेंटर्स को तलाशा जिन्होंने समाज में पॉजिटिव बदलाव लाने कुछ नया इजाद किया। जिनमें से एक है मैनिट की प्रोफेसर डॉ. सविता दीक्षित का। जिसके नाम एक दो नहीं बल्कि 13 पैटेंट हैं, जिन्होंने मात्र 23 साल की उम्र में पीएचडी की और समाज के लिए कुछ करने की चाहत के चलते उनके द्वारा अविष्कृत चीजों में सस्टेनेबिलिटी यानी संधारणीयता का विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं एक हैं आईसर के शिवेंद्र जिन्होंने टीम के साथ मिलकर एक ऐसा रोबो डॉग तैयार किया है जो प्राकृतिक और मानव जनित आपदा में लोगों की मदद करेगा।

**बचपन से ही साइंटिस्ट बनना था, घर वालों ने कहा-प्रोफेसर बनो**

9 अवॉर्डेड और 4 पब्लिश पेटेंट रजिस्टर करा चुकी सविता ने हरिभूमि से बातचीत में कहा मुझे बचपन से ही साइंटिस्ट बनना था, लेकिन घर वालों ने कहा कि प्रोफेसर बनों तो आज मैंने प्रोफेसर रहते हुए कुल 13 पेटेंट रजिस्टर कराए। 5जी (जल, जंगल, जमीन, जानवर और जल) का बैलेंस करके चलने वाली सविता के इन टॉपिक्स पर पैटेंट हुए रजिस्टर।

**आज नेशनल इन्वेंटर डे**



### नीम, आंवला, एलोवेरा, श्यामा तुलसी सेब बनाया कैंसर के लिए हर्बल फार्मूला

मैंने पहला हर्बल फार्मूलेशन एंटी कैंसर के लिए टेस्ट किया था। इसे नीम, आंवला, एलोवेरा, श्यामा तुलसी और गिलोय, इन सबको मिलाकर बनाया था। एक्सपेरिमेंट चूहे पर किया था। टेस्ट में चूहे के ट्यूमर में रिडक्शन हुआ। वहीं दूसरा पॉलीमर कम्पोजिट मैंने वेस्ट मटेरियल से बनाया। कम्पोजिट प्लाइवुड को रिप्लेस भी कर सकता है।

### थर्माकोल से तैयार किया फेविकोल जैसा गोंद

डॉ. सविता दीक्षित ने कहा कि गोंद एक्स्टेंडेट पॉलीएस्टरीन है, यानी इसका हर एक छोटा सा टुकड़ा भी मिट्टी में जाता है तो इसे डिकंपोज होने में हजारों साल लगेंगे। क्योंकि थर्माकोल पेट्रोल में घुल जाता है, इसलिए हमने 200 मिली बेंजीन और एसीटोन में बड़े-बड़े थर्माकोल के पीस डालकर देखे, यह गम की तरह इस्तेमाल हो सके। इसके बाद हमने इसके सॉल्वेंट्स को अलग अलग कॉम्बिनेशन और प्रपोर्शन में ट्राई किया और ऐसे में एक ऐसा सॉल्यूशन तैयार किया, जिसमें थर्माकोल ज्यादा से ज्यादा डिजॉल्व किया जा सके और इससे निकलने वाले रिशेड्यूल को मजबूत गम की तरह इस्तेमाल किया जा सके। यह फेविकोल जितना ही मजबूत और ड्यूरेबल है। इससे पेड़ भी बचेंगे क्योंकि कंपनियां गोंद बनाने के लिए भी पेड़ों को ही काट रही हैं।

**मानवीय और प्राकृतिक आपदा में मदद करने वाला रोबो डॉग**



भोपाल आईसर के शिवेंद्र और उनकी टीम ने मिलकर एक ऐसा रोबो डॉग तैयार किया है जो प्राकृतिक और मानव जनित आपदा में लोगों की मदद करेगा। कोम्बई नाम के इस रोबो डॉग की खासियत है कि यह किसी भी प्रकार की मानवीय और प्राकृतिक आपदा जैसे आग लगने, बाढ़ या सूखा की स्थिति में लोगों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि इसे बनाने में मुझे करीब 1 साल लगा और इस प्रकार इस रोबो की खासियत है कि इसे एक प्रकार से रक्षा विभाग में भी तैनात किया जा सकता है। साथ ही इसे आदेशित करके दुश्मनों पर हमला भी कराया जा सकता है।

### कोल्ड स्टोरेज के सहायक ड्राफ्ट सिस्टम के अविष्कार से 26% बिजली खपत की होगी बचत

मैनिट के डिपार्टमेंट ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. केआर अहरवाल व उनकी टीम द्वारा कोल्ड स्टोरेज के भीतर एयर सर्कुलेशन में सुधार करके सहायक ड्राफ्ट सिस्टम का अविष्कार किया, जिससे कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं में बिजली की खपत में कमी आएगी। साथ ही उचित संरक्षण से कृषि उत्पाद महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके प्रयोग से कोल्ड स्टोरेज रूम में स्थिर वायु क्षेत्रों को मेंटेन किया जाता है और बिजली की खपत को कम करता है। इससे स्टोरेज को ठंडा करने की गति 23% तेज हो गई। वहीं इसमें 26% बिजली खपत की बचत हुई है। देश की कुल भंडारण क्षमता 39.42 मिलियन मीट्रिक टन है। इस तकनीक से संभावित ऊर्जा बचत लगभग 157,668 किलो वॉट हॉवर हो सकती है।

---

# मन को शांति देने का काम करता है भारतीय परफॉर्मिंग आर्ट

*भोपाल पहुंचे वरिष्ठ वायलिन वादक और अखिल भारतीय अध्यक्ष संस्कार भारती डॉ. मैसूर मंजूनाथ ने हरिभूमि से साझा किए अपने अनुभव*

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला साधक के रूप में मेरी संगीत यात्रा के आरंभ का क्रम बहुत ही रोचक रहा है। संगीत मुझे विरासत में मिला। मेरे पिता एस. महादेवप्पा और बड़े भाई दोनों ही प्रसिद्ध वायलिन वादक हैं। संगीत से जुड़े परिवार में जन्म लेने के कारण मैंने बचपन से ही संगीत को बहुत करीब से समझा। लेकिन मेरी वायलिन वादन में कभी रुचि नहीं रही। जब मैं सात वर्ष का था तब मेरे पिता और बड़े भाई वायलिन वादन की प्रस्तुति देने गये, इस दौरान मैं भी उनके साथ गया। प्रस्तुति के बाद जब आयोजक और अन्य लोग पिता और भाई का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर रहे थे तब मेरे पिता ने आयोजकों से कहा कि मेरा छोटा बेटा भी पुष्पगुच्छ चाहता है। यह सुन वहां उपस्थित लोग हंसने लगे। मुझे यह देख अच्छा नहीं लगा, तब पिता ने मुझसे कहा कि जिस दिन मैं प्रस्तुति दूंगा उस दिन एक नहीं पांच पुष्पगुच्छ से मेरा स्वागत होगा। तभी मैंने तय किया कि मैं भी वायलिन वादन सीखूंगा। यह कहना है वरिष्ठ वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजूनाथ का। डॉ. मंजूनाथ मंगलवार से जनजातीय संग्रहालय में शुरू हो रहे दो दिवसीय भरतमुनि महोत्सव में सम्मिलित होने भोपाल पहुंचे। इस दौरान हरिभूमि से बातचीत में डॉ. मंजूनाथ ने अपनी संगीत कला पर विस्तार से चर्चा की।



### मेरे पिता मुझसे रोजाना करवाते थे 8 से 10 घंटे रियाज

डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि मेरे लिये वायलिन वादन सीखना किसी चुनौती से कम नहीं था। मेरे पिता रोजाना 8 से 10 घंटे रियाज करवाते थे, मेरा खेलना, दोस्तों से मिलना, मनोरंजन आदि सब कुछ बंद हो गया था। यहां तक कि मुझे नाश्ता भी तब मिलता था जब मैं रियाज पूरा कर लेता था। संगीत शिक्षा प्राप्त करने के बाद मेरी प्रस्तुति भी उसी मंच पर हुई और मुझे पांच पुष्पगुच्छ दिये गये। मैं यूएसए में 35 बार और इस्लामिक देशों में भी प्रस्तुति दे चुका हूं।

### कला संस्कृति का है भविष्य उज्ज्वल

उन्होंने कहा कि संस्कार भारती का अखिल भारतीय अध्यक्ष होने के नाते मैं कह सकता हूं कि भारत में कला संस्कृति का भविष्य उज्ज्वल है। भारतीय संस्कृति और कलाएं देश को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करती हैं। पूर्व में जो हमारा सांस्कृतिक वैभव था वह फिर से अपने आदर्श स्वरूप में लौट रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैंने विदेशों में अपनी सांगीतिक प्रस्तुति दी और वहां के लोग भारतीय संगीत के वैभव, हमारी धरोहर और संस्कृति से परिचित हुये तब उन्होंने मुझसे भारतीय संगीत सीखने की इच्छा प्रकट की।

---

## हास्य से भरपूर कहानी हार-जीत का मंचन आज

**भोपाल।** हबीब थिएटर समिति द्वारा हास्य से भरपूर नाटक हार-जीत मंचन मंगलवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया जायेगा। प्रदेश के वरिष्ठ कहानीकार जहूर बख्श की कहानी का नाट्य रूनातरण नाहीद जहां सिद्दीकी द्वारा किया गया है और निर्देशन जावेद अजीज राही का है। शहीद भवन, सभागार में शाम 7 बजे से होने वाले नाटक में है। पति-पत्नी का प्रेम एवं संबंध अटूट रहता है। विभिन्न वैचारिक मतभेद होते हुए भी जीवन में विभिन्न उतार-चढ़ाव खट्टी-मीठी बातें मान-मनुहार, नोंक-झोंक झगड़ा-उलझनें कितनी भी हों परन्तु पति-पत्नी का वापस प्रेम की ओर मुड़ जाना एक दूसरे के साथ की आशा, विश्वास और आध्यात्मिक प्रेम एवं आत्मीयता की एक अजब अनूठी मिसाल पेश करती हास्य से भरपूर कहानी ही हार-जीत नाटक का आधार है।

## राज्य शिखर सम्मान अलंकरण समारोह 13 को भारत भवन में

9 विधाओं में 15 विभूतियों को किया जाएगा अलंकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा कला-संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में प्रदान किया जाने वाला सबसे बड़ा राज्य स्तरीय शिखर सम्मान का अलंकरण समारोह 13 फरवरी को शाम 6.30 बजे भारत भवन में आयोजित किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि सम्मान पट्टिका और दो लाख की सम्मान राशि प्रदान की जानी है।

**इनको मिलेगा पुरस्कार**

- हिन्दी साहित्य के लिए 2022 का डॉ. उर्मिला शिरीष-भोपाल,
- उर्दू साहित्य के लिए 2023 का महमूद अहमद सहर उज्जैन,
- संस्कृत साहित्य के लिए 2022 का डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी-इंदौर और
- 2023 का डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे उज्जैन को।
- शास्त्रीय संगीत के लिए 2022 का विदुषी कल्पना झोकरकर-इंदौर
- 2023 का विदुषी शाश्वती मण्डल-दिल्ली
- शास्त्रीय नृत्य के लिए 2022 का मोहिनी मोघे जबलपुर
- 2023 का विदुषी भारती होम्बल भोपाल।
- रूपंकर कलाओं के लिए 2022 का ईश्वरी रावल इंदौर
- 2023 का हरि भटनागर-बड़ौदा।
- नाटक के लिए 2022 का राग जोग-इंदौर
- 2023 का सतीश दवे उज्जैन।
- दुर्लभ वाद्य वादन के लिए 2023 का पं. सुनील पावगी-ग्वालियर
- जनजातीय एवं लोक कलाएं के लिए 2022 का रामसिंह उर्वती पाटनगढ़
- 2023 का कैलाश सिसोदिया, धार को अलंकृत किया जाएगा।

---

नवनियुक्त पदाधिकारी को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र

## संस्कार फाउंडेशन का वार्षिक मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सामाजिक संस्था संस्कार सुधा फाउंडेशन का वार्षिक मिलन समारोह हाल ही में आयोजित किया गया एवं नवीन कार्यकारिणी का निर्माण करते हुए संस्था की अध्यक्ष डॉ रश्मि अग्रवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति लेटर प्रदान किया। संस्था में प्रांतीय सचिव अजय भार्गव, पार्टी उपाध्यक्ष रवीन्द्र माथुर, राहुल सिंह गुर्जर, शैलेंद्र रैना एवं आदित्य रघुनाथ पर्व को नियुक्त किया गया। भोपाल जिला अध्यक्ष मनमीत कौर, सांस्कृतिक मंत्री शिखा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक आशा गुप्ता, रचना अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मीरा कांटे वाला को बनाया गया। फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस का कार्यक्रम 'मेरी उड़ान मेरी पहचान- सीजन 8' की रूपरेखा भी निर्धारित की गई, जो 1 मार्च 2025 को मानस भवन पर आयोजित किया जा रहा है।

---

## हास्य कलाकार और अभिनेता कपिल शर्मा ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सोमवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में हास्य कलाकार और अभिनेता कपिल शर्मा ने की सौजन्य भेंट।

---

**महात्मा गांधी का अखबार यंग इंडिया और बाल गंगाधर तिलक का केसरी भी डिजिटली पढ़ सकते हैं**

# सप्रे संग्रहालय में 27 लाख दस्तावेज डिजिटलाइज्ड

## शोधकर्ताओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी यह बहुमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय में संग्रहित दुर्लभ संदर्भ सामग्री के डिजिटलाइजेशन का पहला चरण पूरा हो गया है। अब 27 लाख 3 हजार 239 पन्ने डिजिटल मोड में उपलब्ध हैं, जिसमें गांधीजी का यंग इंडिया और बाल गंगाधर तिलक का केसरी अखबार भी शामिल है। संग्रहालय में 100 साल से भी अधिक पुरानी पांडुलिपियां, ग्रंथ, पत्र-पत्रिकाएं और महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिन्हें बार-बार पलटने से उनके नष्ट होने का खतरा था। डिजिटलीकरण से यह बहुमूल्य धरोहर सुरक्षित रह सकेगी और शोधकर्ताओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी।



**महापुरुषों की अमर कृतियां भी डिजिटल**

राजा राममोहन राय, माधवराव सप्रे, डॉ. भीमराव आंबेडकर, गणेशशंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी, अज्ञेय, रघुवीर सहाय, मुंशी प्रेमचंद समेत कई महान साहित्यकारों और विचारकों की रचनाएं भी अब डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं।

**संग्रहालय में मौजूद परपंरागत, डिजिटल और ई लाइब्रेरी**

संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड की मदद से अब तक 20 लाख 710 से अधिक पृष्ठों का डिजिटलीकरण कराया गया है। इससे पहले 7 लाख 2 हजार 529 पृष्ठ डिजिटल किए गए। संग्रहालय में अब तीन प्रारुपों में परपंरागत, डिजिटल लाइब्रेरी और ई लाइब्रेरी उपलब्ध है।

### 1238 शोधार्थी कर चुके पीएचडी

इस परियोजना का पहला चरण पूरा होने से देश-विदेश के शोधार्थियों को दुर्लभ सामग्री ऑनलाइन पढ़ने का अवसर मिल सकेगा। पिछले 40 वर्षों में यहां उपलब्ध सामग्री की मदद से 1238 शोधार्थियों ने पीएचडी और डीलिट की उपाधि प्राप्त की है। अब डिजिटल स्वरूप में यह प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

### कई दुर्लभ पत्र-पत्रिकाओं के ऐतिहासिक दस्तावेज संरक्षित

डिजिटल संग्रह में हिकीज गजट, सरस्वती, विशाल भारत, केसरी, यंग इंडिया, हरिजन, प्रभा, कर्मवीर, हंस, दिनमान, धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, इलेस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया सहित कई दुर्लभ पत्र-पत्रिकाओं के ऐतिहासिक दस्तावेज संरक्षित है।

# बाजवा बोले- गिरेगी मान सरकार, कांग्रेस के संपर्क में मान के 30 'खेवनहार'

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की हार, केजरीवाल पर चहुंओर वार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की हार और भाजपा की जीत के बाद पंजाब की राजनीतिक गरम है। पंजाब कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि राज्य में बड़ी उथल-पुथल होगी। राज्य में कांग्रेस के नेता और विधानसभा में एलओपी प्रताप सिंह बाजवा ने अब दावा किया है कि आप के 30 विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। पंजाब में भगवंत मान सरकार को खतरे के अटकलों के बीच अरविंद केजरीवाल मंगलवार को विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

**अब पंजाब में सियासी गरमी**

*सभी पार्टियों के अपने-अपने दावे अटकलों का बढ़ा जोर*



**मान बनेंगे पंजाब के दूसरे शिंदे**

दिल्ली में आप की हार पर कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कड़ा हमला बोला था। बाजवा ने कहा था कि सीएम भगवंत मान अब दूसरे एकनाथ शिंदे बनेंगे। भगवंत मान के आप में अलग गुट बनाने के भी दावे विपक्ष द्वारा किए गए हैं। बाजवा ने कहा था कि केजरीवाल और पंजाब के मान ने पंजाबियों को बेवकूफ बनाने और 2022 में उनके वोट हासिल करने के लिए पंजाब में बड़े-बड़े वादे किए।

### केजरीवाल ने सभी विधायकों की बैठक बुलाई

दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आप में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है। इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

### सिरसा का बड़ा आरोप
## मान को अयोग्य बता हटाया जाएगा



भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर ट्वीट किया कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा कि केजरीवाल भगवंत मान को अयोग्य बताकर सीएम पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे महिलाओं को 1000 रुपए देने का वादा पूरा करने में विफल रहे, नशाखोरी रोकने में विफल रहे और पंजाब की स्थिति को और खराब कर दिया। अब वे सारी विफलता मान पर मढ़ना चाहते हैं। वे आप पंजाब के विधायकों से कहलवा रहे हैं कि केजरीवाल एक 'अच्छे आदमी' हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए।

**पंजाब में विधानसभा की स्थिति**

आप ने पंजाब में 2022 के चुनावों प्रचंड जीत हासिल की थी। पंजाब की 117 सदस्यों वाली विधानसभा में आप को 92 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी है उसके पास कुल 16 विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल के पास 3, भाजपा के दो और बीएसपी के पास 1 विधायक है। एक सीट पर निर्दलीय का कब्जा है। एक सीट रिक्त है।

### एक वॉट्सएप कॉल पर पंजाब में बवाल
## केंद्रीय मंत्री का करीबी गिरफ्तार



पंजाब में एक मिस्ड वॉट्सएप कॉल के चलते राजनीतिक बवाल मच गया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के करीबी सहयोगी राजेश अत्री को पंजाब पुलिस ने एससी-एसटी ऐक्ट के केस में अरेस्ट कर लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक वॉट्सएप कॉल पर बदसलूकी की। उनके खिलाफ पटियाला के लाहौरी गेट के रहने वाले एक शख्स ने सिविल लाइंस पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने गलती से वॉट्सएप कॉल कर दी थी। राजेश अत्री ने उनसे बदतमीजी की और अपशब्द कहे। डीएसपी सतनाम सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

---

### खबर संक्षेप



**कार सवार मां और बेटी को मारी गोली, फरार**

**मुजफ्फरनगर।** यहां के बिटावदा से परिवार के साथ गांव निस्तौली जिला गाजियाबाद जा रहे गौरव की कार से दाहा-बरनावा तिराहे पर बाइक में साइड लग गई। इसको लेकर हुए विवाद में बाइक सवार दो युवकों ने तमंचा निकालकर गौरव की पत्नी नीतू और बेटी अधीरा को गोली मार दी और फरार हो गए। घायल मां-बेटी को बड़ौत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निस्तौली गांव के रहने वाले गौरव ने बताया कि बिटावदा गांव में उसकी ससुराल है।




**1.88 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 1.88 लाख करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर के बीच आईटीसी धोखाधड़ी के 72,393 मामलों सहित जीएसटी चोरी का आंकड़ा 1.88 लाख करोड़ रहा। इस दौरान 132 गिरफ्तारियां की गईं और 20,128 करोड़ की वसूली की गई। सोमवार को लोकसभा में इसकी जानकारी दी गई।



**गोंदिया में खेत में महिला का मिला जलता शव**

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक गांव में महिला का जला हुआ शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शव बाबई गांव के एक खेत में सुबह के समय बरामद किया गया। गौरगांव तहसील के बाबई गांव में खेत में महिला का शव जलता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत आग बुझाकर शव का पंचनामा किया। इससे यह संदेह गहरा गया कि हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जलाया गया हो।



**पटियाला में कूड़े के ढेर से मिले 7 रॉकेट शेल**

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में कूड़े के ढेर से सात रॉकेट शेल बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इन शेल्स में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ नहीं पाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है और सेना के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। पटियाला रेंज के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू ने जानकारी दी कि ये रॉकेट शेल पटियाला रोड पर एक कूड़े के ढेर से बरामद किए गए। इससे हड़कंप मचा है।

---

## भाजपा सांसद अनुराग ने लोकसभा में दिखाया 'आईना'

*दिल्ली चुनाव में करारी हार पर 'वार'*

# संसद में दिखाया पैंफलेट और बोले राहुल जी जीरो तो चेक कर लीजिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दौरान सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संसद में राहुल गांधी का नाम लेते हुए एक पैंफलेट दिखाया। उन्होंने इस पैंफलेट को दिखाते हुए कहा कि राहुल जी जीरो चेक कर लीजिए। अनुराग ने जो पैंफलेट सदन में दिखाया उसमें 1200000 तक इनकम टैक्स पर जीरो टैक्स लिखा हुआ है। अनुराग ने कहा कि एक जीरो और भी है। ये कांग्रेस की सीटों की बात नहीं है। ये जीरो गिनने की बात में राहुल गांधी से कही है। अनुराग ने कहा कि मैं आपके सामने पूछना चाहता हूं 2014 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने कांग्रेस को कितनी सीटें दीं। सदन में बैठे सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि जीरो, 2019 के लोकसभा में कितनी सीटें दी, सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2020 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, 2024 के लोकसभा में कितनी सीटें दीं सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2025 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, अगर ये जीरो का रिकॉर्ड बनाने का काम किसी ने किया है तो वो राहुल गांधी ने किया है।

**बड़ा तंज- ये जीरो का रिकॉर्ड राहुल ने अपने नाम कर लिया**

**इसके पहले पीएम ने भी किया था हमला**

*ये सिर्फ जीरो का बात नहीं और भी है*

*आपने तो कई कारनामे दिखा चुके*




**पीएम ने कहा था- जमीनी काम करेंगे तो असर भी दिखेगा**

बजट सत्र के दौरान ही कुछ दिन पहले पीएम मोदी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आप पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पिछले पांच दशकों से केवल गरीबी हटाने के नारे सुने हैं, लेकिन हमने गरीबों को सिर्फ नारे नहीं दिए, बल्कि सच्चा विकास दिया है। हमारी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। जब जमीन से जुड़े लोग, जमीन की सच्चाई को जानते हुए, जमीन पर जीवन खपाते हैं, तब जमीन पर बदलाव निश्चित होकर रहता है।

संसद में लगे मोदी... मोदी के नारे

### विपक्ष बताए अमेरिकी संस्था ने आतंक के लिए पैसा दिया या नहीं



दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत की पृष्ठभूमि में पार्टी सदस्यों ने लोकसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। निशिकांत दुबे ने अमेरिकी संस्था यूएसएड द्वारा भारत को विभाजित करने के लिए विभिन्न संगठनों को धन दिए जाने का दावा करते हुए सरकार से मांग की कि इस मामले में जांच कराई जाए। कांग्रेस के साथ अमेरिकी कारोबारी सोरोस के साथ संबंध होने का अपना आरोप एक बार फिर दोहराया। दुबे ने सवाल उठाया कि क्या यूएसएड ने तालिबान को पैसा दिया था? इस अमेरिकी संस्था ने आतंकवादी और नक्सलवादी गतिविधियां बढ़ाने वाले कुछ संगठनों को पैसा दिया या नहीं, विपक्ष यह बताए।

**क्रेडिट गारंटी से 6.78 लाख छात्र लाभान्वित**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को संसद में बताया कि क्रेडिट गारंटी फंड योजना से साल 2024 में 6.78 लाख छात्रों को फायदा मिला।

## सोनिया ने जल्द जनगणना कराने की मांग उठाई

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को सरकार से जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में करीब 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित हो रहे हैं। राज्यसभा में अपने पहले शून्यकाल संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लाभार्थियों की पहचान2011 की जनगणना के आधार पर की जा रही है, जबकि देश की जनसंख्या अब काफी बढ़ चुकी है।



**खाद्य सुरक्षा कानून और जनगणना में देरी**

सोनिया ने कहा कि यूपीए सरकार की तरफ से 2013 में लागू किया गया यह कानून देश के 140 करोड़ लोगों को भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम था। कोविड-19 संकट के दौरान भी इस कानून ने लाखों गरीब परिवारों को भुखमरी से बचाया। उन्होंने बताया कि गांवों में 75 फीसदी और शहरों में 50फीसदी आबादी को सस्ते अनाज का लाभ देने वाला यह कानून 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है। उस समय, कुल लाभार्थियों की संख्या 81.35 करोड़ थी, लेकिन आज 14 करोड़ और लोग इसके हकदार हैं, जो लाभ से वंचित हो रहे हैं।

---

### सुप्रीम कोर्ट की नेता को खरी-खरी
## अधूरी कवायद गलत 'अधकच्चा' आदेश जारी नहीं कर सकते...



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच में भाजपा नेता और वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दाखिल एक जनहित याचिका पर उपाध्याय ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को संसद, विधानसभा या अन्य विधायी निकायों का सदस्य बनने से प्रतिबंधित करने की मांग की है।

उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान एवं पूर्व संसद सदस्यों तथा विधानसभा सदस्यों के खिलाफ करीब 5,000 से ज्यादा मामले लंबित हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वह सांसदों के विरुद्ध मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी करे और हाई कोर्ट को भी एमपीएमएलए कोर्ट की तरह एक अलग बेंच या कोर्ट बनाने का निर्देश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि आज कानून यह है कि कोई व्यक्ति किसी की हत्या करके भी किसी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का अध्यक्ष हो सकता है।

**कोर्ट ने सभी पक्षों को सुना**

इस पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी विजय हंसारिया ने कहा कि मामले को दो सप्ताह बाद रखा जा सकता है। हंसारिया ने कहा कि उन्होंने भी राजनीति के अपराधीकरण के बारे में चिंताओं के साथ प्रासंगिक निर्णयों और अन्य दस्तावेजों का संकलन किया है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि केंद्र की तरफ से कोई प्रतिनिधि है या नहीं। कोर्ट ने ये भी कहा कि हम हर हितधारक की बात सुनने के लिए तैयार हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील को भी सुना।

**कई राज्यों के मुख्य सचिव तलब**

सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता को लेकर सोमवार दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों को फटकार लगाई और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का पालन शायद ही कहीं किया गया है। बेंच ने इन राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया और यह स्पष्ट करने को कहा कि वे नियमों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं?

---

### महाकुंभ के कारण केंद्र में करना पड़ा बदलाव

*आईआईटी रुड़की ने जारी की अधिसूचना*

## अब प्रयागराज की जगह लखनऊ में होगी 15, 16 फरवरी की गेट परीक्षा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की ने 15 और 16 फरवरी को गेट परीक्षा के केंद्र में बदलाव किया है। यह बदलाव प्रयागराज परीक्षा केंद्र के लिए किया गया है। रुड़की ने गेट परीक्षा के केंद्रों को लखनऊ में बदलने के लिए अधिसूचना जारी की है। महाकुंभ के कारण इन तिथियों पर गेट परीक्षाएं अब लखनऊ में आयोजित की जाएंगी। जो भी उम्मीदवार उपरोक्त तिथि और परीक्षा केंद्र पर परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, उनके लिए संशोधित प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी लखनऊ केंद्र के लिए एडमिट कार्ड की जांच और डाउनलोड कर सकते हैं।

**उधर, कुलकर्णी ने छोड़ा महामंडलेश्वर का पद**



पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को बीते दिनों किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाया गया। उन्होंने महाकुंभ में पिंडदान किया था। इसके बाद से ही उनकी नियुक्ति पर सवाल उठ रहे थे। सोमवार को उन्होंने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे दिया है।

**अभ्यर्थियों को पहले ही दी थी सूचना**

उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि डाउनलोड किए गए एडमिट कार्ड पर सही अपडेट किए गए परीक्षा केंद्र का विवरण दिखाई दे रहा है। रुड़की ने 1 और 2 फरवरी को प्रयागराज में होने वाली परीक्षा केंद्रों में भी बदलाव की घोषणा की थी।

### मंत्री विज को मिला कारण बताओ नोटिस



**चंडीगढ़।** पिछले दिनों हरियाणा के मंत्री अनिल विज की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर सार्वजनिक बयानों को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। बड़ौली ने कहा कि आपने पार्टी अध्यक्ष और सीएम के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। यह गंभीर आरोप है।

### सीएम धामी ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान संगम में पवित्र स्नान करने के बाद प्रार्थना की।

---

### केजरीवाल की हार के बीच ममता ने बंगाल को लेकर की भविष्यवाणी

# हम अपने दम पर हासिल करेंगे दो तिहाई बहुमत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को विधानसभा में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों का अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विधानसभा बजट सत्र से पहले एक आंतरिक बैठक के दौरान ममता ने तृणमूल विधायकों से कहा कि हम अपने दम पर दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आएंगे। कांग्रेस के पास यहां कुछ भी नहीं है। हम अपने दम पर जीत हासिल करेंगे।

**विधानसभा में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की**



**हम अकेले भाजपा को टक्कर देने के लिए काफी**

सीएम ममता ने कहा कि अगले साल तृणमूल कांग्रेस दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ सत्ता में वापस आएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बंगाल में भाजपा का मुकाबला करने के लिए तृणमूल कांग्रेस ही काफी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में कांग्रेस की मदद नहीं की और कांग्रेस ने हाल ही में हुए चुनावों के दौरान दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मदद नहीं की।

**आप और कांग्रेस साथ होते तो नतीजे अलग होते, हरियाणा का भी किया जिक्र**

सूत्रों के हवाले से पता चला है कि टीएमसी चीफ ने ये भी माना है कि अगर दोनों पार्टियों ने मिलकर काम किया होता तो नतीजे अलग होते। नादिया जिले के टीएमसी के एक विधायक ने कहा कि कांग्रेस को लगभग 5 प्रतिशत वोट मिलने से नतीजों पर फर्क पड़ा। कांग्रेस ने अलग थोड़ा लचीलापन दिखाया होता और आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी समझौता कर लिया होता तो नतीजे अलग होते। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में भी आप ने कांग्रेस का समर्थन नहीं किया। उनका मानना है कि अगर दोनों गठबंधन सहयोगी एक साथ चुनाव लड़ते तो भाजपा हरियाणा में सत्ता में वापस नहीं आती।

### दिल्ली में मुख्यमंत्री पर कवायद
## पूर्वांचली, भारद्वाज को शिकस्त देने वाली शिखा का नाम आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिए नामों को लेकर मंथन जारी है। दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद किसी महिला विधायक को सौंपा जा सकता है। खबर है कि एक उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। सीएम पद पूर्वांचल से आने वाले किसी नेता को मिल सकता है। इस बीच पूर्वांचली और आप के सौरभ भारद्वाज को हराने वाली शिखा राय का नाम सबसे आगे है।



**इस बार 5 महिलाएं पहुंची विधानसभा**

इस बार के चुनाव में सिर्फ पांच महिलाएं जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इसमें 4 भाजपा की नेता हैं। सीएम आतिशी एकमात्र आप की नेता हैं। शालीमार बाग विधानसभा सीट पर भाजपा की रेखा गुप्ता ने जीत हासिल की। उन्होंने आप उम्मीदवार वंदना कुमारी को हराया है। वहीं वजीरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने आप के नीरज गुप्ता को शिकस्त दी है।



# स्थायी शांति की प्राप्ति तभी संभव जब राष्ट्र एक साथ मजबूत बनें और बेहतर विश्व व्यवस्था की दिशा में कार्य करें:रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बेंगलुरु के येलहंका एयरफोर्स स्टेशन में आयोजित किए जा रहे एयरो इंडिया शो-2025 के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने वर्तमान में घरेलू और वैश्विक स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच कहा कि स्थायी शांति की प्राप्ति तभी संभव है जब राष्ट्र एक साथ मजबूत बनें और बेहतर विश्व व्यवस्था की दिशा में कार्य करें। हम हमेशा शांति और स्थिरता के समर्थक रहे हैं। यही हमारे मूल आदर्शों का हिस्सा है। 10 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाने वाला एयरो इंडिया शो एशिया का एक सबसे बड़ा वैमानिकी शो है। जिसमें इस साल कुल करीब 900 प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। रक्षा क्षेत्र के वास्तविक उपकरण निर्माताओं की संख्या 54 है। 78 देशों की भागीदारी भी शो में बनी हुई है।

**खास बातें**

- भारत की औद्योगिक क्षमता और तकनीकी प्रगति को दुनिया देख रही
- नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत

## एयरो इंडिया 2025 के 15वें संस्करण का उद्घाटन



**रक्षा औद्योगिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का अहम भाग**

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है। जो तेजी से विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा एक ठोस, सतत और सुविचारित प्रारूप के कारण देश में एक जीवंत और संपन्न रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी व्यवस्था बनाई गई है। रक्षा औद्योगिक क्षेत्र आज समग्र अर्थव्यवस्था के साथ पूरी तरह एकीकृत हो गया है। अब ये क्षेत्र एक मोटर की भांति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास इंजन को शक्ति प्रदान कर रहा है।*

**साझा निर्माण हैं सुरक्षा व स्थिरता**

*राजनाथ सिंह ने कहा कि हम अपने संबंधों को लेनदेन से स्तर से ऊपर औद्योगिक स्तर तक ले गए हैं। भारत के पास समान विचारधारा वाले देशों के साथ सह-उत्पादन और सह-विकास के कई सफल उदाहरण मौजूद हैं। भारतीय सुरक्षा और शांति अलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं। जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। विदेशी मित्रों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हमारे साझेदार एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।*

**संबंधों को मिलेगी मजबूती**

उन्होंने कहा कि एयरो इंडिया मौजूदा अनिश्चितताओं से निपटने के लिए आपसी सम्मान, हित और लाभ के आधार पर समान विचारधारा वाले देशों के बीच संबंधों को और मजबूती प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम देश की औद्योगिकी क्षमता और तकनीकी प्रगति को विश्व के समक्ष प्रदर्शित करेगा। इससे मित्र देशों के साथ सहजीवी संबंधों को भी मजबूती मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### पुंछ में घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी



**मेंढर।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को करीब एक दर्जन इलाकों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के साथ मिलकर सुरनकोट में चानन का निचला भाग, सैर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल में घेराबंदी की।

### आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए 'विस्फोट' में कथित रुप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को गोली लगी।

## पीएम नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

# मैं अपने मित्र ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक पहले कार्यकाल में काम की मधुर यादें साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस पहुंचे। उनकी यह द्विपक्षीय यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के 2047 होराइजन रोडमैप की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। फ्रांस से पीएम मोदी अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। पीएम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। अपने दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाउंगा। मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि जनवरी में उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और शपथ ग्रहण के बाद यह हमारी पहली मुलाकात होगी, लेकिन मुझे उनके पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने में साथ काम करने की बहुत ही मधुर याद है।

पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से द्विपक्षीय बैठक करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं व भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। पीएम ने कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। ट्रंप के पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को और बढ़ाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने नागरिकों के लाभ के लिए साथ मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।

**आज एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता भी करेंगे**

**भारत और फ्रांस 2047 रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करेंगे**



**एआई का उपयोग सार्वजनिक भलाई के लिए करेंगे**

वहीं, फ्रांस यात्रा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। इसमें वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 के रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी होगी।

**रात्रिभोज में शामिल हुए, द्विपक्षीय चर्चा की**

सोमवार शाम पेरिस पहुंचने पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पेरिस में मौजूद भारतीयों ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लिया। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। यह रात्रिभोज फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास मशहूर एलिसी पैलेस में हुआ, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी मौजूद रहे।

**वार कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को देंगे श्रद्धांजलि**

पीएम मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मैं मार्सिले में स्थित मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। जिसे कॉमनवेल्थ वार ग्रेव्स कमीशन द्वारा संचालित किया जाता है। इसके साथ ही, मार्सिले में भारत के नवीनतम कॉन्सुलेट जनरल का उद्घाटन भी करेंगे।

## बांग्लादेश और भारत रोकेंगे तनाव

# डॉ. जयशंकर से मस्कट में मिल सकते हैं तौहीद हुसैन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन जल्द विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात कर सकते हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात अगले सप्ताह मस्कट में आयोजित होने वाले हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह जानकारी सोमवार को ढाका की स्थानीय मीडिया ने दी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, इस बैठक के दौरान बांग्लादेश दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव को रोकने के उद्देश्य से एक संदेश देना चाहेगा। '8वां हिंद महासागर सम्मेलन' 16-17 फरवरी को मस्कट, ओमान में होगा। इसका आयोजन ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन कर रहा है।

**बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट'**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 'ऑपरेशन डेविल हंट' नाम से एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक 1,308 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह ऑपरेशन खासतौर पर उन लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा है, जो सरकार के मुताबिक देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह संयुक्त बल अभियान है, जिसमें पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, हिंसा फैलाने वालों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार ने शनिवार को इस ऑपरेशन का आदेश दिया। इसके पीछे कारण यह था कि ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के नेता के घर पर हमले के बाद छात्र कार्यकर्ता घायल हो गए थे।

**बांग्लादेश को चुभ गई भारत की बात**

बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास को ध्वस्त करने को लेकर भारत अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस कड़े सवाल किए हैं, जिसपर यूनुस सरकार को मिर्ची लग गई है। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मुजीबुर रहमान के आवास पर आगजनी की घटना की निंदा की थी। बांग्लादेश ने इस घटना पर भारत की टिप्पणी को गलत और अनुचित बताया। इसे आंतरिक मामला बताते हुए किसी देश को टिप्पणी न करने की बात कही।


## *तंगहाल पाकिस्तान को आसानी से नहीं मिलेगा कर्ज*

# आईएमएफ की तकनीकी टीम करेगी दौरा 6 संस्थानों के कामकाज की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान के न्यायिक और नियामक तंत्र की समीक्षा कर रहा है। यह कदम पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद भ्रष्टाचार और शासन से जुड़ी समस्याओं को हल करना है। संघीय शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि आईएमएफ की एक तकनीकी टीम एक सप्ताह के लिए पाकिस्तान आई है, ताकि वह शासन से जुड़े छह प्रमुख क्षेत्रों और संस्थाओं की जांच कर सके। पाकिस्तान ने अक्तूबर 2023 में आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था, जिसमें उसने भ्रष्टाचार से निपटने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों व निवेश के लिए एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने का वादा किया था।



**आतंकवाद रोधी कार्रवाई पर निगाह**

आईएमएफ पाकिस्तान के छह महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों के कामों की समीक्षा करेगा, जिनमें वित्तीय व्यवस्था, केंद्रीय बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय क्षेत्र की निगरानी, बाजार नियमन, कानून का शासन, धनशोधन और आतंकवाद-रोधी वित्तीय कार्रवाई शामिल हैं। आईएमएफ की टीम वित्त मंत्रालय, संघीय राजस्व बोर्ड, पाकिस्तान स्टेट बैंक, पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल, पाकिस्तान चुनाव आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय के साथ बैठक करेगी।

## राष्ट्रपति ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

# स्टील-एल्युमीनियम इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, तबसे वे लगातार बड़े और चौकाने वाले फैसले ले रहे हैं। ट्रंप ने अपनी व्यापार नीति में एक और बड़ा बदलाव करते हुए सभी स्टील और एल्युमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि ये टैरिफ अतिरिक्त धातु शुल्कों के अतिरिक्त होगा। ये कब से लागू होगा, इसका खुलासा इस सप्ताह के अंत में होने की उम्मीद है। रविवार को न्यू ऑरलियन्स में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि वे मंगलवार की शुरुआत में पारस्परिक टैरिफ की घोषणा करेंगे, जो तुरंत प्रभावी होंगे।



**नहीं बनेंगे नए सिक्के**

ट्रंप ने नए सिक्के की ढलाई रोकने के लिए ट्रेजरी को निर्देश दिया है। ट्रंप ने इसके पीछे अधिक लागत का हवाला दिया है। ट्रंप ने कहा कि बहुत लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेनीज का खनन किया है जिसकी कीमत सचमुच हमें 2 सेंट से अधिक है। यह बहुत बेकार है! ट्रंप ने रविवार रात ट्रुथ सोशल साइट पर एक पोस्ट में लिखा। मैंने अमेरिकी ट्रेजरी के अपने सचिव को नए पैसे का उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया है।

## यूरोप जाने वाले प्रवासियों के मामले में लीबिया में बड़ा खुलासा

# दो कब्र में दफन 49 लाशें बरामद गोली मार उतारा गया मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

अमेरिका और यूरोप में अच्छी जिंदगी की चाहत में लोग अपना वेतन छोड़ जाते हैं। अवैध रास्तों में उन्हें यातनाओं का सामना करना पड़ा है। कई बार उन्हें मौत के घाट भी उतरना पड़ता है। ऐसा ही दर्दनाक हादसा लीबिया में हुआ है। लीबिया के अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी रेगिस्तान में दो सामूहिक कब्रों से करीब 49 शव मिले हैं। सभी शव यूरोप जाने वाले प्रवासियों के हैं। सुरक्षा निदेशालय ने कहा कि पहली सामूहिक कब्र शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी शहर कुफरा में एक खेत में मिली है। इसमें 19 शव दफन हैं। फेसबुक में पोस्ट तस्वीरों में पुलिस अधिकारी और चिकित्सक रेत में खुदाई करते दिख रहे हैं। कब्र से शवों को निकाला जा रहा है।

**दूसरी कब्र में 30 लाशें मिलीं**



अल-अबरीन चैरिटी का कहना है कि कब्र में दफनाने से पहले कुछ लोगों को गोली मारी गई। कुफरा में सुरक्षा कक्ष के प्रमुख मोहम्मद अल-फदील ने बताया कि मानव तस्करी केंद्र पर छापा मारने के बाद कुफरा में एक कब्र और मिली है। इसमें 30 शव दफन मिले हैं। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों ने बताया कि लगभग 70 लोग कब्र में दफन थे। पूरे इलाके में पुलिस तलाशी अभियान में जुटी है।

**76 प्रवासियों को कराया गया मुक्त**

रविवार को लीबिया के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने तस्करी केंद्र से 76 प्रवासियों को मुक्त कराया है। तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बता दें कि लीबिया में पहले भी सामूहिक कब्रें मिल चुकी हैं। पिछले साल अधिकारियों ने राजधानी त्रिपोली से 350 किलोमीटर दक्षिण में शुआरिफ क्षेत्र में 65 प्रवासियों के शवों को कब्र से निकाला था।

## संसद में उपस्थित होंगे सांसद राशिद

# दिल्ली हाई कोर्ट ने दी दो दिनों की कस्टडी पैरोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रमुख और बारामुल्ला से सांसद इंजीनियर रशीद को दो दिन की कस्टडी पैरोल दी है। अदालत ने कहा कि इस अवधि के दौरान उन्हें इंटरनेट का उपयोग करने या मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है।

कथित आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी करार दिए जाने के बाद से रशीद 2019 से जेल में हैं। उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में चुना गया था।

**बिफरीं महबूबा**

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पैरोल दिए जाने में देरी पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया कि यह वास्तव में 'लोकतंत्र की मां' का काम है। गुरमीत सिंह, जो स्वयं को राम रहीम भी कहता है, रेप और हत्या के मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद भी महीनों पैरोल पर बाहर रहता है। वहीं, हमारे सम्मानीय सांसद इंजीनियर रशीद को संसद में भाग लेने के लिए केवल दो दिन की हिरासत पैरोल दी गई है, वह भी केवल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद।

## बढ़ती भीड़ को देखते हुए सऊदी अरब के उमरा मंत्रालय का बड़ा फैसला

# हज में बच्चों के जाने पर बैन, 14 देशों के लिए बदले वीजा नियम

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने हज को लेकर इस बार बड़ा फैसला किया है। सऊदी अरब के नए फैसले के मुताबिक अब बच्चों का हज में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि हज के दौरान हर साल बढ़ती भीड़ को लेकर ये फैसला लिया गया है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें हज करने से रोका गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय का कहना है कि 2025 में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पहली बार हज करने आए हैं। बच्चों पर प्रतिबंध भी इसी वजह से लगाया है कि उन्हें भीड़ भाड़ में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। हज 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं।

**पहली बार हज करने वालों को देंगे प्राथमिकता**

**सिर्फ सिंगल एंट्री वीजा 30 दिनों तक वैध रहेगा**

**नुसुक एप के जरिए करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन**



सऊदी अरब के नागरिक और वहां रहने वाले नुसुक एप के जरिए या ऑफिशियल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।आवेदकों को अपनी जानकारी सत्यापित कराने के साथ ही उनके साथ यात्रा करने वाले का भी पंजीकृत करना होगा। सऊदी अरब के नए वीजा नियमों से अल्जीरिया, बांग्लादेश, मिस्त्र, इथोपिया, भारत, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सूडान, ट्यूनीशिया और यमन पर देश प्रभावित होंगे।

**एक साल का मल्टीपल एंट्री वीजा निलंबित**

सऊदी अरब की सरकार ने इन देशों के साथ पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए एक साल के मल्टीपल एंट्री वीजा को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। नए नियमों के तहत, इन देशों के लोग केवल सिंगल एंट्री वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि 30 दिनों के लिए वैलिड होगा। सऊदी अरब हज और उमरा को लेकर अपने नियमों में बदलाव करता रहता है। 2024 में सऊदी अरब ने उमरा के दौरान ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास भीड़ जुटने के कारण फोटोग्राफी से लोगों को बचने की सलाह दी थी। मंत्रालय ने बिना परमिशन किसी की फोटो लेने और ज्यादा देर तक ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास फोटोग्राफी करने से बचने को कहा था।

### आईआरबी चौकी से लूटे 9 में से 8 शस्त्र बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के थौबल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी से लूटे गए नौ में से आठ शस्त्र बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के नगामुखोंग तलहटी में तलाशी अभियान के दौरान तीन एके और पांच एसएलआर समेत आठ आग्नेयास्त्र बरामद किए गए और बाद में एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया गया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस करीब 30 हथियारबंद बदमाशों ने (शनिवार रात) थौबल जिले के काकमाई में एक पुलिस चौकी पर धावा बोला था।

# ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक के बावजूद हारा दक्षिण अफ्रीका, फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| लाहौर


केन विलियमसन का नाबाद शतक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ा। इससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका के 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने विलियमसन की 113 गेंद में नाबाद 133 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर मे चार विकेट पर 308 रन बनाकर जीत दर्ज की। विलियमसन का 2019 विश्व कप के बाद यह पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक है।

### 187 रन की साझेदारी

विलियमसन ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (97 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी भी की। कॉनवे ने 107 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा।

### डेब्यू में 150+ रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर




ब्रीट्जके पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी।

## विलियमसन ने 113 गेंद में खेली नाबाद 133 रन की पारी

### 128 गेंद में जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने आठवें ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा (20) का विकेट गंवाया जिसके बाद ब्रीट्जके ने जेसन स्मिथ (41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर पारी को संवारा और फिर वियान मुल्डर के साथ भी चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। ब्रीट्जके ने विल ओरोर्के पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर 128 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने अगली 20 गेंद में हेन्स के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।




### 4 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे।

### अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज

कोलिन इनग्राम, बावुमा और रीजा हेंड्रिक्स के बाद ब्रीट्जके पदार्पण मुकाबले में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज हैं। मैट हेनरी (59 रन पर दो विकेट) ने ब्रीट्जके को मिड ऑफ पर माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराके उनकी पारी का अंत किया। ओरोर्के ने भी 72 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। बटलर ने संवाददाताओं से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।'

### पाकिस्तान घर में करेगा दमदार प्रदर्शन : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी



क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। शास्त्री ने कहा, 'मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'

### जिल टीचमैन ने जीता मुंबई ओपन खिताब

**मुंबई।** भारत की प्रार्थना थोंबारे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो यहां मुंबई ओपन



डब्लूटीए 125 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के युगल फाइनल में अमीना अंशबा और एलेना प्रिडैंकिना की रूसी जोड़ी से हार गईं, जबकि जिल टीचमैन ने मनंचया सवांगकाउ को हराकर एकल खिताब जीता। स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाउ को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडैंकिना की जोड़ी ने थोम्बारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 अमेरिकी डॉलर का इनाम जीता।

### आयरलैंड ने लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता

**बुलावायो।** आयरलैंड ने सोमवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन जिंबॉब्वे को 63 रन से हराकर लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आयरलैंड को 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा दिया था जिससे वह टेस्ट क्रिकेट खेलने की योग्यता हासिल कर गया।

## रणजी ट्रॉफी : फॉर्म में वापसी करते हुए खेली 70 रन की पारी

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर कसा शिकंजा

**मुंबई ने 292 रन की बनाई बढ़त, शार्दुल ने झटके 5 विकेट**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।




### विदर्भ ने तमिलनाडु पर बनाई 297 रन की बढ़त

**नागपुर।** विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छठी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा जिससे पिछले साल की उपविजेता टीम ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ कुल 297 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। साई किशोर की टीम 64.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 128 रन की बड़ी बढ़त मिली। मौजूदा सत्र में अब तक अजेय विदर्भ ने तीसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 169 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 297 रन तक पहुंचाया।

### 14 पारी के बाद फिफ्टी

सूर्य कुमार ने इस तरह से सभी तरह की क्रिकेट में 14 पारियों के बाद अर्धशतक लगाया। इससे पहले पिछली 10 पारियों में उनका उच्चतम स्कोर 20 रन था। उन्होंने अनुज ठकराल की गेंद को हुक करके मिडऑन पर कैच थमाया।

### गुजरात 511 रन का विशाल स्कोर

**राजकोट।** जयमीत पटेल ने सुबह अपना शतक पूरा किया लेकिन वह विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल थे, जिन्होंने 140 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 33 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी गुजरात से 262 रन पीछे है।

### कप्तान डोगरा 73 रन पर नाबाद

**पुणे।** कप्तान पारस डोगरा के नाबाद अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां केरल के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाकर 179 रन की बढ़त हासिल की। डोगरा 73 रन बनाकर खेल रहे हैं। कन्हैया वधावन 42 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर चुके हैं। केरल ने इससे पहले दिन की शुरुआत नौ विकेट पर 200 रन से की और टीम इस समय जम्मू-कश्मीर के पहली पारी के स्कोर से 80 रन पीछे थी। जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में बढ़त बनाने की उम्मीद थी लेकिन सलमान निजारा ने 172 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलकर केरल को 281 रन तक पहुंचाकर उसे एक रन की बढ़त दिला दी।

# गुकेश ने गंवाई पहली बाजी आज वापसी पर टिकी नजरें




एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

**■ फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज**

विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे।

रविवार को 'सामान्य टाइम कंट्रोल' के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे। भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया।

### कार्लसन की आसान जीत



मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।

## 38वें राष्ट्रीय खेल

# देव ने पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण




एजेंसी ▶▶| देहरादून

मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने सोमवार को यहां पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे जिसमें से पंजाब ने तीन जीते जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सेना, तमिलनाडु और मेजबान उत्तराखंड के खाते में एक-एक स्वर्ण पदक आया।

उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था।

### शीर्ष पर तेजिंदर

पुरुष गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के तेजिंदर पाल सिंह तूर ने 19.74 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। गत चैंपियन मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल (19.38 मीटर) और पंजाब के प्रभकृपाल सिंह (19.04 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

### सुमित ने जीता सोना

सेना के सुमित कुमार ने आठ मिनट 46.26 सेकेंड के समय के साथ पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण जीता जबकि गिटसन धर्मरे, आकाश बाबू, वासन और अश्विन कृष्णा की तमिलनाडु की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी खिताब अपने नाम किया। महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में उत्तराखंड की अंकिता नौ मिनट 53.63 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि पंजाब की निहारिका वशिष्ठ ने 13.37 मीटर के प्रयास से महिला त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीता। महिला चार गुणा 400 मीटर रिले का स्वर्ण पदक रमनदीप कौर, ट्विंकल चौधरी, किरणपाल कौर और रशदीप कौर की पंजाब की टीम के नाम रहा।

### अनुष्का बनीं तार गोला फेंक चैंपियन

उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने महिला तार गोला फेंक में खेलों के रिकॉर्ड 62.89 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 62.47 मीटर के प्रयास से 2023 राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सोमवार को तान्या 59.74 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि उत्तर प्रदेश की ही नंदिनी ने 58.89 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता।

### आईएसएसएफ अकादमी ने सिमोन से की साझेदारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी ने अपने शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और देश में कोचिंग मानकों को ऊंचा करने के लिए भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ के साथ साझेदारी की है। आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली के पहले राइफल निशानेबाज शरीफ को आईएसएसएफ अकादमी से एक पत्र मिला है जिसमें उसने भारत में निशानेबाजी कोचिंग अकादमी चलाने वाले इस राइफलमैन के साथ अपने जुड़ाव की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है, 'इस साझेदारी से हमारा लक्ष्य आईएसएसएफ अकादमी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोचिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है जहां कोच आवश्यक कौशल, ज्ञान और आईएसएसएफ से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र धारक हैं।'

## 3000 मीटर स्टीपलचेज...




देहरादून। सोमवार को देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लेते एथलीट।

### रुद्रांक्ष, सिफत ने जीता लगातार दूसरा ट्रायल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल और पंजाब की सिफत कौर सामरा ने सोमवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस टी2 मुकाबलों में जीत हासिल की।

इन दोनों शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों ने रविवार को डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में टी1 ट्रायल भी जीते थे। पुरुष एयर राइफल विश्व चैंपियन 2022 रुद्रांक्ष ने फाइनल में 253.3 अंक के साथ आसान जीत दर्ज की जबकि सिफत पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 469.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जो उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.2 अंक अधिक है। पंजाब की ही सिमरनप्रीत कौर बरार ने 36 अंक के साथ महिला 25 मीटर पिस्टल टी1 जीता।

## एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिपः मालविका को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# सिंधू के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधू ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधू गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को




महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### अब तक स्वर्ण का सूखा

भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

### सभी अनुभवी खिलाड़ी

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## मॉडर्न पेंटाथलान में रमा सोनकर, कनकश्री धारीवाल और मानवी श्रीवास्तव ने भी जीते गोल्ड मेडल

# मप्र के देव मीणा ने पोल वोल्ट में 5.32 मी. के साथ बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

## गोला फेंक में 36 सेमी से गोल्ड से चूके समरदीप, पाया रजत पदक

4 स्वर्ण और 3 रजत के साथ पदक तालिका में मप्र टॉप 4 राज्यों में बरकरार


देव मीणा


रमा सोनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तराखंड नेशनल गेम्स के 15वें दिन सोमवार को मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मॉडर्न पेंटाथलान में 3 स्वर्ण और 1 रजत व एथलेटिक्स में 1 स्वर्ण और 2 रजत आपने नाम किए। एथलेटिक्स, पोल वोल्ट व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश के देव मीणा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। देव मीणा ने 5.32 मी. की छलांग लगा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है, इससे पहले यह रिकॉर्ड तमिलनाडू के सुब्रमणि शिवा की 5.31 मी. (नेशनल गेम्स 2022) की छलांग के नाम था। वहीं एथलेटिक्स, शॉटपुट, व्यक्तिगत पुरुष वर्ग मे मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल ने 19.38 मी. गोला फेक कर रजत पदक आपने नाम किया। वह मात्र 36 सेंटीमीटर के अंतर से स्वर्ण से चूक गए। इस प्रतियोगिता में गोल्ड ओलिंपिक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह टूर ने अपने नाम किया।

एथलेटिक्स, 3000 मी. स्टीपलचेस, व्यक्तिगत महिला वर्ग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की मंजू यादव ने रजत पदक आपने नाम किया। वह मात्र 22.07 सेकंड से स्वर्ण पदक से चूक गईं।

मॉडर्न पेंटाथलान में भी मध्य प्रदेश का दिन पदकों से भरा रहा। मॉडर्न पेंटाथलान, बायथले, व्यक्तिगत महिला वर्ग प्रतियोगिता में प्रदेश की रमा सोनकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।मॉडर्न पेंटाथलान, बायथले, टीम महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की रमा सोनकर, कनकश्री धारीवाल और मानवी श्रीवास्तव ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं मॉडर्न पेंटाथलान, बायथले, टीम पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश की पुरुष टीम के खिलाडी यश बत्हरे, आदित्य कुशवाहा और देवेन्द्र मरकामने भी स्वर्ण पदक आपने नाम किया। मॉडर्न पेंटाथलान, के ही मिक्स्ड बायथले में मध्य प्रदेश के खिलाडी रमा सोनकर और आदित्य कुशवाहा को कांटे की टक्कर के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### उत्तराखंड नेशनल गेम्स में अब तक 24 स्वर्ण, 16 रजत और 18 कांस्य पदकों सहित मध्य प्रदेश के हुए कुल 58 पदक


मंजू यादव


समरदीप सिंह


गोल्डन गर्ल्स


गौल्डन ब्वॉयज

### आज के प्रमुख परिणाम

**स्वर्ण**

- **मॉडर्न पेंटाथलान बायथले, व्यक्तिगत महिला वर्ग:** मप्र की रमा सोनकर, समय-16 :19 .38 रजत
- **बायथले, टीम महिला वर्ग:** मध्य प्रदेश की रमा सोनकर, कनकश्री धारीवाल और मानवी श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक आपने नाम किया।
- **बायथले, टीम पुरुष वर्ग:** मध्य प्रदेश के यश बत्हरे, आदित्य कुशवाहा और देवेन्द्र मरकाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक आपने नाम किया।

**एथलेटिक्स**

- **पोल वोल्ट, व्यक्तिगत पुरुष वर्ग:** मध्य प्रदेश के देव मीणा ने 5.32 मी. की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और साथ ही में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किया।

**एथलेटिक्स**

- **शॉट व्यक्तिगत पुरुष वर्ग:** मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल, स्कोर – 19.38 मी.
- **3000 मी. स्टीपलचेस,व्यक्तिगत महिला वर्ग:** मध्य प्रदेश की मंजू यादव, समय – 10 :15 .70

**मॉडर्न पेंटाथलान**

- **मिक्स्ड बायथले:** मध्य प्रदेश की मिश्रित टीम के खिलाडी रमा सोनकर और आदित्य ने रजत पदक अपने नाम किया।

**अन्य परिणाम**

- जूडो: 52 किलोग्राम, व्यक्तिगत महिला वर्ग: मध्य प्रदेश की संध्या तिवारी ने लीग मैच जीत कर क्वाटर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

# नर्मदा फॉल्कन और बेतवा टाइटंस ने अपने मुकाबले जीते

**वूमेन्स टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रथम वूमेन्स टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में आज दो मैच खेले गए जिसमें पहला मैच नर्मदा फाल्कन और चंबल स्पार्टन के बीच खेला गया जिसमें चंबल स्पार्टन ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाए उनकी ओर से आफिया खान ने 26 और सौम्या तिवारी ने 31 रनों का योगदान किया। नर्मदा फाल्कन की ओर से अदिति, रिया और जिया ने दो-दो विकेट चटकाए। नर्मदा फॉल्कंस की टीम ने तीन विकेट खोकर ही 130 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। नर्मदा फाल्कन की ओर से निकिता सिंह ने कप्तानी पारी खेलते हुए 39 गेंद में 48 नाबाद रनों की शानदार पारी खेली, पूर्वी ने 24 रन नैनी राजपूत ने 21 तथा ऋषिता परिहार ने 22 रनों का योगदान दिया। निकिता सिंह को उनकी नबाद 48 रनों की पारी के लिए रिलायंस प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

दिन का दूसरा मुकाबला शिप्रा वाइकिंग और बेतवा टाइटंस के मध्य हुआ। जिसमें शिप्रा वाइकिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 92 रन बनाए। शिप्रा वाइकिंग की ओर से वंशिका ने सर्वाधिक 21 रन तथा रीना यादव ने 20 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। बेतवा टाइटंस की ओर से पायल ने सर्वाधिक चार विकेट लिए तथा काजल और शिवानी ने एक-एक विकेट चटकाए।

जवाब में 93 रनों के छोटे स्कोर का पीछा करने उतरी बेतवा टाइटंस ने यह स्कोर मात्र 11 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। बेतवा टाइटंस की तरफ से तमन्ना ने सर्वाधिक 36 गेंद पर 43 रनों की पारी खेली तथा कनिष्क ठाकुर ने नाबार्ड 40 रन 27 गेंद की महत्वपूर्ण पारी खेली। पायल वाल्मिक को उनकी गेंदबाजी में महत्वपूर्ण 4 विकेट के लिए रिलायंस प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

# मोनू गोहिल इलेवन ने 6 विकेट से जीता फाइनल, बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर चल रहे भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में 8 फरवरी की शाम फाइनल मुकाबला हुआ। मोनू गोहिल इलेवन और डीसीसी के बीच हुए फाइनल मैच में डीसीसी ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में 64 रन बनाए। मोनू गोहिल इलेवन की टीम ने मोहित झाबा के 34 रन की मदद से 6 विकेट से मैच जीत कर चैंपियन का खिताब हासिल किया। मोहित झाबा को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैन ऑफ द सीरिज मोनू गोहिल इलेवन के सचिन मरोठिया, बेस्ट बेट्समैन दीप्ति सिंह फैन्स क्लब के सलाह को बेस्ट बॉलर डीसीसी के राहुल पाल और बेस्ट फील्डर डीसीसी के सोनू नीलकंठ को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक पीसी शर्मा, संचालक राजीव गांधी कॉलेज साजिद अली, गुडडू चौहान और वरिष्ठ समाज सेवी दिलराज सिंह मौजूद थे।

## भोपाल

**एसटीएफ ने डिंडोरी में की कार्रवाई**

### जेसीबी से खुदवा कर बरामद किया 940 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र एसटीएफ ने डिंडोरी के जंगल में जेसीबी से जमीन खुदवा कर 940 किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में चार सदस्य का गिरोह पकड़ा है, जिसमें तीन नाबालिग शामिल हैं। पता चला है कि पकड़े गए आरोपी जंगली जानवरों की खाल की तस्करी भी करते थे। एसटीएफ के साथ मामले में गिरोह को पकड़ने में टाइगर स्ट्राइक फोर्स भी शामिल थी। गिरोह का सरगना कटनी का रहने वाला है। उसने अपना नाम वकील साहब बताया है। गिरोह ने 940 किलो गांजा डिंडोरी में शाहपुरा की जंगल में गड़ाकर रखा था। आरोपियों के तार महाराष्ट्र से भी जुड़े हैं। इनके कब्जे से धारदार हथियार और बम में भी बरामद हुए हैं। एसटीएफ ने यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की है। इसके पहले एसटीएफ को सूत्रों से इस गिरोह के बारे में इनपुट मिल रहा था।

**जेवर सुधरवाने आई थी महिला**

### ई रिक्शे में सफर के दौरान महिला का मंगलसूत्र और झुमके चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ई रिक्शा में सफर के दौरान महिला के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चंदा साहू पति विजय साहू (32) गांव मुगालिया छाप, परवलिया सड़क इलाके में रहती हैं। गृहणी चंदा साहू गत 8 फरवरी को वह भोपाल अपनी बहन के घर आई थी। बहनों और मां को लेकर वह बाल विहार रोड से ई रिक्शे में सवार हुई। सभी को चौक बाजार कोतवाली जाना था। ई रिक्शे में तीन अन्य महिलाएं भी थी। चौक बाजार उतरने के बाद वे ज्वैलर्स की दुकान पर पहुंची। उन्होंने झोले में रखे मंगलसूत्र और झुमकी वाली डिब्बी देखी तो नहीं मिली। कोतवाली पहुंचने के बाद चंदा साहू ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**रिश्ते में पीड़ित का अंकल है आरोपी**

### नाबालिग से रेप के मामले के आरोपी को 20 साल की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

अवयस्क बच्ची के साथ रेप के आरोप में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कुमुदिनी पटेल ने आरोपी लोकेश धुर्वे को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला ने पैरवी की। आरोपी ने पीड़ित नाबालिग के साथ 31 मई 2022 को शाम 05:30 बजे गलत काम किया था। नाबालिग से पूछने पर बताया कि जब अपने दोस्त के घर में खेल रही थी तो उसके पापा ने हॉल के गेट को लॉक कर उसके साथ गलत काम किया है। पुलिस थाना मिसरोद ने पीड़िता की माता की शिकायत पर भादंवि की धारा -376(क) (ख),377 और पॉक्सो एक्ट की धारा-5 एम/6 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना के उपरान्त अभियोग पत्र जिला न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

**एफपीओ कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन**

### खेती से उद्यमिता तक-एफपीओ के जरिए फूड प्रोसेसिंग में अनेक अवसर

- एफपीओ कॉन्क्लेव से सहकार की भावना मजबूत होगी
- एफपीओ और खाद्य प्रसंस्करण को मजबूत बनाना किसानों की आत्मनिर्भरता की कुंजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'कृषि क्रांतिः एफपीओ कॉन्क्लेव' में राज्य सरकार के मंत्रियों, अधिकारियों, विशेषज्ञों, निर्यातकों, क्रेताओं और तकनीकी प्रदाताओं ने एफपीओ के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य एफपीओ को खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात योग्य उत्पाद तैयार करने में सक्षम बनाना था। कॉन्क्लेव का आयोजन भूमिशा ऑर्गेनिक, डिक्की और सर्च एंड रिसर्च डेवपलमेंट सोयायटी ने किया। सहकारिता, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि 2047 में स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ तक भारत को विकसित बनाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। किसानों को तकनीकी अपनाकर अपनी आय और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सहकारिता को समाज का आधार बताते हुए कहा कि बिना सहकार नहीं उद्धार, बिना संस्कार नहीं सहकार। जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने डिक्की, भूमिशा ऑर्गेनिक और सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसायटी को सहकारिता विभाग के साथ मिलकर कार्य करने की सलाह दी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930